नई दिल्ली
रविवार, 4 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 19
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम** अधि. 36 न्यून. 25

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 किरण को निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला

कोलकाता – राजस्थान
दोपहर 3.30 बजे से

पंजाब – लखनऊ
शाम 7.30 बजे से

## सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव, सीएम नायब ने की बैठक की अध्यक्षता

# जल विवाद पर हुई हरियाणा की सर्वदलीय बैठक, पंजाब अविलंब पानी छोड़े

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा और पंजाब के मध्य चल रहे जल विवाद पर शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के हितों की सुरक्षा के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके पंजाब सरकार से आग्रह किया गया कि बीबीएमबी की तकनीकी समिति के 23 अप्रैल, 2025 के तथा बीबीएमबी बोर्ड के 30 अप्रैल, 2025 के फैसलों को बिना शर्त लागू किया जाए। हरियाणा को मिलने वाले पानी के हिस्से पर लगाई गई अमानवीय, अनुचित, अवैध एवं असंवैधानिक रोक को तुरंत हटाया जाए।

सभी नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार तथ्यों को तोड़मरोड़ कर भ्रामक प्रचार कर रही है। हरियाणा कोई अतिरिक्त पानी की मांग नहीं कर रहा है और न ही पंजाब के हिस्से का पानी मांग रहा है। हरियाणा तो उसे हर साल मिलने वाले पानी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भूपेंद्र हुड्डा, दुष्यंत चौटाला, सुशील गुप्ता और आदित्य देवीलाल भी रहे मौजूद




### पंजाब सरकार ने एसवाईएल न बनाकर सिंचाई के पानी पर डाका डाला, अब पानी रोका: नायब

सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पंजाब की सरकार एसवाईएल न बनाकर सिंचाई के पानी पर डाका डालने के बाद अब हरियाणा के लोगों के पीने के पानी को रोक कर असंवैधानिक काम कर रही है। हरियाणा सरकार के सामने अपने हिस्से का पानी लेने के लिए सभी विकल्प खुले है। और आज ही इस विषय पर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की बैठक होनी है, जिसके बाद हरियाणा अपनी रणनीति तय करेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब ने पानी के मुद्दे पर विधानसभा का सत्र भी बुलाया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पानी के मुद्दे को लेकर हम मुख्यमंत्री सैनी के साथ: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

पत्रकार वार्ता के दौरान उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पंजाब सरकार ने हरियाणा का पानी रोककर असंवैधानिक और अमानवीय काम किया है। हर साल इतना ही पानी हरियाणा को मिलता आ रहा है। पानी का शेयर डैम के लेवल के अनुसार तय किया जाता है। 21 मई से तो डैम के भरने की अवधि शुरू होती है। उन्होंने कहा कि आज डैम में पानी का स्तर लगभग 1555 फुट के आस—पास है। पहले कई बार इससे कम स्तर तक भी पानी गया है। तब भी हरियाणा को उसका पूरा पानी मिला है। डैम का सबसे कम स्तर लगभग 1500 फुट है। हुड्डा ने कहा कि ये जो पानी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ फिर से जमकर गरजे प्रधानमंत्री...


# बोले, आतंकवाद और उसके मददगारों को नहीं छोड़ेगा भारत, उठाएगा निर्णायक कदम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले महीने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद शनिवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ भयंकर गर्जना सुनाई दी। जिसमें उन्होंने स्पष्ट तौर पर आतंकवाद और उसके मददगारों को किसी भी सूरत में न बख्शने का ऐलान करते हुए उनके खिलाफ भारत द्वारा कड़ा और निणार्यक कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है। पीएम की यह टिप्पणी 3 मई को राजधानी के हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए गए संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान सामने आई। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति लौरेंको के साथ बातचीत में दोनों देशों की आपसी सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के अलावा आतंकवाद और जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के मामले पर भी चर्चा की गई।

भारत और अंगोला आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते हैं। मैंने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा के साथ मारे गए 26 निर्दोष लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के साथ ही सीमा-पार आतंकवाद की हमारी लड़ाई में समर्थन देने के लिए उनका आभार जताया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मालूम हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, जापान और खाड़ी समेत दुनिया के कई देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन मिल रहा है। अब इस सूची में अफ्रीकी देश अंगोला भी शामिल हो गया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पीएम मोदी और अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के बीच शनिवार को हुई बैठक में उठा पहलगाम हमले का मामला**



### 38 साल बाद हुई यात्रा, ऐतिहासिक पल

पीएम ने कहा कि 38 साल बाद अंगोला के राष्ट्राध्यक्ष की भारत यात्रा हो रही है। यह एक ऐतिहासिक पल है। जिससे न केवल दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है। बल्कि भारत-अफ्रीकी साझेदारी को भी बल मिल रहा है। दोनों देशों के बीच 1985 में कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे और इस साल संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। लेकिन भारत-अंगोला के संबंध इससे कहीं पुराने व गहरे हैं। हम स्वाधीनता संघर्ष में अंगोला के साथ खड़े थे। राष्ट्रपति लौरेंको 1 से 4 मई तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। जिसके तहत उनकी प्रधानमंत्री के साथ यह अहम बैठक हुई। बैठक की शुरुआत से पहले राष्ट्रपति लौरेंको का राष्ट्रपति भवन में परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। उन्होंने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 200 मिलियन डॉलर की रक्षा ऋण सहायता

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रसन्नता के साथ बताया कि भारत ने अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की रक्षा ऋण सहायता की स्वीकृति प्रदान कर दी है। वार्ता में रक्षा प्लेटफार्म की मरम्मत, ओवरहॉल और सप्लाई पर भी बात हुई है। हम अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के प्रशिक्षण में सहयोग करने के लिए भी तैयार हैं। बीते दस वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में प्रगति हुई है। पिछले अप्रैल महीने में भारत और अफ्रीका के बीच पहला नौसैन्य समुद्री युद्धाभ्यास अकेयम किया गया है।

### इन क्षेत्रों में हुए एमओयू

बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दमू रवि ने कहा कि दोनों देशों के बीच कृषि, सांस्कृतिक सहयोग, आईएसए की सदस्यता और आयुर्वेदिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राष्ट्रपति लौरेंको ने पीएम से कहा कि भारत, यूएन में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने भारत के चिकित्सा कर्मियों को अंगोला भेजने के लिए निवेदन किया है। भारत, अंगोला के बीच कम लागत वाले सैटेलाइट लांच पर भी चर्चा हुई।

### अंगोला के तेल, गैस का बड़ा खरीदार भारत

पीएम ने कहा कि दोनों का आपसी सहयोग घनिष्टता के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझेदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेस तकनीक और क्षमता विकास में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेगा। वार्ता में हमने स्वास्थ्य सेवा, डायमंड प्रोसेसिंग, उर्वरक और जटिल खनिजों के क्षेत्रों में भी अपने संबंधों को मजबूत करने का फैसला लिया है। अंगोला में योग, बॉलीवुड की लोकप्रियता है। जिसे देखते हुए हमने लोगों के मध्य संबंधों को प्रगाढ़ बनाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 100 बिलियन डॉलर पर पहुंचा व्यापार

पिछले एक दशक में अफ्रीकी देशों के साथ हमारे सहयोग ने गति पकड़ी है। आपसी व्यापार 100 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। इस लंबी अवधि में भारत ने अफ्रीका में 17 नए दूतावास खोले हैं। 12 बिलियन डॉलर से अधिक की ऋण सहायता दी है। अफ्रीका के देशों को भारत ने 700 मिलियन डॉलर की सहायता दी गई है। 8 अफ्रीकी देशों में हमने वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्र खोले, 5 देशों के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग कर रहे हैं। आपदा की स्थिति में अफ्रीका के लोगों के साथ भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले, कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले देशों में शुमार रहा है।

## अब विक्ट्री दिवस समारोह के लिए रूस जाएंगे रक्षा राज्य मंत्री

# भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नहीं करेंगे रूस की यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस में 9 मई 2025 को आयोजित किए जाने वाले विक्ट्री दिवस परेड समारोह में शिरकत नहीं करेंगे। उनकी जगह पर अब इस आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच विक्ट्री दिवस समारोह में भाग लेने के लिए रक्षा राज्य मंत्री को रूस भेजने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पहले समारोह के लिए पीएम को जाना था

रूस ने हालांकि विक्ट्री दिवस समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। उनकी तरफ से इसमें शामिल होने की पुष्टि भी कर दी गई थी। लेकिन इस घटनाक्रम के बीच हुए पहलगाम आतंकी हमले की वजह से प्रधानमंत्री ने अपना रूस का दौरा रद्द कर दिया और उनकी जगह पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को समारोह ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जयशंकर की रूस के विदेश मंत्री से हुई बातचीत

# नौसेना प्रमुख त्रिपाठी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव के दौर में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सात लोककल्याण मार्ग स्थित उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की है। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बातचीत की है। सूत्रों ने बताया कि नौसेनाप्रमुख की पीएम से हुई यह मुलाकात एक ओर पाकिस्तान द्वारा शनिवार को किए गए अब्दाली मिसाइल परीक्षण और उससे पहले सशस्त्र सेनाओं को सैन्य कार्यवाही को लेकर दी गई खुली छूट ने निर्देश के हुई है। बताते चलें कि नौसेना किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत, आठ घायल



**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले में तीन वाहनों की भिड़ंत से हुए सड़क हादसे में बच्ची समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना हिंगटिया गांव के पास राज्य राजमार्ग पर उस समय हुई जब जीप और बस में टक्कर हो गई। इस हादसे के बाद एक मोटरसाइकिल जीप से टकरा गई। उमट ने कहा कि मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार थे। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और जिनमें से अधिकतर लोग जीप में सवार थे।

### पुलिस ने ड्रोन से दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा



**बैतूल।** मप्र के बैतूल में पहली बार पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को पकड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया, जो 10 माह से छिपता फिर रहा था। पुलिस ने दो दिन तक ड्रोन का इस्तेमाल करके आरोपी अमित मालवीय (27) की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद उसे पकड़ लिया। हमने दो दिन तक आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया और आरोपी को उस वक्त पकड़ लिया जब वह अपने घर में घुस रहा था।

### अजमेर में रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिक पकड़े



**जयपुर।** राजस्थान में विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अजमेर में अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। अजमेर की जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि शुक्रवार को 2151 संदिग्धों के दस्तावेजों की जांच की गई जिनमें से दरगाह इलाके में चार और सरवाड़ से दो लोगों को पकड़ा गया है।

**नीट यूजी परीक्षा आज**

# देश भर के 566 शहरों में एक ही पाली में होगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए रविवार को देशभर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट यूजी) 2025 का आयोजन करेगी। यह परीक्षा देश में कुल मिलाकर 566 शहरों में आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम के लिए एनटीए



ने 30 अप्रैल को एडमिट कार्ड जारी किए थे। जिन कैंडिडेट्स ने अब तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं किया है वह ऑफिशियल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गोवा शिरगांव में श्री लैराई 'जात्रा' के दौरान मची भगदड़

# सात लोगों की मौत 80 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▶▶ पणजी

उत्तरी गोवा के शिरगांव में शनिवार सुबह एक धार्मिक यात्रा के दौरान मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत और करीब 80 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। हादसा श्री लैराई जात्रा के दौरान हुआ है। इस लौराई यात्रा में हर साल हजारों लोग



शामिल होते हैं। हादसे में घायल हुए लोगों का हाल जानने के लिए सीएम प्रमोद सावंत घटना स्थल पर ▶▶ शेष पेज 5 पर




## आज सुबह 6 बजे खुलेंगे बद्री-विशाल के कपाट

# 40 क्विंटल फूलों से सजा मंदिर

एजेंसी ▶▶ चमोली

गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोलने के बाद अब चौथे शाम बद्रीनाथ के कपाट खुलने की तैयारी है। रविवार सुबह 6 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

इसके बाद उत्तराखंड में चार धाम यात्रा का विधिवत्त शुभारंभ हो जाएगा। कपाट खोलने के दौरान बद्रीनाथ धाम को 40 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। शनिवार सुबह उद्धव, कुबेर, शंकराचार्य और गरुण जी की डोली बद्रीनाथ धाम पहुंची। पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद सुबह 6:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे।



### केदारनाथ यात्रियों के लिए मुफ्त वाईफाई

**देहरादून।** केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों को इस हिमालयी मंदिर और उसके आसपास मुफ्त, हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। सफल परीक्षण के बाद शनिवार को यह सुविधा शुरू की गई। मुख्य विकास अधिकारी जी एस खाती ने बताया कि तीर्थयात्री अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत कराकर और 'वन-टाइम पासवर्ड' सृजित कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। जुलाई 2024 के केदारनाथ 'ट्रैक रूट' आपदा के दौरान, जब अन्य मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से काम करना बंद कर चुके थे, तब यह प्रणाली यात्रियों, मजदूरों और बचाव दलों के लिए जीवन रेखा बन गई। इस नेटवर्क का उपयोग करके फंसे हुए तीर्थयात्री अपने परिवारों से संपर्क कर पाये। इससे राहत और बचाव अभियान में भी मदद मिली।


GLA UNIVERSITY
Recognised by UGC Under Section 2(f) & 12B Status
Accredited with A+ Grade by NAAC
Mathura | Greater Noida

27 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE

THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS

Uttar Pradesh Shines in Asia!
Congratulations to the 5 leading private universities of Uttar Pradesh ranked in the **Times Higher Education Asia University Rankings 2025.**

| University Name | Band/ Rank among Private Universities | | |
|---|---|---|---|
| | Asia | India | U.P. |
| Amity University, Noida | 251-300 | 10 | 1 |
| GLA University, Mathura | 351-400 | 18 | 2 |
| Sharda University, Greater Noida | 401-500 | 22 | 3 |
| Galgotias University, Greater Noida | 501-600 | 27 | 4 |
| Shiv Nadar University, Greater Noida | 601+ | 46 | 5 |

Special applause to faculty members of GLA University for reinforcing our commitment to excellence and innovation.
— *Narayan Das Agrawal, Chancellor, GLA University, Mathura*

ADMISSION OPEN 2025-26

Mathura Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Gr. Noida Campus: 15 A, Knowledge Park - II, Greater Noida - 201310 (U.P.) INDIA

+91-9027068068 | Visit us: www.gla.ac.in
EMPOWER YOUR GROWTH WITH GLA ONLINE | Find details at online.gla.ac.in

## रोहिणी में हुई तीन नए ओपन मल्टी-जिम की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जन स्वास्थ्य और नागरिकों की भलाई को बढ़ावा देने के प्रयासों के अंतर्गत शनिवार को रोहिणी विधानसभा में तीन अत्याधुनिक आउटडोर ओपन मल्टी-जिम की शुरुआत की गई। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को इन जिम का उद्घाटन किया। इन नवनिर्मित फिटनेस केंद्रों में अत्याधुनिक व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं, जिनका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के नागरिकों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इन सुविधाओं से रोहिणी क्षेत्र के नागरिकों को खुले वातावरण में व्यायाम करने का बेहतर अवसर मिलेगा और यह सरकार की स्वस्थ, जागरुक एवं सक्रिय समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल सार्वजनिक पार्कों को समावेशी और स्वास्थ्य-केंद्रित स्थानों में बदलने की व्यापक योजना का हिस्सा है। इस अवसर पर गुप्ता ने बताया कि रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 सार्वजनिक पार्क हैं।

### नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी

# पंजाब के युवकों के लिए फर्जी शेंगेन वीजा का इंतजाम करने वाला एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के 29 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर पंजाब के दो यात्रियों को रोम के रास्ते अवैध रूप से स्वीडन की यात्रा करने के लिए फर्जी शेंगेन वीजा हासिल करने में कथित रूप से मदद करने का आरोप है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभिनेश सक्सेना को दो यात्रियों को जाली पासपोर्ट देने के आरोप में हिरासत में लिया गया है, जिन्हें दोहा के रास्ते रोम जाने वाली उड़ान में सवार होने का प्रयास करते समय हवाई अड्डे पर रोका गया था। शेंगेन वीजा यूरोप के कुछ देशों में अल्पावधि के लिए दिया जाता है।

दोनों यात्री अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से लल्ली नामक एजेंट के संपर्क में आए थे, जिसने उनके यात्रा दस्तावेजों और टिकटों की व्यवस्था के लिए कथित तौर पर 31 लाख रुपये की मांग की थी। उनके निर्देश पर अभिनेश ने दोनों के रवाना होने से पहले दिल्ली के महिपालपुर स्थित एक होटल में फर्जी दस्तावेज पहुंचा दिए। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की पहचान 18 वर्षीय तरनवीर सिंह और 20 वर्षीय गगनदीप सिंह के रूप में हुई है और दोनों पंजाब के होशियारपुर के निवासी हैं। अप्रैल महीने में 21-22 तारीख की मध्य रात्रि को वे आईजीआई हवाई अड्डे पर निकासी के लिए आव्रजन डेस्क पर थे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने कहा कि जांच के दौरान आव्रजन अधिकारियों ने पाया कि उनके भारतीय पासपोर्ट पर लगे शेंगेन वीजा नकली थे। उन्होंने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पासपोर्ट अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि वे रिश्ते के भाई हैं और अपने रिश्तेदारों के पास स्वीडन जाने की कोशिश कर रहे थे। दोनों ने बताया कि उनके रिश्तेदार बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में पहले ही वहां (स्वीडन) चले गए थे।

पंजाब में लल्ली का पता लगाने के लिए कई छापे मारे गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। तकनीकी निगरानी से सक्सेना का पता लगाने में मदद मिली, जिसे दिल्ली में एक ठिकाने से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान सक्सेना ने अपनी संलिप्तता कबूल कर ली और बताया कि वह 2022 से लल्ली के साथ काम कर रहा था। उसने अवैध रूप से विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए फर्जी वीजा और यात्रा दस्तावेजों की व्यवस्था करने की बात स्वीकार की। लल्ली को गिरफ्तार करने और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

## जापानी पार्क में पेड़ से लटका मिला नाबालिग लड़की का शव



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रोहिणी इलाके में जापानी पार्क में शनिवार सुबह एक नाबालिग लड़की का शव पेड़ से लटका मिला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लड़की की उम्र 14 से 16 साल के बीच है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।

पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) अमित गोयल ने कहा, "शव को सुबह करीब पौने सात बजे एक राहगीर द्वारा देखे जाने पर प्रशांत विहार थाने को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो लड़की का शव दुपट्टे से पेड़ से लटका हुआ मिला।" पेड़ के नीचे लड़की की चप्पलें पड़ी मिलीं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसने यह कदम उठाने से पहले उन्हें उतार दिया था। डीसीपी ने बताया कि शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। घटनास्थल की जांच के लिए अपराध शाखा तथा फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में सुरक्षित रख दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि लड़की की पहचान स्थापित करने के प्रयास जारी हैं, इसके लिए लापता लोगों की रिपोर्ट खंगाली जा रही हैं और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरी घटना की तथ्यों के साथ जांच की जा रही है, ताकि वास्तविक कारणों और घटनाक्रम का पता लगाया जा सके।

## मालवीय नगर में घर के अंदर सड़ी-गली अवस्था में मिला शव



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में एक बंद घर के अंदर से 32 वर्षीय एक व्यक्ति का सड़ी-गली अवस्था में शव मिला है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी थी। पुलिस को शुक्रवार को एक महिला का फोन आया, जिसने बताया कि उसका भाई सुभब्रत घोष चौधरी पिछले लगभग एक सप्ताह से लापता है और उसका फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस की एक टीम चौधरी के घर गई, जहां उसका एक चचेरा भाई पहले से ही मौजूद था। एक अधिकारी ने बताया, ₹घर अंदर से बंद था। जब टीम ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर सड़ी-गली अवस्था में सुभब्रत का शव मिला। अधिकारी ने बताया कि शव काफी सड़ चुका था, लेकिन प्रारंभिक जांच में किसी आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 (अप्राकृतिक, संदिग्ध मौतों से संबंधित) के तहत मामला दर्ज किया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## भारत ने पल्मोनोलॉजी में परिवर्तनकारी प्रगति देखी है : जगदीप धनखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी का 27वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन ब्रोंकोकॉन 2025 का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर कहा कि भारत ने पल्मोनोलॉजी में परिवर्तनकारी प्रगति देखी है। आधुनिक इंटरवेंशनल तकनीकों के माध्यम से अब टीबी, लंग कैंसर, सीओपीडी और पोस्ट-इंफेक्शियस लंग डैमेज जैसी जटिल बीमारियों का शीघ्र निदान और प्रभावी उपचार संभव हो पाया है। इन नवाचारों ने हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र को वैश्विक मानकों के समकक्ष ला खड़ा किया है। हालांकि, हमें पर्यावरणीय कारकों, जैसे वायु प्रदूषण, पुराने वाहन और वनों की कटाई के दुष्प्रभाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मानव फेफड़ों के साथ-साथ हमारे शहरों के 'फेफड़ों' की रक्षा करना भी अनिवार्य है। तकनीक, हरित ऊर्जा, अनुसंधान और हमारी परंपराओं से मिली प्राचीन ज्ञान को एकीकृत कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सशक्त भारत बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में भारत और विदेशों से 1000 से अधिक प्रतिभागियों के साथ-साथ 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और 200 से अधिक राष्ट्रीय फैकल्टी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। ब्रोंकोकॉन 2025 के आयोजन अध्यक्ष डॉ. विवेक नांगिया ने कहा कि इस वर्ष का सम्मेलन एक ऐतिहासिक आयोजन रहा। यह केवल तकनीकों और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित नहीं था, बल्कि क्लीनिकल निर्णय, जटिलताओं के प्रबंधन और अंतर्विषयी सहयोग पर भी विशेष बल दिया गया। रोबोटिक ब्रोंकोस्कोपी और क्रायोबायोप्सी जैसी नई तकनीकों के उभरते उपयोग ने यह दिखाया कि पल्मोनरी मेडिसिन कितनी दूर तक पहुंच चुका है और अभी हमें कितना और आगे जाना है।

## चाकू से हमला करने का आरोपी किशोर किया अरेस्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में झगड़े के दौरान एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने बुधवार को झगड़े के दौरान पीड़ित राकेश के पेट के बाएं हिस्से पर चाकू से हमला करके घायल कर दिया था। अधिकारी ने कहा राकेश को पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्नत उपचार के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मयूर विहार पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करके गहन जांच शुरू की गई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पुरानी रंजिश के कारण हमला किया गया।

अधिकारी ने बताया तीखी झड़क के दौरान किशोर ने राकेश के पेट में चाकू मार दिया और भाग गया। अंततः किशोर को बृहस्पतिवार की सुबह त्रिलोकपुरी के 31 ब्लॉक से पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पढ़ाई छोड़ चुका है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

## दूध के दाम बढ़ने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस का लोगों के बीच हस्ताक्षर अभियान कल

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी द्वारा दूध की कीमत में 2 रुपये की वृद्धि के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विरोध करेगी। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि मदर डेयरी के दूध के दाम बढ़ाने के खिलाफ हमारे कार्यकर्ता कल 5 मई को विरोध प्रदर्शन करेंगे और हस्ताक्षर अभियान चलाएगें। यादव ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता सभी मदर डेयरी बूथों पर पहुंचेगें और लोगों से दूध के दाम बढ़ने के विरोध में हस्ताक्षर करवाएंगे। यादव ने बताया कि महंगाई पर अंकुश लगाने में विफल भाजपा के खिलाफ हाल ही में कुछ दिनों पूर्व ही मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ोत्तरी की थी। लेकिन अब एक बार फिर मदर डेयरी ने दूध के दामों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी कर दी है। यह कदम पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीबों पर कुठाराघात से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर अंकुश लगाने में विफल भाजपा के खिलाफ मदर डेयरी द्वारा दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ोत्तरी के विरोध में सभी ब्लाक अध्यक्ष अपने क्षेत्र की मदर डेयरियों पर विरोध प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान चलाएगें। इस विरोध प्रदर्शन के द्वारा जनता को भाजपा के जन विरोधी चेहरे को उजागर किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि इस अभियान में बूथ स्तर के अधिक से अधिक लोगों को शामिल करें और यह सुनिश्चित करें की मंडल और सेक्टरों के अध्यक्ष व उनके अंतर्गत लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो।

## मीडिया जनता की आवाज है, इसकी स्वतंत्रता की रक्षा किसी भी कीमत पर की जानी चाहिएः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

मीडिया जनता की आवाज है और इसकी स्वतंत्रता की रक्षा किसी भी कीमत पर की जानी चाहिए। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक संदेश में कही। उन्होंने पत्रकारों, मीडियाकर्मियों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सभी समर्थकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गुप्ता ने पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जानकारी दी कि अध्यक्ष दीर्घा और प्रेस दीर्घा से कांच की पैनल हटाए गए हैं, जिससे अब पत्रकारों को सदन की कार्यवाही का अवरोध-रहित दृश्य प्राप्त होगा। यह कदम पूर्ववर्ती सरकार के एक निर्णय को पलटता है और प्रेस स्वतंत्रता को सुदृढ़ करता है, साथ ही विधानसभा की खुली शासन प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

अपने संदेश में गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि एक जीवंत लोकतंत्र की नींव जागरूक नागरिकों और उत्तरदायी संस्थाओं पर टिकी होती है। नैतिक पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए गुप्ता ने उन पत्रकारों के साहस और समर्पण की सराहना की, जो कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई सामने लाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि हम उन साहसी पत्रकारों को नमन करते हैं जिन्होंने सत्य की खोज में अपने प्राणों की आहुति तक दी है। पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें बिना किसी भय या पक्षपात के कार्य करने का वातावरण उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। गुप्ता ने पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति सामूहिक संकल्प दोहराने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने कहा कि, आइए, हम सभी प्रेस स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए एकजुट होकर खड़े हों और यह सुनिश्चित करें कि मीडिया लोकतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के रूप में फलता-फूलता रहे।

## दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मिला लावारिस बैग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




■ जांच के लिए भेजे गए बम निरोधक दस्ता व दमकल अधिकारी

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के एक गेट पर शनिवार को एक लावारिस बैग मिला जिसके बाद बम निरोधक दस्ते तथा श्वान दस्तों को मौके पर भेजा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि एक दमकल गाड़ी को भी मौके पर भेजा गया है और अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह सात बजकर 55 मिनट पर सूचना मिली कि स्टेशन के गेट नंबर आठ पर एक लावारिस बैग पड़ा है। अधिकारी ने कहा कि इससे संदेह पैदा हुआ और हमने घटनास्थल पर एक दमकल गाड़ी भेजी।

उन्होंने कहा कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते घटनास्थल पर मौजूद हैं।

## दिल्ली भाजपा ने की 204 नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के संगठन चुनाव प्रभारी महेंद्र नागपाल ने शनिवार को संगठन पर्व के अंतर्गत 204 नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की। महेंद्र नागपाल ने कहा कि भाजपा संगठन निर्माण को पर्व के रूप में मनाती है। पार्टी में संगठन निर्माण की एक स्वस्थ परम्परा है और उसी का पालन करते हुए हमने 35 से 45 वर्ष आयु के सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव में भागीदारी का अवसर दिया और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडल चुनाव अधिकारी बनाया। चुनाव अधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष के सभी मतदाता कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की और उसके आधार पर आज हमने 204 मंडल अध्यक्षों की सूची तैयार कर जारी की है। शेष मंडल अध्यक्षों पर आंतरिक चर्चा के बाद निर्णय बहुत शीघ्र होगा।

## दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव के लिए 42 साल बाद की जा रही नई मतदाता सूचियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (डीएसजीएमसी) के पूर्व सदस्य और दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव मामलों के विशेषज्ञ इंद्र मोहन सिंह ने कहा है कि दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव के लिए लगभग 42 साल बाद नई मतदाता सूचियाँ तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के गुरुद्वारा चुनाव निदेशालय ने आगामी जनवरी 2026 में होने वाले दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव के लिए नई मतदाता सूची तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इंद्र मोहन ने बताया कि मौजूदा मतदाता सूचियाँ लगभग 42 साल पहले वर्ष 1983 में डोर-टू-डोर सर्वेक्षण करके तैयार की गई थीं। इसके बाद वर्ष 1983 में तैयार की गई इन पुरानी मतदाता सूचियों में समय-समय पर थोड़ा संशोधन किया गया। जिसका उपयोग समय की कमी का बहाना बनाकर वर्ष 1995, 2002, 2007, 2013, 2017 और 2021 में हुए चुनावों में किया गया। उन्होंने कहा कि जहां आगामी दिल्ली गुरुद्वारा चुनाव-2026 नई फोटोयुक्त मतदाता सूची के साथ अधिक पारदर्शी और सुचारू तरीके से संपन्न होंगे, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में वास्तविक सिख आबादी का भी पता लगाया जाएगा। दिल्ली की मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराने के लिए आगे आएं और दिल्ली के विभिन्न गुरुद्वारों में स्थित सभी 16 क्षेत्रीय कार्यालयों में इस उद्देश्य के लिए तैनात सरकारी अधिकारी का सहयोग करें।

### बिल को लेकर सैकड़ों पैरेंट्स ने सचिवालय में मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का व्यक्त किया आभार

# दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले किसी भी बच्चे के साथ नाइंसाफी नहीं होने देंगे : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हमारी सरकार दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले किसी भी बच्चे के साथ नाइंसाफी नहीं होने देगी। यदि किसी छात्र और पैरेंट्स को कोई स्कूल फीस संबंधित मामले में प्रताड़ित करता है तो वह सीधे सीएम और शिक्षा मंत्री से शिकायत कर सकते हैं। यह भरोसा शनिवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के अलग-अलग निजी स्कूलों से पहुंचे बच्चों के पेरेंट्स को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिया। दरअसल प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर नकेल कसने के लिए दिल्ली स्कूल एजुकेशन ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस-2025 के रूप में दिल्ली सरकार जो बिल लेकर आई है। उसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद का आभार व्यक्त करने के लिए शनिवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के सैकड़ों अभिभावक पहुंचे। सभी अभिभावकों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का स्वागत किया और कहा कि यह बिल दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्रों उनके पैरेंट्स के लिए ऐतिहासिक कदम है। अभिभावकों ने यह भी कहा कि मात्र दो महीने पुरानी सरकार ने दिल्ली वालों के लिए जो कदम उठाया है वह सराहनीय हैं। जिससे लाखों बच्चों और उनके पैरेंट्स को बहुत बड़ी राहत मिली है। अभिभावकों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 27 सालों से दिल्ली के अभिभावकों के साथ प्राइवेट स्कूल मनमानी फीस बढ़ाकर अन्याय कर रहे थे। निजी स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाते रहे और पिछली सरकारों के पास ऐसा कोई स्पष्ट कानून या दिशा-निर्देश ही नहीं था, जिससे मनमानी फीस पर लगाम लगाई जा सके। सीएम ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से दिल्ली के सभी 1677 निजी स्कूलों की फीस को अब पारदर्शी तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। अब प्राइवेट स्कूलों में फीस तय करने की प्रक्रिया में अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन और अन्य हितधारकों की सहभागिता अनिवार्य होगी।

### फीस बढ़ाने वाले स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा कैंसिल : सूद

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि बिना कमेटी के निर्णय लेकर फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर 1 लाख रुपए से 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है और उनका रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल हो सकता है। सूद ने कहा कि पिछली सरकारों ने कैसे निजी स्कूलों पर फीस बढ़ाने को लेकर कार्रवाई करने का ढोंग किया और अंडर द टेबल स्कूल मैनेजमेंट से सौदेबाजी होती रही।

### अब निजी स्कूल मनमाने तरीके से नहीं बढ़ा सकेंगे फीस : अभिभावक

संवाद कार्यक्रम में कई अभिभावकों ने कहा कि सरकार का यह कदम पारदर्शिता की ओर बढ़ाई हुई एक शानदार पहल है। अब निजी स्कूल मनमाने तरीके से फीस नहीं बढ़ा पाएंगे। अब निजी स्कूलों को पैरेंट्स को बताना पड़ेगा कि वह किस लिए फीस बढ़ा रहे हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय उर्फ सन्नी पुत्र** राम धन, **निवासी** सी–9/441, सुल्तानपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 896/2018, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय उर्फ सन्नी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय उर्फ सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 896/2018, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अजय उर्फ सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
उत्तर–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5602/OD/2025
(Court Matter)

सीएम ने मुनिरका से 'वय वंदना योजना' के कार्ड रजिस्ट्रेशन के लिए शुरू की मोबाइल रजिस्ट्रेशन वैन

# मोबाइल वैनों से 'आन दा स्पॉट' होगा 'वय वंदना योजना' का रजिस्ट्रेशन : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अब 'वय वंदना योजना' का पंजीकरण ऑन दा स्पॉट होगा। इसके लिए शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुनिरका से मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रजिस्ट्रेशन कैंपेन की शुरुआत की। यह अभियान दिल्ली के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंजीकरण हेतु शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये वैन 'वय वंदना योजना' में पंजीकरण कराने और कार्ड बनवाने के लिए दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगी। ये वैन दिल्ली की 70 विधानसभाओं में जाकर ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन करेंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड'प्राप्त करने के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिकों को केवल आधार कार्ड और दिल्ली का निवासी होने का प्रमाण देना होगा। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक अनिल शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वय वंदना योजना' प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। इसी विजन को आगे बढ़ाते हुए आज हमारी सरकार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'वय वंदना योजना' के तहत मोबाइल वैन के माध्यम से कार्ड बनाने की शुरुआत कर रही है।



### केवल पांच दिनों में 28 हजार बुजुर्गों का हो चुका है रजिस्ट्रेशन

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि यह योजना शुरू हुए अभी केवल 5 दिन ही हुए हैं और अब तक 28,000 बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। यह तो सिर्फ शुरुआत है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहे, इसके लिए यह वैन दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में जाकर, चौक-चौराहों, आरडब्ल्यूए परिसरों और वरिष्ठ नागरिक संगठनों के पास रुककर एक-एक पात्र बुजुर्ग का पंजीकरण करती रहेंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज से शुरू होने जा रही यह पहल कई मायनों में ऐतिहासिक है। सरकार के 70 दिन पूरे होने पर, 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए, 70 वैन दिल्ली की 70 विधानसभाओं में सेवा देंगी। ये वैन हर इलाके में जाकर ऑन-द-स्पॉट कार्ड रजिस्ट्रेशन करेंगी। साथ ही 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' को दिल्ली के 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक केवल आधार कार्ड और दिल्ली का निवासी होने का प्रमाण से ही प्राप्त कर सकते है । सीएम ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 'वय वंदना योजना' के तहत आयुष्मान भारत में मिलने वाली 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य सुरक्षा में 5 लाख रुपए और जोड़कर दिल्ली के 70 साल और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10 लाख तक का कैशलेस इलाज सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब किसी को अस्पताल में एडमिट होने से पहले किसी प्रकार का पैसा जमा नहीं कराना पड़ेगा। बस अपना आयुष्मान कार्ड लेकर जाइए और इलाज शुरू कराइए। 10 लाख रुपए तक का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

# दिल्ली मेट्रो ने मनाया अपना 31वां स्थापना दिवस, केंद्रीय मंत्री, सीएम ने सराही कार्यशैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने आज शनिवार को भारत मंडपम नई दिल्ली में अपना 31वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्रीय आवास और शहरी मामले तथा बिजली मंत्री मनोहर लाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सचिव आवास और शहरी मामले मंत्रालय तथा डीएमआरसी के अध्यक्ष कटिकिथला श्रीनिवास, दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व सीएम रेखा गुप्ता ने डीएमआरसी की कार्यशैली की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान डीएमआरसी में अनुकरणीय योगदान के लिए व्यक्तियों और टीमों को वार्षिक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सम्मान पाने वालों में वरिष्ठ स्टेशन नियंत्रक, ट्रेन ऑपरेटर सुश्री प्रीति को मेट्रो वूमन ऑफ द ईयर सम्मान दिया गया। जबकि वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक/लाइन सुपरवाइजर सुरेश पवार को मेट्रो मैन ऑफ द ईयर पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं करोल बाग मेट्रो स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। जबकि सर्वश्रेष्ठ मेट्रो डिपो के रूप में कालिंदी कुंज डिपो को चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ ग्राहक संबंध सहायक अंजलि को राजभाषा पुरस्कार मिला।

वहीं डीएमआरसी कर्मचारियों के बीच टीम भावना और बंधन को बढ़ावा देने वाली अपनी साल भर की गतिविधियों के लिए मेट्रो एडवेंचर क्लब (एमएसी) टीम को एक विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली मेट्रो की उपलब्धियों की सराहना की और कहा दिल्ली मेट्रो में यात्रियों की सबसे अधिक संख्या 78 लाख है। कई देशों की आबादी 78 लाख नहीं है और इतने लोग एक दिन में दिल्ली मेट्रो से यात्रा करते हैं। यात्रा सुविधाजनक, सुरक्षित और अनुशासित है। यात्रियों के लिए जीवन बहुत आसान हो गया है।

# इंद्राज ने बवाना स्थित शाहबाद डेयरी में नाले के नवनिर्माण कार्य का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने शनिवार को बवाना स्थित शाहबाद डेयरी क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा किये जा रहे नाले के नवनिर्माण कार्य का स्थानीय निवासियों के साथ शुभारंभ किया।

समाज कल्याण मंत्री ने इस दौरान नये नाले के निर्माण, पुराने नाले की सफाई और झुग्गी क्षेत्र के लिए समन्वय बनाकर एक पार्क के निर्माण के निर्देश दिए। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि शाहबाद डेयरी क्षेत्र के ब्लॉक ई में नाले के निर्माण से जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और स्वच्छता की स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। अधिकारियों ने कहा कि करीब 350 मीटर लंबी ड्रेन की इस परियोजना को छह माह की तय अवधि में पूरा किया जाना है। वहीं मंत्री इंद्राज डूसिब के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिले। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान लेकर आएगा और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

# दूसरे दिन भी राजधानी में मौसम रहा सुहाना, हुई हल्की बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लगातार दूसरे दिन शनिवार को दिल्ली में मौसम सुहाना बना रहा, हालांकि पारे में पांच डिग्री की बढ़त जरूर दर्ज हुई लेकिन मौसम सुहाना रहा। सुबह के समय तेज हवाओं के साथ कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दूसरे दिन ऑरेंज अलर्ट के अनुरूप बारिश देखने को नहीं मिली। आईएमडी ने बताया कि शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में कुल जीरो आठ मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक कहीं भी आंकड़े दर्ज करने लायक बारिश देखने को नहीं मिली। जबकि देर रात खबर लिखे जाने तक भी दिल्ली में कहीं अच्छी बारिश देखने को नहीं मिली। आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार को हुई भारी बारिश का असर दूसरे दिन शनिवार को भी पारे पर देखने को मिली। दिल्ली में अधिकतम तापमान बढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, बावजूद इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, यह भी इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम है। यानी शुक्रवार की बारिश के दूसरे दिन भी तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज होने से लोगों भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। आईएमडी ने ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए कहा है कि वीकेंड रविवार को भी अच्छी बारिश की संभावना के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी किया गया है। संभावना है कि दिल्ली में हवाएं 30-40 किमी की गति से चल सकती है और आसमान पर बादल छाए रह सकते है। इसके अलावा आईएमडी ने सोमवार, मंगलवार, बुधवार व गुरुवार को लेकर संभावना व्यक्त करते हुए ग्रीन अलर्ट जारी किया है। यानी तेज हवाएं चलने की संभावना तो है लेकिन तेज या मध्यम बारिश के लिए मौसम अनुकूल नहीं होगा। पारे में भी गिरावट देखने को मिलेगी, यानी भीषण गर्मी से अभी भी राहत बनी दिखाई दे रही है। अगर आईएमडी की भविष्यवाणी सही साबित होती है तो अगले पांच दिनों तक दिल्ली में लू की कहीं कोई गुंजाइश नहीं है, जबकि मौसम सुहाना बना रह सकता है।

### कांग्रेस ब्लाक कमेटी की बैठकों में सर्वसम्मति से खड़गे और राहुल का लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने की बात कहने के बाद कांग्रेस पार्टी में सबसे ज्यादा खुशी देखी जा रही है। इस मुद्दे पर कांग्रेस भी जमकर खेलने के मूड में नजर आ रही है। यही कारण है कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में जातिगत जनगणना को लेकर दिल्ली में माहौल बनाया जाने लगा है। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने बताया सभी 258 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठकों में केन्द्र सरकार द्वारा जाति जनगणना के फैंसले को लेकर सर्वसम्मति से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का धन्यवाद का प्रस्ताव पास किया गया। बैठकों में खड़गे और सामाजिक न्याय के योद्धा, जननायक राहुल गांधी के द्वारा दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, आदिवासी व अन्य वर्गों की सामाजिक न्याय की लड़ाई के अंतर्गत जातिगत जनगणना कराने की लगातार मांग उठाए जाने के दबाव में केन्द्र सरकार जातिगत जनगणना को तैयार हुई है। यादव ने बताया कि प्रत्येक ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठकों में ब्लाक अध्यक्ष सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिला अध्यक्ष, लोकसभा आब्र्जवर, पूर्व विधायक, जिला आब्र्जवर, क्षेत्रीय कार्यकर्ता, अग्रिम संगठन, सेल एवं विभाग के चेयरमैन, पदाधिकारी आदि शामिल हुए। यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थानीय लोगों से मिलकर उन्हें कांग्रेस की विचारधारा और हमारे नेता राहुल गांधी की सामाजिक उत्थान, दलितों, वंचितों, पिछड़ों के अधिकारों की जो लड़ाई लड़ रहे है उसके संदेश पहुंचाकर उन्हें संगठन से जोड़ने की मुहिम चलाएं। उन्होंने ब्लाक अध्यक्षों को साफ कहा कि संगठन मजबूती के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत दो मंडल और 4 से 6 बूथों पर सेक्टरों के सृजन की कार्यवाही जल्द से जल्द पूरी करें।




दिल्ली का कोई भी इलाका जलभराव का नहीं करेगा सामना

# पीडब्ल्यूडी मंत्री की अधिकारियों को चेतावनी, 30 मई तक करें सभी नालों की सफाई



- पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सांसद बांसुरी स्वराज के साथ किया गोल्फ लिंक क्षेत्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को हुई जोरदार बरसात से कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनने के एक दिन बाद शनिवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गोल्फ लिंक क्षेत्र का दौरा कर यहां चल रहे नाले, सीवर लाइन और सम्प-वेल निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं। इस दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अंतर्गत आने वाले सभी आवश्यक वर्क ऑर्डर जारी किए जा चुके हैं और सभी कार्य 30 मई तक पूरे कर लिए जाएंगे, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि यहां तीन नए सम्प-वेल बनाए जा रहे हैं जहां पंप पहले ही लगाए जा चुके हैं ताकि बारिश का पानी सीधे ड्रेनों में डाला जा सके। इसके अलावा पिछले 10 दिनों से 'सुपर सकर' मशीन के माध्यम से गहन सफाई कार्य भी किया जा रहा है। यह सारा कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि दिल्ली के सभी नालों की सफाई 30 मई तक पूरी हो जाए। शुक्रवार की बारिश हमारे लिए चेतावनी थी, इसलिए पीडब्ल्यूडी व जल बोर्ड के सभी अधिकारी दफ्तरों में नहीं बल्कि सड़कों पर हैं, निरीक्षण कर रहे हैं, मशीनों का संचालन देख रहे हैं जिससे समय से पहले कार्य पूरा हो। इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने बीके दत्त कॉलोनी में सड़क, पाइपलाइन और पेड़ों से जुड़ी समस्याओं का निरीक्षण किया और वहां की आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर जमीनी समस्याओं को हल करने का भरोसा दिलाया।

### 21 दिन में पूरी दिल्ली होनी चाहिए साफ : प्रवेश

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शनिवार को विभाग के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि अब सिर्फ काम होगा, बहाने नहीं चलेंगे। पूरी दिल्ली 21 दिन में साफ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पैसे की बर्बादी हम नहीं करेंगे। हर टेंडर जनरल होना चाहिए। जो भी काम हो, वो क्वालिटी का हो, सही रेट पर हो, और समय पर हो। अब सिर्फ जेई या एई पर एक्शन नहीं होगा। अगर चीफ इंजीनियर तक को सस्पेंड करना पड़े, तो किया जाएगा। जो भी काम में लापरवाही करेगा, वह बचेगा नहीं, चाहे वह नीचे हो या ऊपर। अब फ्लाईओवर के नीचे अंधेरा, नशा और गंदगी सहन नहीं की जाएगी। इस बैठक में प्रिंसिपल सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी अणबरसु, स्पेशल सेक्रेटरी रुचिका कत्याल, इंजीनियर-इन-चीफ नईमुद्दीन, और मुख्य अभियंता से लेकर जूनियर इंजीनियर स्तर तक के अधिकारी सचिवालय में आयोजित इस विस्तृत चर्चा में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वाहन टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के सेक्टर-4 में रहने वाले जोगिंद्र ने कहा कि उनका 18 वर्षीया भतीजा मानव स्कूटी पर सवार होकर सेक्टर-4 वैश्य धर्मशाला रोड से होता हुआ घर की ओर आ रहा था।

### ठगी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में साईबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी को काबू किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में गावं जवां निवासी ने एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास ठगों का मैसेज आया, मैसेज में एक विडियो का लिंक था, जिसमें प्रोडेक्ट की प्राइजिंग करके पैसे कमाने के बारे में बताया गया था। शिकायतकर्ता ने लालच में आकर काम करने के हां कर दिया।

### 7 साल से फरार चल रहे आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** एटीएम कार्ड फ्रॉड करने के मामले में 7 साल से फरार चल रहे 5000 रुपए के ईनामी आरोपी को क्राईम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दिसंबर 2018 में पुलिस थाना सेक्टर 58 में लक्ष्मण निवासी गांव करनेरा ने दी अपनी शिकायत मे आरोप लगाया कि वह 9 दिसंबर 2018 को राजीव कॉलोनी स्थित एटीएम कार्ड पर पैसे निकलवाने आया था, उसका कार्ड लेकर कहा कि वह पैसे निकालने में मदद करता है।

# हृदय और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा दूर करता है रक्तदानः बोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रक्तदान जितना फायदा उस जरूरतमंद को देता है, उससे कहीं ज्यादा फायदा रक्तदान करने वाले को मिलता है। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूपुर में आयोजित तीसरे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से जहां मोटापा कम होता है, वहीं हृदय और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा दूर होता है। सिर्फ मदद ही नहीं, बल्कि मानसिक सुकून के लिए भी अच्छा है रक्तदान।

**खास बातें**

- रक्तदान से मोटापा कम होता है
- ब्लड बैंक टीम का स्वागत किया गया
- विद्यालय प्रांगण में बरगद का पेड़ भी लगाया

## रक्तदान एक नेक कार्य, इसे जारी रखें



कैप्टन इंदु बोकन ने उपस्थित लोगों से जीते जी अपने जीवन में रक्तदान करने का आह्वान किया और समस्त नाथूपुर स्टाफ विशेषकर कंप्यूटर साइंस की प्रवक्ता ज्योति चहल की इस कार्य के लिए सराहना की। वहीं आई एम ए रियल हीरो सेल्फी पॉइंट के लिए आर्ट शिक्षिका पूनम यादव की तारीफ की। लगातार तीसरी बार नाथूपुर स्कूल के ब्लड डोनेशन कैंप में पहुंची बोकन मैडम ने कहा कि यह एक नेक कार्य है, इसे जारी रखें। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का परिवेश ऐसा है कि यहां काफी कुछ करवाया जा सकता है। जब भी समय मिले, नाथूपुर के होमलेस चाइल्ड होम पर भी ध्यान दें। रक्तदान उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय प्रांगण में बरगद का पेड़ भी लगाया। विद्यालय से ही सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण नगर निगम पार्षद सुंदर सिंह ने कहा कि विद्यालय की बेहतरी एवं समाज सेवा के लिए कार्य करते रहेंगे। हिंदी के प्रवक्ता अनिल कुमार सनसनवाल ने डीईओ मैडम, नगर निगम पार्षद सुंदर सिंह, गंगोला प्रिंसिपल बॉबी गौड़, उपस्थित डोनर एवं ब्लड बैंक टीम का विद्यालय में पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया।

## लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया

ब्लड बैंक गुरुग्राम की टीम द्वारा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र सिंह के अनुरोध पर उपायुक्त अजय कुमार के दिशा-निर्देशन एवं कार्यवाहक प्राचार्या कृष्णा कुमारी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। तीसरे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कृष्णा मैडम, बबीता रानी, ज्योति चहल, अनिल कुमार सनसनवाल, राजेंद्र सिंह, सत्यवीर यादव, डॉ. शिखा शर्मा, अनीता मैडम, सीमा यादव, पूनम यादव, पूनम पटौदी गर्ल्स, ज्योति गुलिया, विजेंद्र अहलावत बंढवाड़ी, प्रवीण, सुधीर, तरुण, सांगवान सर, सचिन, सचित, अंकित, अशोक, जोगेंद्र, पवन, रोहित, अनिल, ललित, बबली सहित अनेकों शिक्षकों, ग्रामवासियों एवं एनएसएस वॉलंटियर्स ने रक्तदान करते हुए उपस्थित सभी को रक्तदान के लिए जागरूक किया।

## मंत्री ने पत्रकारों को पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी

# राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को और बेहतरी से निभाए मीडियाः मंत्री ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

एनसीआर मीडिया क्लब की ओर से शनिवार को यहां सेक्टर-14 राजकीय महाविद्यालय में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे-2025 अभिव्यक्ति का उत्सव समारोह आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पत्रकारों को इस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जनहित में पत्रकारिता करने के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरुग्राम-एनसीआर के पत्रकारों के साथ-साथ समाजहित में काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप डबास और महासचिव नवीन धमीजा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया।

**खास बातें**

- पत्रकारों के साथ-साथ समाजहित में काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया
- पत्रकार समाज को अपनी कलम से जागृत करने का काम करता है
- सरकार और पत्रकारों के मन की बातें भी सांझा हों।

### पत्रकार के कटाक्ष में भी समाज हित की बात होती है



वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप डबास ने कहा कि एक पत्रकार की कलम हर तरह से समाज और सरकार को सही दिशा दिखाने का काम करती है। पत्रकार के कटाक्ष में भी समाज के हित की बात होती है। इन्हें किसी भी तरह से नकारात्मक नहीं समझा जाना चाहिए। महासचिव नवीन धमीजा ने प्रेस की फ्रीडम पर कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में हरियाणा में पत्रकारों और पत्रकारिता की स्थिति काफी बेहतर है। हमारे यहां पत्रकारिता का बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन होने चाहिए, ताकि सरकार और पत्रकारों के मन की बातें भी सांझा हों।

### मीडिया ने सदा राष्ट्र के हित में अपनी महती भूमिका अदा की

अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि मीडिया राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को और बेहतरी व मजबूती से निभाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि मीडिया ने सदा राष्ट्र के हित में अपनी महती भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि गलत को गलत पेश तो किया जा सकता है, लेकिन उस गलत में सही क्या है, उसे भी प्रस्तुत करके पत्रकार समाज को नई दिशा देने का काम कर सकते हैं। हमारा राष्ट्र हमें सदा गौरवान्वित करता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारी भारतीय संस्कृति ही है, जहां पर हमारे धार्मिक आयोजनों में धर्म की जय हो-अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो...जैसे वक्तव्यों से अपनी भावना को प्रदर्शित किया जाता है। धर्म की जय का मतलब किसी एक धर्म विशेष से नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति को लेकर है कि हम सबकी बेहतरी की सोच रखते हैं।

### इस अवसर पर कई पत्रकार उपस्थित रहे

कार्यक्रम में कैप्टन भूपेंद्र, अल्पना सुहासिनी, अमित आर्य, धर्मपाल धनखड़, आलोक भदौरिया, शिवाजी सरकार, अमरेंद्र राय, करनजोत सिंह, शिव सरसा, अनिल आर्य, राकेश बेनीवाल, संजना सातरोड, शशि धारीवाल, राजबाला चहल, संजय मेहरा, ईश्वर प्रकाश शर्मा, निखिल सहराय, अभिषेक अग्रवाल, महेश शर्मा, धर्मेंद्र कौशिक, पवन सेठी, विकास चौधरी, एसके आहूजा, अशोक कौशिक, शशि धारीवाल, विनोद पहिलाजानी और अशोक धारीवाल समेत गुरुग्राम, फरीदाबाद, दिल्ली व नोएडा समेत एनसीआर के सेंकड़ों पत्रकार उपस्थित थे।

### मीडिया द्वारा प्रसारित की गई बात पूरी दुनिया में जाती है

पत्रकारिता को लेकर उन्होंने आगे कहा कि एक पत्रकार समाज को अपनी कलम से जागृत करने का काम करता है। उसके द्वारा लिखा गया एक-एक शब्द समाज को राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि किसी कार्यक्रम में कही गई बात तो कुछ क्षेत्र में जाकर खत्म हो सकती है, लेकिन मीडिया द्वारा प्रसारित की गई वह बात पूरी दुनिया में जाती है। इसलिए एक पत्रकार कुछ भी लिखता है तो उसे लिखने से पहले यह जरूर मंथन करना चाहिए कि उनके लेख से समाज पर क्या असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश, देश में अनेक पत्रकार ऐसे हुए हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज को नई दिशा देने का काम किया है। क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री समेत सभी अतिथियों व पत्रकारों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब समाज को बेहतर दिशा देने की सोच के साथ ही काम करने के पक्षधर हैं। हमारी सोच और विचारों में कभी कोई अंतर नजर नहीं आएगा। उन्होंने कहा पत्रकारिता एक मिशन है।

## प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

# शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जन-जन को प्लास्टिक बहिष्कार के लिए जागरुक कर रहा है, लगातार पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में शहर को प्लास्टिक मुक्त करने की तैयारी जन जागरूकता के माध्यम से की जा रही है, स्वास्थ्य विभाग तथा प्रवर्तन दल संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहा है जिसमें सभी जोन के अंतर्गत जोनल प्रभारी के साथ मिलकर रोस्टर के क्रम में कई महा अभियान भी चलाई जा चुके हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम शहर को पॉलिथीन व प्लास्टिक मुक्त बनाने में उत्तर प्रदेश में नंबर वन है। पिछले वर्ष में गाजियाबाद तृतीय स्थान पर था किंतु अबकी बार कड़ी मेहनत की उपरांत गाजियाबाद नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लगभग 85 लाख की वसूली पॉलिथीन मुक्त अभियान के अंतर्गत की गई है। उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर वाराणसी जिसके द्वारा लगभग 45 लाख की वसूली की गई तीसरे स्थान पर लखनऊ नगर निगम है। जिसके द्वारा लगभग 40 लाख की वसूली की गई है।

कर्नल दीपक शरण प्रवर्तन दल प्रभारी की देख रेख में प्लास्टिक मुक्त अभियान लगातार जोरों से चल रहा है आगे भी शहर हित में बेहतर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है।

17 नगर निकायों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाने में गाजियाबाद नगर निगम प्रथम स्थान पर है । नगर आयुक्त ने बताया गया कि शहर में लगातार जहां विकास कार्य हो रहे हैं वहीं जलप्रतिनिधियों की विशेष सहयोग से कई अभियान में भी सफलता मिल रही है जन-जन के द्वारा प्रतिबंध प्लास्टिक का बहिष्कार किया जा रहा है।

# चोरों ने 18 लाख रुपए व जेवरात पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-10 एरिया में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर 18 लाख की नगदी व लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। वारदात के दौरान पति की तीमारदारी में लगी महिला अपने बच्चों के साथ नीचे वाली फ्लोर पर सोई हुई थी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने केस दर्ज लिया और मामले में फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को बुलाया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-10 में रहने वाली सरोज ने कहा कि उनके पति का खुद का कारोबार है। बीती पांच मार्च को उनके पति की कुल्हे की हड्डी टूटने के चलते ऑपरेशन हुआ था। जिसके चलते सरोज अपने पति व बच्चों के साथ नीचे वाली फ्लोर पर ही सोती है। आरोप है कि बीती एक मई की रात करीब दस बजे सरोज ऊपर की फ्लोर का लॉक करके नीचे सोने के लिए आ गई। सुबह करीब साढ़े चार बजे सरोज जागकर उठी।

बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार करने व खाना बनाने के लिए ऊपर गई तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। चोर वहां से लाखों के सोने व चांदी के जेवरात, लेबर की पेमेंट करने के लिए घर में रखे 18 लाख रुपए व अन्य सामान व दस्तावेज समेटकर ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करने के बाद केस दर्ज कर लिया।

सीएम के आगमन को लेकर निगम प्रशासन की तैयारियां पूरी

# ननि के सफाई कर्मचारियों का मंडी की गंदगी को दूर करने का अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आज (4 मई) को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एनआईटी स्थित डबुआ मंडी फरीदाबाद आ रहे हैं। जिसके लिए निगम प्रशासन ने अपनी तरफ से की जा रही तैयारियां लगभग पूरी कर दी हैं। बता दें कि दो दिन से अचानक हुई बेमौसमी बरसात ने सफाई व्यवस्था को खराब किया था लेकिन निगम प्रशासन इस बरसात के दौरान भी सफाई अभियान में लगा रहा। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के आदेश पर सफाई कर्मचारियों ने पूरे संसाधनों से सफाई अभियान चलाया और आज लगभग सफाई का कार्य पूरा हो गया।

निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल के नेतृत्व कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, एसडीओ सुरेंद्र हुड्डा, एसडीओ अमित चौधरी, एसडीओ खेमचंद, सफाई निरीक्षक बिशन तेवतिया की देखरेख में सफाई अभियान चलाया गया जिसमे सीएंडडी वेस्ट, आसपास के सभी नाले की सफाई और अतिक्रमण को हटवाकर व्यवस्था दुरुस्त की गई।



### अधिकारियों ने रैली स्थल का निरीक्षण किया

गौरतलब है कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में यह जन आभार रैली आयोजित की जा रही है। एनआईटी से विधायक सतीश फागना और नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने वीरवार को अधिकारियों के साथ रैली स्थल का निरीक्षण किया था और सफाई के निर्देश दिए थे। उसके बाद से सब्जी मंडी की सफाई शुरू कर दी गई थी। सब्जी मंडी में आसपास के इलाके को भी साफ किया गया है। नगर निगम द्वारा हैलीपैड के स्थल के अलावा उसके आसपास भी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

## बैरक व थाने पर लगे समस्त सीसीटीवी कैमरों को भी जांचा

# अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रियदर्शी ने किया तीन थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अपराध एवं कानून-व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी लगातार एक्टिव मोड में दिख रहे हैं। लोनी चार थानों के निरीक्षण के बाद शुक्रवार को उन्होंने ट्रांस हिंडन जोन के थाना साहिबाबाद तथा नगर जोन के थाना कविनगर व थाना सिहानीगेट का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इन थानों में प्रियदर्शी ने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना,बैरक व थाने पर लगे समस्त सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया तथा बीट पुलिस ऑफिसर (बीपीओ) प्रणाली के सम्बन्ध में अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि नई बीपीओ प्रणाली लागू होने से न केवल पुलिस व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

आम जनता में पुलिस के इकबाल को बुलंद रखने के सहयोग मिलेगा। व्यवस्था जनता और पुलिस के बीच संपर्क, विश्वास और जवाबदेही को मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि बीट प्रणाली के अंतर्गत किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र (बीट) की जिम्मेदारी एक पुलिस अधिकारी या टीम को दी जाती है। इसका उद्देश्य नियमित गश्त, स्थानीय लोगों से संवाद और क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। यह प्रणाली सामुदायिक पुलिसिंग की नींव मानी जाती है।

## मंत्री गुर्जर ने सीवरेज और पानी की लाइन डालने के काम का शुभारंभ किया

# प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों परः मंत्री कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज शनिवार को सेहतपुर पल्ला में सीवरेज और पीने के पानी की लाइन डालने के कार्य का स्थानीय लोगों के हाथों से नारियल फुड़वाकर शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में फरीदाबाद नगर निगम की मेयर प्रवीण जोशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि शनिवार को पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पीने के पानी की पाइपलाइन डालने के दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों पर सरकार द्वारा कुल लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सीवर लाइन बिछाने पर लगभग 3 करोड़ 14 लाख रुपए तथा पीने के पानी की लाइन डालने पर लगभग 2 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत आएगी। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो और हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिचित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्दर्शन में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### आमजन तक विकास की वास्तविक पहुंच सुनिश्चत करना जरूरी



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। दोनों ही नेताओं का लक्ष्य सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार करते हुए आम जन तक विकास की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करना है। चाहे वह बुनियादी ढांचे का विस्तार हो, स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हर क्षेत्र में तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाने का संकल्प लिया है। पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन जैसी परियोजनाएं इसी नीति का प्रमाण हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सरकार आम जनता की प्राथमिक आवश्यकताओं के प्रति कितनी संवेदनशील और जिम्मेदार है। इन कार्यों से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि उनका जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। यह समर्पण और कार्यशैली ही है, जिससे आज भारत और हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं ।

### निर्माणाधीन इमारत से वायर चोरी

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 एरिया से निर्माणाधीन इमारत से हजारों रुपए कीमत के बिजली तार चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के एसआर मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में इलूमीनार इंजीनियरिंग सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के एचआर मैनेजर गुरुप्रसाद ने बताया कि एंबियंस मॉल के पास उनकी कंपनी डीएलएफ की डाउन टाउन इमारत की साइट पर बिजली फिटिंग का काम कर रही है। उनकी साइट से परवेज आलम, सुमन सहित अन्य लोगों ने बिजली की तार चोरी की है। जांच अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर निरीक्षण किया गया है। वहां पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे। शिकायत में नामजद युवकों से पूछताछ की जाएगी, ताकि बिजली तार चोरी होने के बारे पूरी जानकारी मिल सके।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहम्मद अकील @मोहम्मद आकिल @अरोंगजाब @होरन,** पुत्र मोहम्मद कादिर, निवासी- 6446, गली ईश्वरी प्रसाद, बारा हिंदू राव, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 604/14 धारा 380/457/411 भा.द.स, थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अकील @मोहम्मद आकिल @अरोंगजाब @होरन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अकील @मोहम्मद आकिल @अरोंगजाब @होरन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अकील @मोहम्मद आकिल @अरोंगजाब @होरन, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 604/14 धारा 380/457/411 भा.द.स, थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 06.06.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री नीतू शर्मा**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-01
मध्य जिला, कमरा नं. 366, तीसरी मंजिल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/5547/CD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी ललित कुमार उर्फ जाट, पुत्रः** जय प्रकाश, **पताः** मकान नं. 564, गली नं. 3, तीसरा पुश्ता, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली **FIR No. 386/2020, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ललित कुमार उर्फ जाट,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ललित कुमार उर्फ जाट,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **ललित कुमार उर्फ जाट, FIR No. 386/2020, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.06.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी– 08, (केन्द्रीय)**
**केन्द्रीय जिला कमरा नं. 272**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5469/N/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### घूसखोर राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में एक और घूसखोर पदाधिकारी रंगे हाथों घूस लेते हुए पकड़ा गया है। वह एक ग्रामीण से दाखिल-खारिज यानी म्यूटेशन के नाम पर घूस की मांग कर रहा था। काम करने के नाम पर सात हजार रुपए की मांग किया था, जिसके बाद वादी ने उक्त राजस्व कर्मचारी के खिलाफ निगरानी थाना पटना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाया।

### रांचीः कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 6 मई को

**रांची।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है।



झारखंड की राजधानी रांची में भी संविधान बचाओ रैली का आयोजन आगामी 6 मई को किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे, कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को बदलने की कोशिश भाजपा करती है। यह अनुचित है।

### स्कूल को बम से उड़ाने की साजिश, आरोपी गिरफ्तार

**जमुई।** जमुई जिले में बरहट थाना क्षेत्र के स्कूल को बम से उड़ाने की साजिश समेत कई संगीन मामले में



फरार चल रहे दो नक्सलियों को बरहट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों नक्सलियों की पहचान हरि यादव और नरेश यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के संबंध में एसपी मदन आनंद ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी।

# अयोध्या राम मंदिर से हिरासत में ली संदिग्ध मुस्लिम महिला, पुलिसकर्मियों से उलझी

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों और भी कड़ी कर दी गई है, उस समय हलचल मच गई, जब एक संदिग्ध मुस्लिम महिला को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। यह महिला महाराष्ट्र की रहने वाली बताई जा रही है और उसका नाम इरिम बताया गया है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात जवानों ने महाराष्ट्र निवासी एक मुस्लिम महिला को हिरासत में लिया है। पूछताछ के लिए उसे पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस और एजेंसियां महिला का नाम, पता आदि के सत्यापन की कवायद में जुट गई हैं। बताया गया कि मूल रूप से महाराष्ट्र की रहने वाली इरिम नामक महिला शुक्रवार को दूसरी पहर राम जन्मभूमि परिसर में अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन करने गई थी। दर्शन के बाद वह वापस लौट रही थी तो निकासी मार्ग पर सुरक्षा में तैनात जवानों ने संदिग्ध हावभाव देख महिला को रोका और उससे पूछताछ की। सिर और चेहरे पर नीला कपड़ा बांधे यह महिला पूछताछ पर सुरक्षा कर्मियों से उलझ गई। मामला संदिग्ध देख प्रकरण की जानकारी अधिकारियों को दी गई और महिला को पूछताछ तथा सत्यापन के लिए राम जन्मभूमि थाने भेज दिया गया। थाना पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने महिला से कई राउंड पूछताछ की है।

**महिला को पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले किया**



### महिला से परिसर में पूछताछ की

सूत्रों का कहना है कि वह उल्टे सीधे जवाब दे रही है। हालांकि आरजेबी थाना प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने ऐसी कोई जानकारी होने से इनकार किया है। कहाकि थाने पर कोई नहीं आया था। हो सकता है परिसर में ही पूछताछ हो रही हो। क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि महिला के नाम पता आदि का सत्यापन कराया जा रहा है।

### चश्मे वाले कैमरे के साथ प्रवेश करते युवक पकड़ा

राम जन्मभूमि परिसर में कैमरा लगा चश्मा लगाकर प्रवेश करते हुए सुरक्षाकर्मियों ने एक युवक को पकड़ा है। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया थाना रामजन्मभूमि में युवक से पूछताछ और उसका सत्यापन कराया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने कहा-लंबित मामलें एक समय सीमा तय करके उनका निस्तारण करें

# सीएम योगी ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की, दो साल में बनेगा विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर

समीक्षा बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित प्रकरणों का एकमुश्त निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी नगरों के जीआईएस आधारित मास्टर प्लान मई माह के अंत तक अनुमोदित करा लें। इसके अलावा कानपुर, आगरा और लखनऊ मेट्रो परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर लें।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के मामलों की जानकारी ली। निर्देशित किया कि मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित है। इसे सरल तरीके से एक ही बार में निस्तारित करें। इस तरह के जो भी मामले लंबित हैं, एक समय सीमा तय करके उनका निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस महीने के अंत तक नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अप्रूव करा लें। शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार की आवश्कता जताई।

**खास बातें**

- आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य
- द्वितीय कॉरिडोर का काम 2026 तक निर्धारित किया गया



### सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ में इंटरनेशनल एक्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि 900 करोड़ रुपए की लागत से 32.50 एकड़ भूमि पर केंद्र विकसित होने वाले इस विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर को अधिकतम दो वर्ष में पूरा करा लिया जाए।
यह कन्वेंशन सेंटर नए लखनऊ की पहचान बनेगा। उन्होंने यूपी-एससीआर परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। कहा कि 27,826 वर्ग किमी क्षेत्रफल की यह परियोजना लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों को समाहित करती है। इसके डीपीआर की प्रक्रिया में अब विलंब नहीं होना चाहिए।

### मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी

इस दौरान अधिकारियों ने सीएम को मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6.7 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरिडोर एक और दो का काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं द्वितीय कॉरिडोर का काम 2026 तक निर्धारित किया गया है। लखनऊ मेट्रो परियोजना के तहत चारबाग से बसंतकुंज तक (11.165 किमी) की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार की आवश्कता जताई। साथ ही जेपीएनआईएसी को यथाशीघ्र लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रारूप पर 16 अप्रैल से 30 मई तक जनसामान्य से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर इस उपविधि को अंतिम रूप में दिया जाएगा।

### प्रदेश के 59 नगरों की महायोजनाएं की जा रहीं तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीआइएस आधारित महायोजना संरचना के तहत प्रदेश के 59 नगरों की महायोजनाएं तैयार की जा रही हैं, इनमें से 42 को अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। शेष चार महायोजनाएं (झांसी, मैनपुरी, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ एवं बहराइच) के अनुमोदन की प्रक्रिया इसी माह में पूरी की जाए।

## मथुरा में दर्दनाक हादसा..

# कार ने टेंपो में मारी टक्कर, सड़क पर पड़े घायलों को डंपर ने कुचला, चार की मौत



एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार थार (कार) और सवारी टेम्पो की टक्कर में कई लोग घायल हो गए। सड़क पर चीख-पुकार मची थी, तभी तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया। चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई। हादसा मथुरा के थाना जैत क्षेत्र के रामताल नगला की रोड पर कृष्णा कुटीर के समीप हुआ। तेज रफ्तार में आ रही कार ने सवारी टेम्पो को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेपों के परखच्चे उड़ गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में घायल सड़क पर मदद के लिए पुकार रहे थे।

इस दौरान तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर खून से सने शव बिखरे पड़े थे। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी।

### रामपुर में बस खाई में पलटी, 21 कर्मचारी जख्मी

**रामपुर।** कर्मचारियों को लेकर त्रिवेणी शुगर मिल डिस्टेलरी यूनिट जा रही बस ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। बस में 25 लोग सवार थे। इसमें 21 लोग घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए काशीपुर अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि बस उत्तराखंड के काशीपुर से कर्मचारियों को लेकर टांडा क्षेत्र की ओर जा रही थी। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में बस तेलीपुरा गांव के पास अनियंत्रित होने के बाद खंती में पलट गई। हादसा देख राहगीर मौके पर रुक गए और बचाव कार्य में जुट गए थे। सभी घायलों को बस से बाहर निकाला। चोटिल हुए डिस्टलरी यूनिट के मैनेजर सुधीर कुमार भी घायल हुए हैं।

## पेज एक का शेष

### जल विवाद पर हुई ...

अपने हिस्से को पूरा देने की मांग कर रहा है, जोकि अभी पंजाब द्वारा गैर-कानूनी तरीके से रोक दिया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री का कहना कि हरियाणा ने अपने कोटे का पूरा पानी इस्तेमाल कर लिया है, यह प्रचार भी गलत है। वास्तविकता यह है कि डैम के पानी में कोई कोटा नहीं होता, बल्कि डैम में पानी की उपलब्धता के आधार पर राज्यों को पानी का वितरण तय किया जाता है। हरियाणा द्वारा अपने पानी के हिस्से को पूरा मांगने से न तो पंजाब का पानी कम हो रहा है और न ही डैम में पानी कम हो रहा है। सभी नेताओं ने एक मत से कहा कि हरियाणा की जनता के हित में और उसके हिस्से का पूरा पानी लेने के लिए हम हरियाणा सरकार के साथ हैं। पिछले10 सालों में पंजाब व हरियाणा को दिए गए पानी का ब्यौरा देते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब ने हर साल अपने हिस्से से काफी ज्यादा पानी का उपयोग किया है। बैठक में सभी नेताओं ने एकमत से कहा कि पंजाब का संघीय ढांचे पर विश्वास नहीं है। जहां एक ओर हरियाणा का हमेशा सभी समझौतों पर सकारात्मक रवैया रहा है, वहीं पंजाब ने सभी समझौतों को नकारने का काम किया है। अब भी पंजाब सरकार राजनीतिक पैठ जमाने के लिए भ्रामक प्रचार करते हुए हरियाणा के लोगों के पीने के पानी को रोकने का असंवैधानिक कार्य कर रही है। बैठक के दौरान नायब सिंह सैनी ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम संकल्प करते हैं कि हरियाणा के हिस्से के पानी को सुनिश्चित करने के लिए तथा एसवाईएल का शीघ्र निर्माण करवाने के लिए हम सब एकजुट होकर कोई भी कानूनी लड़ाई लड़ने और राज्य तथा केंद्र दोनों स्तरों पर हर संभव राजनैतिक प्रयास करने के लिए हरियाणा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। हम दोनों राज्यों की जनता से अपील भी करते हैं कि वे आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखें। साथ ही, इनमें खलल डालने की मंशा रखने वाले स्वार्थी तत्वों के भ्रामक प्रचार से बचें। मुख्यमंत्री द्वारा रखे गए प्रस्ताव पर सभी दलों के नेताओं ने अपनी सहमति जताई और कहा कि इस विषय पर मुख्यमंत्री के साथ मजबूती से खड़े हैं।

### पंजाब सरकार ने एसवाईएल ....

है। इन सभी पहलुओं को हरियाणा सरकार गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा कि पानी के इस गंभीर मुद्दे पर हम सभी को केंद्र सरकार से मिलना है या हरियाणा विधानसभा का सत्र बुलाना है, इसकी रणनीति बाद में तय करेंगे।पानी को देश की संपत्ति बताते हुए सैनी ने कहा कि हरियाणा और पंजाब दोनों भाई—भाई हैं। पंजाब सरकार द्वारा राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए भ्रामक प्रचार करना निंदनीय है। इस प्रकरण में आम जनता आहत नहीं होनी चाहिए, चाहे वह हरियाणा की हो, या पंजाब की हो। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा दिए गए भड़काऊ बयान के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार के साथ—साथ सभी दल के नेता उनके इस बयान की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए और उनको साक्षी मानकर हमें सौहार्दपूर्ण तरीके से आगे बढ़ना चाहिए, न कि इस मामले में राजनीति करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि मान साहब असंवैधानिक रूप से हरियाणा का पानी रोकने का काम कर रहे हैं। यह पानी पूरे देश का है। भारत विभाजन के समय पानी का बंटवारा भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था। आगे फिर यह बंटवारा राज्यों में हुआ। इस तरह पानी किसी एक प्रदेश का नहीं है। यही नहीं आज भी समस्या इतनी बड़ी नहीं है, जितनी मान सरकार दिखा रही है।

### पानी के मुद्दे को ....

का विवाद है, इसका समाधान है एसवाईएल का निर्माण। इस मामले पर हम सभी पार्टियां एक साथ हैं। हरियाणा में जो पीने के पानी का संकट आया है, उसका हल निकालने के लिए हम सभी दल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हैं।

### बोले, आतंकवाद और ...

एयू संग नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे संबंधः प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और अफ्रीकी संघ (एयू) प्रगति के भागीदार व वैश्विक दक्षिण के भी मुख्य स्तंभ हैं। उन्होंने विश्वास के साथ कहा कि अंगोला की अध्यक्षता में भारत और अफ्रीकी संघ के संबंध नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से अंगोला को एयू की अध्यक्षता के लिए पीएम ने शुभकामनाएं दीं।
**वैश्विक दक्षिण की आवाज भारतः** उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर संघ (आईएसए) से जुड़ने के लिए अंगोला के निर्णय का स्वागत किया। साथ ही सीडीआरआई, बिग केट अलायंस और ग्लोबल बॉयोफ्यूल अलायंस से भी जुड़ने के लिए भी उसे आमंत्रित किया है। भारत, अफ्रीकी देशों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक स्वर में आवाज उठाई थी। एक, दूसरे को प्रेरित किया। आज हम उनके हितों, आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं।

### अंगोला के तेल, गैस ...

के लिए युवाओं के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।

### भारत-पाकिस्तान में बढ़ते ....

कि इस वर्ष विक्ट्री दिवस की 80वीं वर्षगांठ है। जिसे रूस हर साल द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) की सेनाओं द्वारा जर्मनी की नाजी सेनाओं को बुरी तरह से परास्त करने की वर्षगांठ के रूप में मनाता है।

### पहले समारोह के ....

में शामिल होने के लिए कहा गया। लेकिन अब रक्षा मंत्री की जगह पर इस समारोह में भाग लेने के लिए भारत की तरफ से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भेजा जा रहा है। रूस ने विक्ट्री दिवस समारोह के लिए दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया है। जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल हैं। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात करें तो वह पिछले साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा कर चुके हैं। इसमें एक बार दोनों देशों के बीच आयोजित किए जाने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मॉस्को गए थे। जबकि दूसरी बार रूस के कजान शहर में आयोजित किए गए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री ने रूस का दौरा किया था।

### नौसेना प्रमुख ...

है। गुजरात तट पर अरब सागर में उसके अभ्यास भी जारी हैं।
**लावरोव से पहलगाम हमले पर जयशंकर की चर्चा :** उधर, भारत के विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि बीते शुक्रवार को उनकी रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत हुई। जिसमें पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा की गई। हमले के अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों के बीच द्विपक्षीय सहयोग गतिविधियों के बारे में भी बातचीत की गई।

### देश भर के 566...

वेबसाइट **neet.nta.nic.in** पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नीट यूजी परीक्षा के लिए हर साल की तरह इस साल भी एनटीए ने कुछ अहम दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनका पालन करना उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है। उम्मीदवारों को सबसे अहम और जरूरी जिस निर्देश का ध्यान रखना है वह यह है कि एडमिट कार्ड के साथ एग्जाम सेंटर पर समय से पहुंचना है। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जरूर लेकर जाने हैं और ड्रेस कोड का भी ध्यान रखना है।
**भोपाल में 35 केंद्र बनाए गएः** राजधानी के 35 केंद्रों पर आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सा सम्बन्धी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा में 14 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए थे। आकस्मिक चिकित्सा हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए एक चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की गई है। विभाग द्वारा 50 टीमों की तैनाती की गई है, जिसमें चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ सेवाएं देंगे।
**अभ्यर्थियों के लिए ये दिशा निर्देशः**नीट यूजी परीक्षा के लिए जाने वाले कैंडिडेट्स ड्रेस कोड का भी पालन करना होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वह लाइट कलर के कपड़े पहनें। यह कपड़े आधी बाजू के होने चाहिए। हैवी और फुल स्लीव के कपड़े सेंटर पर पहनकर जाना वर्जित है। इसके अलावा एग्जाम सेंटर पर जूते पहनकर ना जाएं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह स्लिपर लो हील की सैंडल पहनें। साथ ही उम्मीदवार ध्यान रखें कि एग्जाम सेंटर पर पारंपरिक या धार्मिक पोशाक न पहनें। महिला उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह ब्रोच, फूल, बैज या जींस न पहनें। झुमके, नाक की अंगूठी, पेंडेंट और अन्य सजावटी सामान जैसे आभूषणों से बचना चाहिए। इसके अलावा घड़ी, कंगन और किसी भी धातु की वस्तु पहनकर जाने की अनुमति नहीं है।।

### 7 लोगों की मौत....

पहुंचे। पीएम मोदी ने हादसे को लेकर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से बात की है और घटना पर दुख जताया है। यह हादसा तब हुआ जब बड़ी की संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक श्री लैराई देवी की 'जात्रा' में भाग लेने के लिए इकट्ठा हुए थे। भारी भीड़ के बीच अचानक से अफरा-तफरी मच गई, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी दौरान कुछ लोग गिरकर कुचल गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उत्सव के लिए गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु मंदिर में एकत्र हुए थे। उन्होंने कहा कि भगदड़ का सही कारण जांच के बाद पता चलेगा।
**सीएम ने दिए जांच के आदेशः** घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने स्थिति का जायजा लेने के लिए नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल और बिचोलिम अस्पताल का दौरा किया। सीएम ने घायलों से मुलाकात कर उनके इलाज की जानकारी ली और अधिकारियों को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। गोवा कांग्रेस ने शिरगांव की श्री लैराई देवी जात्रा में हुई भगदड़ पर दुख जताया है। पार्टी ने लिखा कि, हम इस दुखद घटना की निंदा करते हैं और अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।
**क्या है लैराई 'जात्रा':** लैराई देवी एक पूजनीय हिंदू देवी हैं, जिनकी मुख्य रूप से गोवा में, विशेषकर दक्षिण गोवा के शिरोडा गांव में पूजा की जाती है। लैराई देवी को समर्पित मंदिर स्थानीय लोगों और आस-पास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र है। जो हर साल बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में लैराई देवी के सम्मान में मनाया जाता है। इस उत्सव की सबसे प्रमुख विशेषता है अग्नि पर चलने की परंपरा, जिसमें धोंड कहे जाने वाले श्रद्धालु जलती हुई अंगारों पर नंगे पांव चलते हैं। यह अनुष्ठान उनकी आस्था और आध्यात्मिक शुद्धता का प्रतीक होता है।

## तीन दिवसीय बिहार दौरे पर किशनगंज पहुंचे ओवैसी

# ओवैसी ने तेजस्वी यादव पर बोला हमला कहा- एआईएमआईएम के पास भिखारी बनकर आएगी राजद

एजेंसी ▶▶ किशनगंज

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी पर हमला बोला है। शनिवार को तीन दिवसीय बिहार दौरे पर किशनगंज पहुंचे एआईएमआईएम के प्रमुख ने बहादुरगंज में कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद पार्टी के चार विधायक राजद में शामिल हो गए। उन्होंने इन विधायकों को बुजदिल करार दिया।

राजद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो चार विधायकों को खरीदा। वह भविष्य में अख्तरुल ईमान और तौसीफ आलम के यहां भिखारी बनकर आएंगे। उन्होंने वक्फ बोर्ड को लेकर केंद्र और बिहार सरकार की जमकर आलोचना की है। ओवैसी ने कहा कि हिंदू ट्रस्ट में गैर हिंदू को मौका नहीं मिलता, तो वक्फ में गैर मुस्लिम को हस्तक्षेप का अधिकार क्यों। उन्होंने इस कानून को वापस लेने की मांग की। उन्होंने



सवाल किया कि जो कानून मंदिरों और बोधगया के लिए उपयुक्त है, वह मुसलमानों के लिए क्यों नहीं।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 11 सालों में मुसलमानों के हित के लिए कुछ नहीं किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं, और अपने निचले कार्यकर्ताओं के द्वारा सेकुलर का बयान दिलवाते हैं। जो हमें भाजपा की बी टीम बताते हैं, वह यह बताएं कि इसी बी टीम ने संसद में बिल को फाड़ने का काम किया था, आप तो ए टीम थे तुमने क्या किया?

## सीएम हेमंत सोरेन ने किया शुभारंभ

# झारखंड ऐसा पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं का हुआ स्वास्थ्य बीमा



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के अधिवक्ताओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तोहफा दिया है। राजधानी रांची के खेलगांव स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के तमाम अधिवक्ताओं के बीच स्वास्थ्य बीमा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के तमाम अधिवक्ताओं को बड़ा सौगात दिया गया है। शनिवार को झारखंड सरकार द्वारा कार्यक्रम आयोजन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों द्वारा अधिवक्ताओं को समर्पित स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रारंभ किया गया है।

### हर वर्ग-समुदाय, हर उम्र के लोगों का सर्वांगीण विकास लक्ष्य

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की चिंताएं राज्य के हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए है, चाहे वह गांव में रहता हो, शहर में रहता हो, अमीर हो, गरीब हो व्यापारी हो, नौजवान हो, छात्र-छात्राएं हो, बच्चे हो, बूढ़े-बुजुर्ग हो, सभी के लिए है। राज्य सरकार इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सरकार ने प्रयास किया है कि राज्य के प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक समाज, प्रत्येक तबके के लोगों तक सरकार की आवाज एवं भावी योजनाएं पहुंचे।

### प्रीमियम भुगतान के लिए 9 करोड़ रुपए जारी

बता दें कि झारखंड पहला राज्य बन चुका है, जहां अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा का शुभारंभ किया गया है। अधिवक्ताओं को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा योजना प्रदान करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-2025 में हाईकोर्ट के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के लिए छह हजार रुपए प्रीमियम भुगतान के लिए नौ करोड़ रुपए जारी कर चुकी है।

## मायावती ने कहा कि सभी दलों को सरकार का साथ देना चाहिए

# आतंकी हमले पर घिनौनी राजनीति न करें, सपा और कांग्रेसः मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने पहलगाम आतंकी हमले पर बयानबाजी को लेकर सपा और कांग्रेस को फटकार लगाई है। मायावती का कहना है कि आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए, ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी आदि के जरिए घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा बयान दिया है। बगैर नाम लिए उन्होंने कांग्रेस और सपा नेताओं पर निशाना साधा। मायावती ने कहा- 'पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सभी पार्टियों को एकजुट होकर सरकार के हर कदम के साथ खड़े होना चाहिए, ना कि इसकी आड़ में पोस्टरबाजी व बयानबाजी आदि के जरिए घिनौनी राजनीति की जानी चाहिए, क्योंकि इससे लोगों में कन्फ्यूजन पैदा हो रहा है, जो देशहित में ठीक नहीं।

**खास बातें**

- पहलगाम आतंकी हमलों पर सपा और कांग्रेस से नाराज मायावती
- पोस्टरबाजी के जरिये घिनौनी राजनीति नहीं की जानी चाहिए

### भीमराव अंबेडकर का भी अपमान कतई ना किया जाए



मायावती ने पहलगाम हमले के अलावा डॉ. भीमराव अंबेडकर के मुद्दे पर भी सपा और कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर मायावती ने लिखा है- 'भारतीय संविधान के निर्माता परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का भी अपमान कतई ना किया जाए।

### बाबा साहब की आधी तस्वीर काटकर अखिलेश की लगाई तस्वीर

गौरतलब है कि आरोप है कि समाजवादी पार्टी के होर्डिंग में बाबा साहब की आधी तस्वीर काटकर उस हिस्से में अखिलेश यादव की तस्वीर लगाई गई थी। इसको लेकर बसपा के अलावा बीजेपी के नेताओं ने भी नाराजगी जताई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण, समेत कई नेताओं ने घोर निंदा की है। बीजेपी के भी नेताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कृत्य को बेहद शर्मनाक बताया।







वर्ल्ड लाफ्टर डे स्पेशल

इस बात से शायद ही कोई असहमत होगा कि आज के दौर में हंसना सबसे कठिन होता जा रहा है। जबकि कई स्टडीज से साबित हुआ है और हेल्थ स्पेशलिस्ट भी मानते हैं कि हंसने से अनेक शारीरिक, मानसिक लाभ मिलते हैं। यही नहीं हंसने वाले लोग हर तरह की परेशानियों को बेहतर तरीके से हैंडल भी कर लेते हैं। तो आप भी जी भर हंसिए-खिलखिलाइए।

# हर परेशानी को भुलाकर हंसिए-खिलखिलाइए

कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

*कभी-कभी यूं ही बेवजह हंसी आ जाती है*
*जैसे किसी पुराने दोस्त ने*
*बिना कहे याद कर लिया हो।*
*जैसे मां ने सिर पर हाथ रखकर कहा हो*
*सब ठीक है बेटा।*
*जैसे किसी शाम हवा ने अचानक खुशबू ला दी हो*
*जो बचपन में बगिया से आती थी।*
*कभी-कभी यूं ही बेवजह हंसी आ जाती है*
*और तब लगता है*
*जिंदगी इतनी भी मुश्किल नहीं...।*
**-गुलजार**

**जी हां,** इस व्यस्त और तनावभरी जिंदगी में हाल के दशकों में हमने हंसी के बहुत सारे फायदे सुने, जाने और महसूस किए हैं। इसलिए हर साल मई माह के पहले रविवार को मनाया जाने वाला विश्व हास्य दिवस, हर गुजरते साल के साथ दिन दूनी, रात चौगुनी रफ्तार से लोकप्रियता की सीढ़ियां चढ़ रहा है।

**बेसब्री से लोग करते हैं इंतजार:** साल 1998 से मनाया जाने वाला यह हास्य दिवस, कुछ गिने-चुने अंतरराष्ट्रीय दिवसों में से है, जिसका लोग महीनों से इंतजार करते हैं। हालांकि यह इंतजार तो एक बहाना होता है, इसके पीछे छिपी असली बात यह है कि आज हंसी की महत्ता सर्वसिद्ध हो चुकी है। यही वजह है कि आज हास्य दिवस अपनी उपस्थिति से विश्व शांति और वैश्विक चेतना को बढ़ावा दे रहा है। यह दिन हम सबकी जिंदगी के तनाव को कम करता है, मूड को बेहतर करता है, जितनी भी हो सके जीवन को सकारात्मकता देता है। भला इस महंगाई के दौर में हंसी से ज्यादा फायदे का सौदा और क्या हो सकता है, जिसमें एक्सरसाइज भी हो, दवा भी हो और मेडिटेशन भी। हंसने से ये तीनों चीजें एक ही समय भरपूर और पूरी तरह से मुफ्त मिलती हैं। बावजूद इसके हंसना इतना आसान नहीं है, कुदरत की यह दौलत हर किसी को नहीं मिलती। तभी तो प्रेमलाल शिफा देहलवी ने कहा है-

*या तो दीवाना हंसे या तुम जिसे तौफीक दो*
*वर्ना इस दुनिया में रहकर मुस्कुराता कौन है*

**केवल हंसी नहीं लाफ्टर योगा:** साल 1998 में भारत के एक चिकित्सक डॉ. मदनलाल कटारिया ने हास्य दिवस की शुरुआत की थी। उनके मुताबिक यह अपने आपमें एक योग है, इसलिए हास्य को 'लाफ्टर योगा' माना जाता है। हंसना, सेहत के लिए रामबाण है। हंसने से शरीर में खून बढ़ता है, हंसने से हमारे शरीर में एंडोर्फिन, डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। ये वही हार्मोन या रासायनिक स्राव हैं, जो हमारे दुखों, तकलीफों को चुटकी बजाकर गायब कर देते हैं और हम तरोताजा हो उठते हैं। ये हार्मोन हमारे मूड को बेहतर करते हैं, हमें हल्का-फुल्का महसूस कराते हैं। इसलिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है कि हंसी तनावनाशक है। यह तनाव पैदा करने वाले हार्मोन जैसे कि कॉर्टिसोल का खात्मा करता है।

**अनेक देशों में हो रहा पॉपुलर:** करीब 27 वर्ष पहले शुरू हुआ लाफ्टर डे, आज दुनिया के 72 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है, इसके पीछे उद्देश्य है गोला-बारूद और व्यापार युद्ध से झुलस रही दुनिया में भाईचारा और सद्भावना बढ़े। इस हास्य योगा मुहिम के जरिए लोग आपस में खुशियां बांटना चाहते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि अगर उनकी तरह ही उनके आस-पास रहने वाले लोग भी हंसेंगे तो खुश रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे, सकारात्मक रहेंगे और एक-दूसरे के काम आएंगे। यही वजह है कि आज भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में लोग पार्कों में मॉर्निंग वॉक करते हुए समूहबद्ध होकर हंसने, खिलखिलाने की खूब कोशिश करते हैं। इसीलिए हास्य दिवस की प्रासंगिकता और इसकी स्वास्थ्य संबंधी महत्ता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

**दिल की बीमारियां रहती हैं दूर:** हंसना सिर्फ हमारे शरीर में अच्छा अनुभूत होने वाला रासायनिक परिवर्तन ही नहीं करता। यह हमें शारीरिक रूप से भी स्वस्थ करता है। हंसना एक कार्डियो एक्सरसाइज है। हंसने से हमारे दिल की धड़कनें तेज होती हैं, हंसी फेफड़ों तक ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचाती है, एक अच्छी हंसी हमारे ब्लड प्रेशर को संतुलित रखती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का मानना है कि 10-15 मिनट की रोजाना की हंसी हमारी 30 से 40 प्रतिशत तक दिल की बीमारी की आशंका कम कर देती है। हालांकि इसके साथ कुछ और कारक भी होते हैं, लेकिन दिल की सेहत के लिए हंसना बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि हंसने से हमारा इम्यून सिस्टम भी मजबूत रहता है, शरीर की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं, एंटीबॉडीज का उत्पादन लगातार बढ़ता है और यह शरीर को बीमारियों से लड़ने में मजबूत बनाता है।

**परेशानियों से दिलाए छुटकारा:** कभी-कभी लगता है कि जैसे आज पूरी दुनिया में हंसी के विरुद्ध कोई अघोषित युद्ध चल रहा है। अगर गौर से देखें तो दुनिया की ज्यादातर हरकतें, लोगों के हंसने यानी खुश रहने के विरुद्ध हैं। दुनिया में बढ़ती महंगाई, बढ़े हुए काम के घंटों से व्याप्त तनाव, वर्क फ्रॉम होम के कारण घरों तक चला आया दफ्तर का तनाव, सोशल मीडिया पर होने वाले टेंशनफुल कमेंट्स, वीडियोज और न जाने ऐसी कौन-कौन सी हमारी रोजमर्रा की गतिविधियां हैं, जो कि हमें हंसने नहीं देतीं। हर समय डिप्रेशन और डिजिटल टॉक्सिंस में डुबोए रखती हैं। हंसी इन सबकी अकेली ऐसी काट है, जो हमें इन सब परेशानियों से छुटकारा दिलाती है और डिजिटल जहर को भी बड़ी आसानी से डिटॉक्स कर देती है। इसीलिए दुनिया की अनगिनत परेशानियों से अगर कोई एक ताकत हर समय मजबूती से लड़ते हुए दिखती है, तो वह हंसी ही है। लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के एक शोध में यह सिद्ध हुआ है कि जो लोग नियमित तौर पर कॉमेडी वीडियो देखते हैं, वो परेशानियों से अच्छी तरह से निपट सकते हैं और उनके शरीर की इम्यून प्रतिक्रिया उन लोगों से बेहतर होती है, जो हमेशा गंभीर और तनाव की मुद्रा में रहते हैं। यह अकारण नहीं है कि सोशल मीडिया हो या पारंपरिक टीवी मीडिया, सबसे ज्यादा हंसी ही बिकती है, सबसे ज्यादा कॉमेडी शोज ही देखे जाते हैं। *




## कारगर हो रही लाफ्टर थेरेपी

हम सब इस बात से अवगत हैं कि हाल के सालों में जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल ज्यादा व्यस्त, ज्यादा आत्मकेंद्रित हुई है, उसी तरह से हम पर कई तरह के मानसिक अवसादों और विकारों ने हमला किया है। आप यकीन मानिए, आज दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य की सबसे असरदार और सबसे सटीक दवा हंसना ही है। पूरी दुनिया में डॉक्टर लाफ्टर थेरेपी को मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे कारगर दवा मानते हैं। इसे ह्यूमर थैरेपी कहा जाता है और आज यह भारत में बड़े-बड़े संगठनों और कॉरपोरेट मीटिंग्स का हिस्सा बन गया है। अमेरिका से लेकर यूरोप तक आज ह्यूमर थैरेपी या लाफ्टर क्लब 10 बिलियन डॉलर से बड़ा बिजनेस बन चुकी है। इसलिए अगर कोई कहे कि हंसने से क्या मिलता है, तो कहिए यह एक्सरसाइज है, मेडिसिन है और मेडिटेशन भी है यानी थ्री इन वन है। जो हमें खुशी देती है और रोमांचित करती है।

आमतौर पर हंसने को सामान्य शारीरिक-मानसिक गतिविधि माना जाता है। लेकिन हास्य को योगा का स्वरूप देकर पूरी दुनिया में पॉपुलर बनाने वाले डॉक्टर मदन कटारिया ने इसे स्वस्थ-खुशहाल जीवन की कुंजी बना दिया है।

# हंसना-योगा साथ-साथ सिखाने वाले डॉ. मदन कटारिया

पर्सनालिटी
शैलेंद्र सिंह



डॉक्टर मदन कटारिया, जिन्हें 'लाफ्टर गुरु' या 'गिगलिंग गुरु' के नाम से भी जाना जाता है, को अगर आधुनिक भारत का हास्य योगाचार्य कहें तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। पारंपरिक योग की तरह ही आज पूरी दुनिया में हास्य योग की लोकप्रियता भी बढ़ती जा रही है। इसे पॉपुलर बनाने में सबसे बड़ी भूमिका रही है डॉक्टर मदन कटारिया की।

31 दिसंबर 1955 को महाराष्ट्र के एक गांव में पैदा हुए मदन कटारिया ने साल 1979 में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर से मेडिकल स्नातक की डिग्री हासिल की और एक सामान्य चिकित्सक की तरह मुंबई के एक अस्पताल में प्रैक्टिस करने लगे। लेकिन उसी दौर से वे मानने लगे थे कि हास्य एक औषधि के रूप में हमें स्वस्थ रखने में सहायक हो सकती है। जिसका सार यह था कि हंसी शरीर में एंडोर्फिन बढ़ाती है और तनाव कम करती है। डॉ. कटारिया को इन शोध ने गहराई से प्रभावित किया। हालांकि यह रिसर्च मूलरूप से उनकी नहीं थी, उन्होंने भी इसे किसी विश्वविद्यालय की रिसर्च के रूप में पढ़ा था, लेकिन इसे पढ़कर उन्हें खुद बहुत खुशी मिली थी और तभी उन्होंने तय कर लिया था कि वह इसे एक चिकित्सा पद्धति के रूप में विकसित करेंगे। इस तरह अपने मन में पल रहे लक्ष्य को पूरा करने में वह जुट गए।



**ऐसे हुई शुरुआत:** 13 मार्च 1995 को डॉ. मदन कटारिया ने मुंबई में अंधेरी वेस्ट के लोखंडवाला पार्क में महज 5 लोगों के साथ हंसी के स्वास्थ्य लाभों पर आधारित लाफ्टर क्लब की शुरुआत की थी। आज दुनिया के लगभग 120 देशों में लाफ्टर क्लब्स, जिनकी संख्या 6 हजार से ऊपर है, चल रहे हैं। पूरी दुनिया उन्हें न सिर्फ लाफ्टर गुरु बल्कि हंसी को अमृत चिकित्सा में बदल देने वाला डॉक्टर मानते हैं।

**जान लिया था हंसी का रहस्य:** वास्तव में अपनी युवावस्था में ही डॉ. कटारिया ने यह रहस्य पा लिया था कि हंसी महज इंसानी गतिविधि भर नहीं है बल्कि यह अपने आप में इंसान को कुदरत से मिला वरदान है। इसलिए उन्होंने आज के इस व्यस्त और तनावग्रस्त दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए इसे एक आंदोलन का रूप दिया, जो आज पूरी दुनिया में लाफ्टर मूवमेंट के नाम से जाना जाता है। डॉ. कटारिया का लाफ्टर क्लब की स्थापना के पीछे एक सीधा सा विचार था कि हंसी, दुनिया की सबसे अच्छी दवा है। यदि लोग बिना किसी चुटकुले या कॉमेडी सुने-देखे भी हंसते हैं तो उन पर इस हंसी का सकारात्मक असर पड़ता है।

**शुरू किया हास्य योगा:** जब डॉ. कटारिया ने देखा कि लोगों को उनकी बातों में आकर्षण महसूस हो रहा है तो उन्होंने अपने इस हंसी योग में सांस लेने की तकनीक को भी शामिल किया और इसे प्राणायाम के साथ जोड़ लिया। जिस कारण आज हास्य योग, बेहद वैज्ञानिक योग में परिवर्तित हो चुका है। हास्य योग हंसने की एक ऐसी वैज्ञानिक विधि है, जो लाफ्टर योगा के रूप में दुनिया के सामने आई है। डॉ. कटारिया ने इस हास्य योग को एक सुप्रबंधित वैज्ञानिक प्रक्रिया में बदलने के लिए हास्य पर कई किताबें भी लिखी हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है- लाफ फॉर नो रीजन। उन्होंने टेड टॉक्स, बीबीसी और नेशनल जियोग्राफिक जैसे कई अंतरराष्ट्रीय चैनलों में अपने इस हास्य योग के संबंध में लंबे व्याख्यान भी दिए हैं। हंसने को लेकर उनका एक प्रेरणाप्रद विचार है, 'हम हंसते नहीं क्योंकि हम खुश हैं, हम खुश होते हैं, क्योंकि हम हंस सकते हैं।'

**ईजाद की नई तकनीक:** वास्तव में आज पूरी दुनिया, हंसने को खुश और संतुष्ट रहने का साइंस मानती है। लेकिन शुरू में जब डॉ. मदन कटारिया मुंबई के पार्कों में लोगों को हंसी का महत्व बताया करते थे, तो लोग उनकी बात को मजाक मानकर एक कान से सुनते और दूसरे कान से निकाल देते थे। फिर भी डॉ. कटारिया अपने इस मिशन से पीछे नहीं हटे। कुछ समय बाद डॉ. मदन कटारिया ने जान-बूझकर हंसने यानी सिमूलेटिड लाफ्टर तकनीक विकसित की, जो आज एक योग के प्रारूप में लोगों द्वारा हर दिन अभ्यास की जाती है। लाफ्टर योगा केवल भारत में ही नहीं रुका बल्कि इसकी ख्याति देखते ही देखते साल 2023 तक 110 देशों में फैल चुकी थी। साल 2023 में ही पूरी दुनिया में लाफ्टर योगा कराने वाले क्लबों की संख्या 6 हजार से ज्यादा हो चुकी थी। आज हंसाने वाले उनके ये क्लब स्कूलों, वृद्धाश्रमों, जेलों और मल्टीनेशनल कंपनियों तक में चलते हैं और डॉक्टर मदन कटारिया को आज की दुनिया का हास्य गुरु बनाते हैं। *

---

हास्य कविता
हरीश कुमार 'अमित'

## इक आम न मिलता



कुछ लोगों को काम न मिलता,
लेकिन हमको आराम न मिलता।
दफ्तर की कुर्सी पे दो घंटे,
सोने का इंतजाम न मिलता।
भर-भर थैले फल घर लाऊं,
खाने को इक आम न मिलता।
भरा कबाड़ से है घर सारा,
बेचूं कैसे, सही दाम न मिलता।
पन्ने भर-भर लिखी शायरी,
पर हमको कभी नाम न मिलता।

दर्द-ए-सिर भला भागे कैसे,
ढूंढे पर भी बाम न मिलता।
प्रेम पत्र तो अनगिन भेजे,
उत्तर में पैगाम न मिलता।
खूब लगाते मक्खन अफसर को,
फिर भी कोई ईनाम न मिलता।
रोज न पड़ती डांट अफसर की,
सुबह जो ट्रैफिक जाम न मिलता।
उधार चुकाने वाला हमको,
किसी सुबह, किसी शाम न मिलता।

व्यंग्य
अंशुमाली रस्तोगी

# कुछ तो लोग कहेंगे

कुछ लोग कहते हैं। लेकिन क्यों कहते हैं, वे भी नहीं जानते। कहना उनकी आदत है। कहना उनकी बीमारी है। नहीं कहेंगे तो उनका दो वक्त का खाना हजम नहीं होगा। जुबान में अटकाहट-सी महसूस होगी। पेट में किसिम-किसिम की मरोड़ें पैदा होंगी।

किसी को कुछ भी कह देना, हम भारतीयों की जन्मजात फितरत रही है। चाहे सामने वाले से मतलब हो या न हो, फिर भी उसके बारे में हम कुछ भी कहने की छूट ले ही लेते हैं और, किसी के बुरा मानने की तो हम परवाह ही नहीं करते। परवाह करने लगे तो जमीर टोकेगा कि क्या हो गया है तुम्हें!

वैसे, लोगों के कुछ भी कहने पर एक शोध अवश्य होना चाहिए। आखिर पता तो लगे कि लोग क्यों कुछ भी कह देते हैं? अपने निजी अनुभव के आधार पर कह रहा हूं कि कहने वालों में सबसे बड़ी तादाद पढ़े-लिखे लोगों की होती है। पढ़ी-लिखी जमात ऐसा मानती है कि वो कुछ भी कहने के लिए स्वतंत्र है। अच्छा देखेगी तो कुछ कहेगी। खराब देखेगी तो कुछ कहेगी। गंदा देखेगी तो कुछ कहेगी। महसूस करेगी तो कुछ कहेगी। मतलब, उसे हर वक्त कुछ न कुछ कहना ही है, कहने को वो अपनी शान समझती है। कभी खामोश नहीं रहती। उसके आगे तो प्रायः कैंची भी फेल हो जाया करती है। अकसर सोचता हूं कि यह जमात आखिर ऐसा क्या खाती है, जो कुछ भी कहती रहती है हर वक्त!

जानते हैं, मुझसे लोग इसलिए परेशान रहते हैं कि मैं कभी कुछ क्यों नहीं कहता? मुझे कुरेदते हैं, मुझे उलहाना देते हैं। मुझे लालच तक देते हैं, लेकिन मैं कभी कुछ नहीं कहता। कुछ न कहना, मेरी फितरत में शामिल हो चुका है।

लेखक लोग अपनी किताबें मुझे भेजते हैं। फिर कहते हैं कि मैं उन पर कुछ कहूं। जब कुछ नहीं कहता तो बुरा मान जाते हैं। मुझे मनघुन्ना तक साबित कर देते हैं। तब भी मैं उनसे कुछ नहीं कहता। सोचता हूं कि क्या कहूं? कहने वालों की भीड़ में एक शख्स ऐसा भी तो होना चाहिए, जो कुछ न कहे। कहने वालों को और कहने वालों की, सिर्फ सुने। यही तो मैं करने की कोशिश किया करता हूं। किंतु लोग हैं कि बुरा मान जाते हैं। मेरे कुछ न कहने को 'अदरवाइज' ले लेते हैं। अब जो ले लेते हैं तो लें, मैं ऐसा ही हूं! क्या करूं।

यू नो, लोगों के पास बहुत समय है, लेकिन दूसरों के लिए नहीं, आपस में मिलने-जुलने और बतियाने के लिए नहीं, कुछ भी किसी को भी कहने और लंबी-लंबी बेतुकी चर्चाओं के लिए। कुछ भी कहने के मामले में सोशल मीडिया का हाल सबसे बुरा है। किसी के पन्ने या दीवार पर जैसे ही दस्तक दीजिए, कुछ न कुछ आड़ा-तिरछा कहता हुआ ही मिलेगा। यहां लोग सार्थक बहुत कम लिखते या कहते हैं, ज्यादातर सिर्फ खुन्नस निकालते हैं। वे इसी में खुश हैं, उन्हें लगता है कि ऐसा कर वे बहुत महान काम कर रहे हैं। महान लोगों से सोशल मीडिया का मंच खदबदा रहा है।

आज की तारीख में कुछ भी कहना, दुनिया भर में एक लाइलाज बीमारी-सी बनती जा रही है। जुबान कैंची से अधिक खतरनाक हो चली है। दिल फरेबी हो गए हैं, आंखें शातिरता का पैमाना बन गई हैं। मन कुटिलता में तब्दील होते जा रहे हैं। भावना, संवेदना, सहनशीलता, इंसानियत की बातें किताबों में ही सिमट कर रह गई हैं। अच्छा और मीठा कहते-बोलते लोग कम मिलते हैं। तरह-तरह के उपदेश, प्रवचन और ज्ञान हर किसी के पास बहुत है, मगर व्हाट्सएप के स्टेटस पर चढ़ाने के लिए ही।

कम बोलते लोग मुझे भाते हैं। उनसे ही बोलना मुझे अच्छा भी लगता है। उनके बीच जाकर मुझे सुकून मिलता है। इसीलिए मैं भी कम ही कहता और बोलता हूं ताकि फिजा में प्रदूषित शब्दों का जहर कम घुल सके। *

किसी को कुछ भी कह देना, हम भारतीयों की जन्मजात फितरत रही है। चाहे सामने वाले से मतलब हो या न हो, फिर भी उसके बारे में हम कुछ भी कहने की छूट ले ही लेते हैं और, किसी के बुरा मानने की तो हम परवाह ही नहीं करते।



पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## प्रेमचंद की व्यंग्य कथाएं

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि विगत लगभग एक सदी में मुंशी प्रेमचंद हिंदी के सर्वाधिक पढ़े जाने वाले कथाकार हैं। इसकी वजह है कि जीवन के लगभग हर पक्ष और संवेदना पर उन्होंने मर्मस्पर्शी कहानियां लिखी हैं। उनकी लगभग 300 कहानियों में से 15 व्यंग्यात्मक कहानियों का संकलन 'प्रेमचंद की व्यंग्य कथाएं' हाल में पल्लव के संपादन में छपकर आया है। इसमें हम (मोटेराम जी शास्त्री, शादी की वजह, दो बैलों की कथा, निमंत्रण, सत्याग्रह, रसिक संपादक, गुरुमंत्र, स्वांग) समेत कई ऐसी मशहूर कहानियां पढ़ सकते हैं, जिसमें समाज, राजनीति, व्यवस्था में व्याप्त विद्रूप और इंसानी चरित्र की निकृष्टता और उसके दोहरेपन पर कटाक्ष किया गया है। इनमें प्रेमचंद बेहद सहजता से चुटकी लेकर पाठक को बहुत कुछ सोचने पर विवश करते हैं। आमतौर पर जीवन की विडंबनाओं से उपजने वाली तकलीफ और करुणा को अपनी कहानियों का विषय बनाने वाले प्रेमचंद की व्यंग्य कथा-लेखक की भी छवि, इन कहानियों से निर्मित होती है। पुस्तक की भूमिका में संपादक ने उचित ही कहा है, 'प्रेमचंद की इन कहानियों में जीवन के अनेक रंग हैं, जो सहज हास्य और शिष्ट व्यंग्य की पगडंडी पर दौड़ते दिखते हैं।' *




**पुस्तक:** प्रेमचंद की व्यंग्य कथाएं, **संपादन:** पल्लव,
**मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली

## रचनाएं आमंत्रित...

हिंदी दैनिक **हरिभूमि** के फीचर पृष्ठों (रविवार भारती, सहेली, बालभूमि और सेहत) में प्रकाशनार्थ आलेख, छोटी कहानियां, कविताएं, व्यंग्य, बाल कथाएं आमंत्रित हैं। लेखकों से अनुरोध है कि अपनी रचनाएं कृतिदेव या यूनिकोड फॉन्ट में हमें ईमेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर मेल करें।

सरगुजा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के विशनपुर क्षेत्र की घटना

# सड़क हादसे में पति-पत्नी और मासूम बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा

शुक्रवार को सरगुजा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 स्थित विशुनपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें दुधमुंहे 3 माह के बच्चे सहित उसके माता-पिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एर्टिगा कार तेज़ गति से चल रही थी। चालक संतोष पैंकरा द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

बाइक पर सवार दंपति विनोद कुमार यादव, उनकी पत्नी और तीन माह का शिशु तीनों हादसे का शिकार हो गए। टक्कर के बाद तीनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। गिरने से महिला और मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि घायल विनोद कुमार ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कार में आईआईटी परीक्षा देने जा रहे पांच




परीक्षार्थी (तीन युवतियां और दो युवक) सवार थे। हादसे के तुरंत बाद युवक मौके पर फरार हो गए। जबकि कार चालक संतोष पैंकरा और एक युवती को घायल अवस्था में 112 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीतापुर भेजा गया। मृतक परिवार दमगड़ा पेटला का निवासी था।

### *तीन महिलाओं को कार चालक ने मारी टक्कर, एक की मौत*

*शुक्रवार को हिट एंड रन की एक घटना हुई। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में अज्ञात कार चालक ने मॉर्निंग वॉक पर निकली दो युवतियों और एक महिला को तेज रफ्तार से ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि अन्य दो घायलों को मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। मृत महिला की हालत घटना के समय से ही नाजुक बताई जा रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी कार चालक अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।*

## हार्टअटैक से व्यवसायी की मौत

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में शनिवार को 35 वर्षीय व्यवसायी इंद्रजीत सिंह बाबरा की हार्ट अटैक से अचानक मौत हो गई। यह पूरी घटना संगम चौक स्थित एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि इंद्रजीत सिंह स्कूटी स्टार्ट कर रहे थे, तभी उन्हें हार्ट अटैक आया और वे सड़क पर गिर पड़े। आसपास कई लोग मौजूद थे, पर किसी



ने तुरंत ध्यान नहीं दिया। जिससे उनकी जान बचाई जा सकती थी। परिवार इस असमय और आकस्मिक घटना से गहरे सदमे में है।

---

सीएम डॉ. यादव ने कहा, आम लोगों को सुशासन का लाभ दिलाएं, जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद भी करें

# फौती नामांतरण में देरी होने की शिकायत पर नायब तहसीलदार को दिया नोटिस

मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में प्रदेश के 14 प्रकरणों की सीधी सुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनता की संतुष्टि ही हमारा ध्येय है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सुशासन है, इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें और उनके सुझावों पर भी अमल करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में चल रही सभी प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखें। योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 14 जिलों के विभिन्न प्रकरणों की सीधी सुनवाई की। आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। समाधान ऑनलाइन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 शिकायतों का निराकरण कराया।

मुरैना जिले के आवेदक ब्रम्हलाल सिंह ने उसके फौती नामांतरण में देरी होने की शिकायत की थी। कलेक्टर ने बताया कि इस मामले में संबंधित नायब तहसीलदार को नोटिस दिया गया है और पटवारी पर भी कार्रवाईर् की गई है। उमरिया जिले के आवेदक दीपक कोरी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना के तहत उसे पेंशन न मिलने की शिकायत की थी। आवेदक ने बताया कि शिकायत करने के बाद अब उसे पेंशन मिल रही है। कलेक्टर उमरिया ने बताया कि हितग्राही को पेंशन मिलने में देरी के लिये दोषी पाए गए समग्र सामाजिक न्याय अधिकारी की एक वेतनवृद्धि रोकी गई है। ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस दिया गया है और इस संबंध में देरी के लिए विशेष रूप से दोषी पाए गए ग्राम रोजगार सहायक से अर्थदंड की राशि तीन हजार रूपए वसूल करके आवेदक को दे दी गई है।

**खास बातें**

- जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सुशासन : डॉ. यादव
- जिले में सभी प्रकार की घटनाओं पर पैनी नजर रखने के दिए निर्देश
- आवेदकों से की सीएम ने बात



### मनरेगा में आवेदिका को भुगतान दिला दिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए पांढुर्णा, मुरैना, उमरिया, नीमच, भिंड, बैतूल, निवाड़ी, रायसेन, नर्मदापुरम एवं धार जिले के एक-एक मामले तथा शहडोल और सतना जिले के दो-दो मामलों (कुल 14 प्रकरणों) की सीधी सुनवाई की। पांढुर्णा जिले की आवेदिका कलावती हिंगवे ने शिकायत की थी कि उन्हें कपिलधारा कूप निर्माण, मेढ़बंधान, खेत-तालाब, भूमिशिल्प, नंदन फल उद्यान के संबंध में मनरेगा की ओर से भुगतान नहीं किया गया था। कलेक्टर पांढुर्णा ने बताया कि इस मामले में दोषी ग्राम रोजगार सहायक को पद से पृथक कर दिया गया है। पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। दोषी सब इंजीनियर का 15 दिन का वेतन रोगा गया और दोषी पाए गए सहायक यंत्री के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव कमिश्नर जबलपुर को भेज दिया गया है। वर्तमान में आवेदिका को उसका भुगतान दिला दिया गया है।

### दो लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान कर दिया

निवाड़ी जिले के आवेदक चेनू कुशवाहा ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत उसे आवास राशि का लाभ न मिलने की शिकायत की थी। रायसेन जिले के आवेदक बालचंद विश्वकर्मा ने उसके बेटे की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उसे बीमा राशि का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर रायसेन ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रूपए की बीमा राशि का भुगतान कर दिया गया है। नर्मदापुरम जिले के आवेदक राहुल यादव ने उसके गांव में नल-जल योजना के काम पूरे होने के बाद भी उन्हें पेयजल प्राप्त न होने की शिकायत की। धार जिले की आवेदिका सीमा दांगी के पति रामा दांगी ने बताया कि उन्हें विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, जो उन्हें नहीं मिल सकी, इसलिए उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी। कलेक्टर धार ने बताया कि इस मामले में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है और उससे 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी वसूल किया गया है। शहडोल और सतना के आवेदकों की शिकायतों का समाधान भी इस अवसर पर किया गया।

### *आवेदक को 9 लाख 28 हजार 200 रुपए की शासकीय राशि का भुगतान*

*नीमच जिले के आवेदक लालाराम भील ने उसे दिए गए वनाधिकार हक प्रमाण पत्र में वन विभाग की ओर से त्रुटि किए जाने के कारण उसे लाभ न मिलने की शिकायत की थी। इस पर अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने बताया कि जारी किए गए वनाधिकार प्रमाण पत्र में शाब्दिक, तकनीकी त्रुटि के कारण आवेदक के साथ यह परिस्थिति बनी। परंतु अब आवेदक को उसके हक की 9 लाख 28 हजार 200 रुपए की शासकीय राशि भुगतान कर दी गई है।*

### छात्रवृत्ति में देरी पर क्षेत्र संयोजक पर कार्रवाई

भिंड जिले के आवेदक (छात्र) दिनेश चरकोटा ने उसे जनजातीय कार्य विभाग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति न मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर भिंड ने बताया कि आवेदक को छात्रवृत्ति मिलने में विलंब के लिए दोषी क्षेत्र संयोजक पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा जिला संयोजक (जो पहले से ही निलंबित चल रहे हैं) के निलंबन आरोप में इस मामले के आरोप भी जोड़ दिए गए हैं। बैतूल जिले के आवेदक (किसान) अनोखीलाल यादव ने सहकारिता विभाग की ओर से जारी उसके केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड का नवीनीकरण नहीं होने के कारण उसे कठिनाई होने की शिकायत की थी। कलेक्टर बैतूल ने मामले में अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि प्रबंधक पर एफआईआर की गई, फिर उससे वसूली भी की गई है।

---

इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को बंधाया ढांढस



# सीएम व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सलूजा को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का बुधवार को इंदौर में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने शुक्रवार को इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश सगंठन महामंत्री हितानंद ने नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### *सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे: डॉ. यादव*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरेंद्र सलूजा के निज निवास 195, रानीबाग मुख्य इंदौर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र सलूजा का असामयिक निधन भाजपा के लिए बड़ी क्षति है। सलूजा भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे। पार्टी ने होनहार व्यक्ति को खो दिया है यह दुखद है। मैं भगवान से कामना करता हूं कि सलूजा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।*

### सलूजा का हमारे बीच से जाना पार्टी के लिए बड़ी क्षति : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नरेंद्र सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र सलूजा का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। पार्टी ने एक अच्छे वक्ता को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

---

शिक्षक के साथ खड़े अन्य लोग सुरक्षित, सरगुजा के सीतापुर की घटना

# मोबाइल चला रहे शिक्षक पर गिरी बिजली, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के सीतापुर में आकाशीय बिजली ने एक शिक्षक की जान ले ली। अचानक बारिश शुरू होने पर उस समय शिक्षक और छः लोग बंद होटल में शरण लिए हुए थे। तभी वहां गाज गिरी और उसने शिक्षक को अपनी चपेट में ले लिया, जबकि उनके साथ खड़े अन्य छह-सात लोगों को खरोंच तक नहीं आई।

मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक अपने किसी रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। घटना ग्राम रजौटी स्थित त्रिकोण चौक में करीब एक बजे की है। जहाँ जशपुर जिले के ग्राम तमता से रिश्तेदारी निभाकर घर वापस आ रहे शिक्षक ने बारिश से बचने बंद



पड़े होटल में शरण ली थी। उस होटल में शिक्षक के अलावा पांच अन्य लोगों ने भी बारिश से बचने शरण ले रखी थी। इसी बीच तेज बारिश के साथ वहां पर गाज गिरी और मोबाइल चला रहे शिक्षक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि वहाँ मौजूद लोग उनको लेकर भागे-भागे हॉस्पिटल पहुँचे। जहाँ डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर द्वारा मृत घोषित करने के बाद भी परिजनों का मन नही माना और वो इस उम्मीद से शिक्षक को मेडिकल कॉलेज लेकर भागे। ताकि अगर थोड़ी बहुत भी संभावना हो तो वहाँ शिक्षक की जान बचाई जा सके। गाज गिरने के दौरान वहां मौजूद छह लोगों में से केवल शिक्षक इसकी चपेट में आ गए और अपनी जान गंवा दी। दरअसल बारिश के दौरान बंद पड़े होटल में शिक्षक समेत छः लोग शरण लिए हुए थे। इस दौरान शिक्षक वहाँ बैठकर मोबाइल चला रहे थे, तभी वहां पर गाज गिरी और छह लोगों में से केवल शिक्षक को अपनी चपेट में ले लिया। बाकी वहाँ मौजूद पांच अन्य लोगों का बाल भी बांका नही हुआ। वे सभी इस प्राकृतिक आपदा में बाल-बाल बच गए।

वारदात के बाद शव ईंट भट्ठे के गड्ढे में फेंका, दो गिरफ्तार

# 50 रुपए नहीं देने पर पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ लैलूंगा

29 अप्रैल को एक ईंट भट्ठे के गड्ढे में 42 वर्षीय महिला की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतका के पति ने शराब के लिए 50 रुपये न देने पर गुस्से में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। लैलूंगा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मृतका के पति बिसाहू माझी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि पैसे को लेकर हुए विवाद में उसने पत्नी को पीटा और गला दबाकर मार डाला, फिर शव को ईंट भट्ठे के गड्ढे में फेंक दिया।

पुलिस जांच में पता चला कि दंपती के बीच अक्सर झगड़े होते थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई। प्रारंभिक तौर पर बिसाहू ने दावा किया था कि पत्नी गड्ढे में गिरकर मरी, लेकिन शव और घटनास्थल के निरीक्षण से



भट्टा मालिक के बेटे को थी जानकारी, साक्ष्य छिपाने के मामले में वो भी बना आरोपी

मामला संदिग्ध पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि भट्ठा मालिक के बेटे उमेश बंजारा (27) को घटना की जानकारी थी, लेकिन उसने पुलिस को सूचना नहीं दी और साक्ष्य छिपाने की कोशिश की। इसके लिए उसके खिलाफ धारा 239 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। मृतका और उसका पति डेढ़ महीने से भट्ठे में काम कर रहे थे और वहीं रहते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

नशे की हालत में वाहन छोड़ कर रहा था डांस

# डीजे वाहन की चपेट में आने से लगभग एक दर्जन घायल



**बलौदा बाजार।** जिले के हीरमि गांव में बारात के दौरान एक हादसा हो गया। बारात में शामिल डीजे वाहन का चालक नशे की हालत में गाड़ी से उतरकर नाचने लगा। इस दौरान वाहन को असुरक्षित अवस्था में छोड़ दिया गया। वाहन में बैठे कुछ बच्चों ने अनजाने में गाड़ी का गियर लगा दिया, जिससे गाड़ी आगे बढ़ गई और बारातियों की भीड़ में घुस गई। इस हादसे में लगभग 10 से 12 लोग डीजे वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को तुरंत बलौदा-बाजार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है और डीजे वाहन चालक की लापरवाही को लेकर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

---

डॉ. यादव ने कहा, बेटियों के लिए अद्भुत है लाड़ली लक्ष्मी योजना

# मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान में लगाए पौधे, दीं शुभकामनाएं

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सभी बेटियों, बहनों और माताओं के कल्याण के लिए सरकार हमेशा आगे रही है। बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना तैयार कर 1 अप्रैल 2007 से लागू की थी। यह योजना बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और प्रदेश के जेंडर रेश्यो में उत्तरोत्तर सुधार के लिए विश्व की एक अद्भुत योजना है।

इसमें बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई और उनका विवाह होने तक भी सरकार द्वारा अभिभावकों को आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि बेटियों को कोई भी माता-पिता बोझ न माने, बेटियों की पढ़ाई-लिखाई की चिंता से मुक्त रहें और सिर्फ उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण में ही अग्रसर रहें। इस योजना को आशातीत प्रतिसाद मिलने से प्रदेश में जेंडर रेश्यो में बढ़ोतरी हुई है। डॉ. यादव शुक्रवार को लाड़ली लक्ष्मी योजना दिवस के अवसर पर स्टेट हैंगर परिसर में पौधरोपण के पश्चात लाड़ली लक्ष्मियों को संबोधित कर रहे थे।

बेटियों, बहनों और माताओं के लिए सरकार हमेशा आगे



### *आम, आंवला, संतरे और नींबू के पौधे लगाए*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के तहत भोपाल जिले की 25 से अधिक लाड़ली लक्ष्मी के साथ आम, आंवला, संतरे और नींबू के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर माता-पिता को अपनी बेटियों के नाम एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उस पौधे का अपनी संतान की तरह पालन पोषण करना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारंभ से अब तक 50 लाख 45 हजार से अधिक लाड़ली लक्ष्मियों का पंजीयन किया जा चुका है। कार्यक्रम में आईं सभी लाड़ली लक्ष्मियों ने फूल देकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया और उनके साथ पौधरोपण किया। उन्होंने प्रदेश की सभी बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की शुभकामनाएं देते कहा कि वे जितना अधिक हो सके, खूब पढ़-लिखकर अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ें। उनके भविष्य की चिंता हमारी सरकार करेगी। डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को हर कदम पर जरूरी मार्गदर्शन और मदद मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम में नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित थे।*

## 16 हजार किसानों ने लिया पांच रुपए कृषि पंप कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को मात्र पांच रुपए में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। जब से यह योजना शुरू हुई है तब से अब तक इस योजना का लाभ 16 हजार 545 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कृषि पंपों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने हेतु ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं उनको सुविधानुसार कनेक्शन दिया जा रहा है। नवीन कृषि पंप के लिए स्थाई विद्युत कनेक्शन का आवेदन सरल संयोजन पोर्टल से किया जा सकता है।

**पहलगाम आतंकी हमले से सन्न व शोकाकुल देश में सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना के साथ जाति गणना कराने का ऐलान कर समूचे आवाम को चौंका दिया है। एक समय तक संसद से सड़क व अदालत तक पीएम नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार और भाजपा जाति गणना के मुखर विरोधी रहीं, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की जाति गणना की मांग को सामाजिक भेदभाव बढ़ाने वाली बता कर खारिज करती रहीं, हालांकि विपक्ष में रहते हुए भाजपा जाति जनगणना की मांग करती रही थी। जाति जनगणना कराने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल सरकार के इस कदम को दबाव में लिया गया निर्णय बताते हुए अपनी जीत बता रहे हैं, तो विश्लेषक व राजनीतिक के जानकार मान रहे हैं कि पीएम मोदी ने जाति गणना की घोषणा कर राहुल गांधी व विपक्ष के मुद्दे की हवा निकाल दी है। राष्ट्रीय जनगणना कब होगी, जिसमें जातियों के हिसाब से गिनती होगी, इसकी कोई भी समय सीमा नहीं बताई गई है। वर्ष 2026 में परिसीमन होना है तो माना जा रहा है कि उससे पहले जनगणना हो जाएगी। जाति गणना के बाद आंकड़े जारी होंगे या नहीं, यह भी नहीं पता। इस आंकड़े के राजनीतिक दुरूपयोग तो नहीं होंगे या इससे सामाजिक विभाजन तो नहीं बढ़ेगा यह भी आशंका है। तमाम पहलुओं का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# जातिगणना के आंकड़ों का सदुपयोग हो



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

> **पहलगाम आतंकवादी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के निर्णय ने राष्ट्रीय विमर्श को कुछ समय के लिए एक सीमा तक दूसरा मोड़ भी दिया है। हमारे देश में गंभीर दूरगामी परिणाम वाले विषयों के भी राजनीतिक दुरूपयोग करने की ऐसी घातक प्रवृत्ति है जिसमें वास्तविक मुद्दे ओझल हो जाते हैं। भारत की एकता -अखंडता, सामाजिक सद्भाव आदि की दृष्टि से जाति जनगणना ऐसा कदम है जिसके सदुपयोग - दुरुपयोग दोनों की संभावनाएं हैं। 1979 में मंडल आयोग का गठन और इसे राष्ट्रीय स्तर पर 1990 में लागू किए जाने के पीछे राजनीति ही थी।**

शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अचानक जनगणना के साथ जातिगणना करने की घोषणा कर देगी। पूरा देश पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद गुस्से में है, सरकार भी लगातार कठोर तेवर अपनाए हुए है, कूटनीतिक मोर्चे पर सक्रिय होने के साथ पाकिस्तान की घेरेबंदी की जा रही है, कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और उनके समर्थकों ,जिन्हें ओवरग्राउंड वर्कर्स कहते हैं के घर ध्वस्त किए जा रहे हैं तथा स्वयं प्रधानमंत्री चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ, सेना के तीनों प्रमुखों, प्रमुख मंत्रियों, मंत्रिमंडल की प्रमुख समितियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। इन सारी गतिविधियों के बीच अचानक इस निर्णय ने निश्चित रूप से लोगों को चौंकाया है।

## राजनीतिक दुरूपयोग की आशंका

निस्संदेह, पहलगाम आतंकवादी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के निर्णय ने राष्ट्रीय विमर्श को कुछ समय के लिए एक सीमा तक दूसरा मोड़ भी दिया है। हमारे देश में गंभीर दूरगामी परिणाम वाले विषयों के भी राजनीतिक दुरुपयोग करने की ऐसी घातक प्रवृत्ति है जिसमें वास्तविक मुद्दे ओझल हो जाते हैं। भारत की एकता -अखंडता, सामाजिक सद्भाव आदि की दृष्टि से जाति जनगणना ऐसा कदम है जिसके सदुपयोग - दुरुपयोग दोनों की संभावनाएं हैं और उनके खतरे भी बड़े हैं। इसके बावजूद राजनीति होगी और हो रही है। 1979 में मंडल आयोग का गठन, उसकी रिपोर्ट और राष्ट्रीय स्तर पर 1990 में लागू किए जाने के पीछे भी राजनीति थी। इससे शुरू सामाजिक-राजनीतिक- सांस्कृतिक उथल-पुथल का दौर पूरी तरह कभी स्थिर नहीं हुआ क्योंकि इसे वास्तविक सामाजिक न्याय का ईमानदार-जिम्मेदार अंग बनाने की बजाय मंडलवादी नेताओं की अदूरदर्शिता और संकुचित सोच के कारण इसका घातक दुरूपयोग हुआ। पूरे देश की राजनीति और सत्ता संरचना के वर्णक्रम में आमूल बदलाव आया, पर अदूरदर्शी, नासमझ नेताओं और उनके परिवारों के हाथों कई राज्यों की राजनीति केंद्रित होने के कारण देश को ऐसा नुकसान भी उठाना पड़ा जिसकी भरपाई संभव नहीं हो पा रही।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां इसे अपनी विजय बता सकती है, क्योंकि पिछले साढ़े तीन वर्षों से ये इसकी आवाज उठा रहे थे। 2024 लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना को एक बड़ा मुद्दा बनाया गया। यह भी सच है कि राहुल गांधी जाति जनगणना के साथ संपत्ति सर्वे से लेकर संख्या के आधार पर संसाधनों के बंटवारे जैसे अतिवादी वादे कर रहे थे। भाजपा का पहला स्टैंड था कि यह व्यावहारिक नहीं है और एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सरकार ने यही शपथ पत्र दिया था। दूसरी ओर किसी भी मंत्री या नेता ने जाति जनगणना का नाम लेकर विरोध नहीं किया। बिहार में तो तब विपक्ष में रहते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई ने नीतीश कुमार द्वारा जाति सर्वे करने का समर्थन कर दिया। पिछले वर्ष के उत्तरार्ध से मोदी सरकार की ओर से जाति जनगणना करने का संकेत मिलने लगा। जब सरकार की ओर से आगामी जनगणना की बात आई तो गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले वर्ष अगस्त में एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि समय आने पर इसका निर्णय होगा। भारत में मजहब परिवर्तन के बावजूद मुसलमानों में भी पूर्व हिंदुओं की जाति कायम है और उनकी गणना होगी। विपक्ष और आम भाजपा विरोधी इस पर कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे, यह भी देखना होगा।

## मुस्लिम जातियों की भी हो गणना

गणना सभी की होनी है तो उसमें मुस्लिम जातियों की भी होनी चाहिए। देश को पता चलना चाहिए कि जातिविहीन मजहब का भारतीय सच क्या है। राहुल गांधी हो या अन्य नेता जाति जनगणना की मांग का श्रेय लेने के साथ उनका मुसलमानों के अंदर जाति की गणना पर अपना स्टैंड स्पष्ट करना पड़ेगा। ऐसा तो नहीं हो सकता कि भारत में केवल हिंदुओं के अंदर जाति की गणना हो और दूसरे मजहब को इससे अलग रखा जाए। वे कभी भी हिंदुओं से बाहर जाति गणना की न कल्पना करते थे न बात। इसलिए जाति गणना पर राजनीति खासकर श्रेय लेने की राजनीति जितनी मानी जा रही है उतनी सरल सपाट और आसान नहीं है। जाति गणना से संबंधित कुछ बातें अवश्य ध्यान रखनी चाहिए। 2011 की जनगणना के समय भी जाति जनगणना की जबरदस्त मांग उठी थी और संसद का रिकॉर्ड देखें तो भाजपा भी सरकार से इसकी मांग कर रही थी। यूपीए सरकार ने इसे संविधान के तहत जनगणना आयुक्त के अधीन मान्य तरीके से कराने की जगह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में कराया तो उसके भी निहितार्थ थे। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, पूरा परिश्रम करने के बावजूद नहीं कर सकी क्योंकि पूरी रिपोर्ट त्रुटियों से भरी थी। लगभग 46 लाख जातियां और गोत्र आ गए थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जाति-जनजाति को छोड़कर अन्य जातियों की गणना नहीं करने का निर्णय लिया तो सोच यही थी कि अंग्रेज जाति भेद उभार कर भारत में अपनी सत्ता बनाये रखने के लक्ष्य से ऐसा कर रहे थे जिससे बचना है। यह सच है कि एक समय सामाजिक दृष्टि से गहरे अन्वेषण और व्यावहारिकता से निर्मित सशक्त जाति व्यवस्था भारत के स्वावलंबी और आदर्श देश का कारण था तो कालांतर में जाति भेद, ऊंच-नीच और छुआछूत ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया।

## क्या ऊंच-नीच व भेदभाव से मुक्ति मिलेगी

ध्यान रखिए कि अंग्रेजों ने 1853 में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस में पहली जनगणना कराई और उसके बाद जातिवार गणना का विचार किया। तब सेन्शस एडमिनिस्ट्रेटर एचएच रिजले की अगुवाई में विचार हुआ और किसे व किस जाति का माना जाए, इसके लिए वर्ण व्यवस्था और पेशे के अनुसार जाति समूह बनाए गए। बावजूद 1901 में पहली जनगणना हुई लेकिन अंग्रेजों की दृष्टि से भी जाति पूर्ण जनगणना केवल 1931 में संभव हो सकी। दरअसल, भारत की जाति व्यवस्था को समझना अंग्रेजों के वश की बात नहीं थी। 1901 में 1646 जातियां थी तो 1931 की जनगणना में 4147 और 2011 में करीब 46 लाख। 1980 के मंडल आयोग रिपोर्ट में भी 3428 अन्य पिछड़ी जातियों की सूची थी। एक ही जाति श्रेणी के अलग-अलग राज्य के साथ एक ही राज्य में अलग-अलग नाम और गोत्र हैं। इसलिए शत- प्रतिशत मान्य और सुसंबद्ध जातिगत आंकड़ा देना गणना के बावजूद अत्यंत कठिन होगा। एक उदाहरण देखिए। 1931 में महाराष्ट्र में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियों की संख्या 494 थी, जबकि 2011 की गणना में यह संख्या 4 लाख 28 हजार 677 पाई गई। इससे कल्पना की जा सकती है कि जाति की गणना और फिर संपूर्ण स्पष्ट रिपोर्ट ले आना आसान नहीं होगा। मोदी सरकार ने 2011 की गणना पर गहराई से काम किया, इसलिए उसे इसका अनुभव है। मूल बात इस गणना के उद्देश्य की है। जब अधिसूचना जारी होगी तो पता चलेगा कि सरकार क्या उद्देश्य घोषित करती है। साफ है कि जाति जनगणना के पीछे दूरगामी सोच, भविष्य में उत्पन्न होने वाली प्रतिक्रियाओं को संभालने की तैयारी और उसके सदुपयोग की आधारभूमि होनी चाहिए। विपक्ष के तेवर से साफ है कि इसके बाद इसे मंडल भाग 2 बनाने की रणनीति अपनाई जाएगी। अगर जनसंख्या उनके अनुसार निकली तो आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने पर राजनीति होगी। उस समय की परिस्थितियों को पहले की पृष्ठभूमि में देखने पर देश में सामाजिक अशांति और उथल-पुथल का डर पैदा होता है। अभी तक नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जाति, आरक्षण और अन्य मुद्दों पर दिखाई गई गंभीरता से उम्मीद की जा सकती है कि सत्ता की राजनीति करते हुए भी इसका हश्र वैसा नहीं होगा, जैसा मंडल और उसके नाम पर निकले नेताओं ने आरक्षण का किया। जाति जनगणना पर निर्णय के एक दिन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की प्रधानमंत्री से लंबी मुलाकात हुई। इसमें जाति गणना की रूपरेखा और इससे उत्पन्न भविष्य की परिस्थितियों पर भी विस्तृत बातचीत हुई होगी। पिछले वर्ष 2 सितंबर को पलक्कड में आयोजित समन्वय बैठक में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा था कि समाज के वंचित वर्ग के कल्याण के लिए जाति के आंकड़े इकट्ठे करने में समस्या नहीं है। लेकिन यह गंभीर मुद्दा है, राष्ट्र की एकता और अखंडता से जुड़ा है, इसलिए इसका राजनीतिक दुरुपयोग नहीं हो बल्कि उपयोग जन कल्याण के लिए हो। विपक्ष जो आरोप लगाये, संघ को व्यापक उद्देश्य से जाति गणना करने में समस्या नहीं रही है। संघ ने अपना मंतव्य सरकार के सामने स्पष्ट किया होगा। संघ का उद्देश्य हिंदू समाज के अंदर उसके स्व का भाव घनीभूत करते हुए भेदभाव समाप्त कर पूर्ण एकता स्थापित करना है। भेदभावपूर्ण जाति व्यवस्था भारत का मूल नहीं बल्कि कालांतर में विकृत होता गया भयानक सच है।

## नकारात्मक मोड का पूर्वोपाय जरूरी

हिंदू समाज को विभाजित कर देश को कमजोर करने के लिए अनेक शक्तियां अंदर और बाहर सक्रिय हैं और जाति गणना की उग्र मांग के पीछे प्रत्यक्ष परोक्ष उनकी भूमिका भी है। जिस तरह राहुल गांधी या अखिलेश यादव सभाओं में पत्रकारों तक की जाति पूछते हुए डराते और शर्मसार करते देखे गए हैं वो भयभीत करने वाला है। यह समाज के वास्तविक वंचितों और पिछड़ों के कल्याण द्वारा जाति भेद समाप्त कर समता पर आधारित समाज निर्मित करने और देश की एकता व अखंडता को सशक्त करने की भूमिका तो नहीं हो सकती। सरकार, भाजपा, संघ तथा सामाजिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण में लगे दूसरे संगठनों को संपूर्ण परिस्थितियों की समझ है। इसलिए उम्मीद करनी चाहिए कि जाति के आंकड़े नए सिरे से विभाजन और जातीय विद्वेष, ईर्ष्या , घृणा उभारने का कारण नहीं बनेगा। यह जनगणना 1951 से अब तक की सबसे विस्तृत, व्यापक और समग्र गणना होगी जिसमें जाति गिनना एक भाग होगा। इसमें संभवतः एक-एक परिवार के संपूर्ण आर्थिक, वित्तीय जिसमें संपत्ति, कर्ज, वाहन, पेशा, शिक्षा आदि की संपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है। लेकिन जाति गणना का कारक राजनीतिक वक्तव्य और विमर्श में सबसे प्रबल होता जाएगा, इसकी पूरी संभावना है। मोदी सरकार और देश में सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता अखंडता में निष्ठा रखने वाले ,उसके लिए काम करने वाले संगठनों, समूहों और व्यक्तियों का दायित्व है कि उस विमर्श को नकारात्मक मोड़ लेने से रोकने का पूर्वोपाय करें।



# जातिगत जनगणना के हैं बहुआयाम



**दृष्टिकोण**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ स्तंभकार

आखिरकार केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को हरी झंडी देकर एक अच्छी पहल की है। इस गणना में धार्मिक और आर्थिक आंकड़े तो लिए ही जाएंगे, गरीबी और अमीरी के आंकड़े भी स्पष्ट तौर से रेखांकित हो जाएंगे। विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबियों की संख्या भी सुनिश्चित हो जाएगी। हालांकि एक समय जातीय आधार पर जनगणना का विरोध कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दल इसलिए कर रहे थे कि इससे जातिवाद और मजबूत होगा, जबकि एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में जाति तोड़ने के उपाय होने चाहिए। लेकिन राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के पैरोकार बनकर ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। हालांकि भाजपा ने जातीय गिनती का कभी स्पष्ट रूप में विरोध नहीं किया। अलबत्ता देश की हकीकत यह है कि जाति तोड़ने के जितने भी सनातन उपाय किए गये हैं, वे असफल ही रहे हैं। विनायक दमोदर सावरकर ने तो हिन्दुओं का जातिगत ढांचा नष्ट करने का संकल्प भी लिया था, लेकिन वे विफल रहे। गणना की इस प्रणाली से कई अहम और नए पहलू सामने आएंगे।

## मुस्लिम समाज में जातिप्रथा पर पर्दा

बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कितनी पुख्ता है, इसका खुलासा होगा। मुस्लिम समाज में भी जातिप्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बहाल रखना चाहता है, जिससे सरकारी योजनाओं के जो लाभ हैं वे पूर्व से ही संपन्न लोगों को मिलते रहें। जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना का आधार धर्म और लिंग है। अल्पसंख्यक समुदाओं में से एक पारसियों की घटती आबादी की स्थिति भी जातीय गणना से साफ होगी। क्योंकि हाल ही में इस समुदाय को प्रजनन सहायता योजना चलाकर जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पिछड़ों की समृद्ध जातियां, जाति आधारित जनगणना कराए जाने पर इसलिए दबाव डालती चली आ रही थीं, जिसमें पिछड़ों को उनकी जातीय प्रतिशत के हिसाब से आरक्षण सुविधा का लाभ मिले। आर्थिक और शैक्षिक आंकड़े सामने आने पर आरक्षण की सुविधा से यदि धनी पिछड़ों को अलग किया जाता है तो इन आंकड़ों की महत्ता सार्थक होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को चार सौ पार रोकने में जातीय जनगणना और संविधान बदलने के मुद्दे विपक्ष के काम आए। इसी का परिणाम रहा कि उप्र में भाजपा की सीटें 62 से घटकर 33 रह गईं। इसी के चलते भाजपा स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से दो सीटें पीछे रह गई। पिछड़ने के इस कारण में उप्र के पिछड़ों की नाराजगी दिखाई दी।

## आरक्षण जाति उत्थान का मूल नहीं

अतएव भाजपा और संघ असमंजस की स्थिति से उबरे और जातीय आधारित जनगणना कराने का अहम निर्णय ले लिया। जातिवार जनगणना और उससे वर्तमान आरक्षण पद्धति में परिवर्तन की



उम्मीद को लेकर पिछड़े तबके के अलंबदार लालू-मुलायम-शरद का जोर था कि पिछड़ी जातियों की गिनती अनुसूचित जाति व जनजातियों की तरह कराई जाए। क्योंकि आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पहल जरूरी थी। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता। क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता। लेकिन यहां सवाल उठता है कि पूंजीवाद की पोषक सरकारें समावेशी आर्थिक विकास की पक्षधर क्यों होगी? देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र की गुंजलक में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं, जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। इसलिए धर्म आधारित मुस्लिम जनगणना में जाति का खाना भी अब सुनिश्चित होगा। इससे तय होता कि किस श्रेणी की कितनी मुस्लिम आबादी है। इनकी शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी स्पष्ट होगी। 1931 में हुई जनगणना में बिहार और उड़ीसा में मुसलमानों की तीन बिरादरियों का जिक्र है, मुस्लिम डोम, मुस्लिम हलालखोर और मुस्लिम जुलाहे। बाकी जातियों को किस राजनीतिक जालसाजी के तहत हटाया गया, इसकी पड़ताल हो तो अच्छा है। यदि ऐसा होता है तो वास्तविक रूप से आर्थिक बदहाली झेल रही जातियों को सरकारी लाभ योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा। अल्संख्यक समूहों में इस वक्त हमारे देश में पारसियों की घटती जनसंख्या चिंता का कारण है। इस आबादी को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने प्रजनन सहायता योजना समेत तीन योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में लागू किया है। सर्वे के मुताबिक पारसियों की जनसंख्या 1941 में 1,14000 के मुकाबले 2011 में केवल 69000 रह गई। बीते दस साल में इनकी आबादी किस हाल में है, इसका खुलासा भी जातीय गणना से होगा।

## घुसपैठियों के भी आंकड़े मिलेंगे

2011 की जाति आधारित जनगणना में ऐसे उपायों का भी सख्ती से पालन होगा, जिससे बांग्लादेशी घुसपैठिए इस पंजी में दर्ज नहीं होने पाएं? लेकिन ऐसा नहीं किया गया तो इन घुसपैठियों की भी गिनती हो जाएगी। ये घुसपैठिए देश के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने और सुरक्षा की दृष्टि से भारी बोझ हैं। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी नाजायज तौर से रह रहे हैं। अपने मूल स्वरूप में जनसंख्या में बदलाव एक जैविक घटना होने के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक व आर्थिक आधारों को प्रभावित करती है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मध्यान्ह भोजन, बीपीएल और एपीएल के माध्यम से आहार का आधार बनाए जाने के कारण भी सटीक जनगणना है। इसलिए जातिवार जनसंख्यात्म लक्ष्य देश के गरीब व वंचित वर्ग को खाद्य और पेयजल जैसी सुरक्षा का उपाय तो बनेंगे ही, सरकारी सेवाओं में आरक्षण किस जाति और वर्ग के अधिक जरूरी है, इसकी भी झलक मिलेगी।

# दोधारी तलवार है जातिगत जनगणना



**दो टूक**

संदीप सृजन

स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार

जातिगत जनगणना एक ऐसा विषय है जो भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में लंबे समय से चर्चा का केंद्र रहा है। यह न केवल सामाजिक संरचना को समझने का एक उपकरण है, बल्कि नीति निर्माण और संसाधन वितरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि इसे सावधानीपूर्वक और जिम्मेदारी के साथ लागू किया जाए, तो यह भारत को एक अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की ओर ले जा सकता है। जातिगत जनगणना का इतिहास भारत में औपनिवेशिक काल से शुरू होता है। भारत में पहली बार व्यापक जनगणना 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें जाति के आधार पर भी आंकड़े एकत्र किए गए। यह प्रक्रिया 1931 तक नियमित रूप से हर दस साल में दोहराई गई। 1931 की जनगणना में विभिन्न जातियों और उपजातियों की विस्तृत जानकारी प्रकाशित की गई, जो आज भी कई नीतियों और आरक्षण प्रणालियों के लिए आधारभूत डेटा के रूप में उपयोग की जाती है।

## 1951 में जातिगत गणना बंद हुई

उदाहरण के लिए, 1931 के आंकड़ों के आधार पर ही मंडल आयोग ने 1980 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की सिफारिश की थी। 1941 की जनगणना में भी जाति आधारित आंकड़े एकत्र किए गए, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध और अन्य प्रशासनिक कारणों से इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। आजादी के बाद, 1951 की जनगणना में भारत सरकार ने जातिगत आंकड़े एकत्र करने को बंद करने का निर्णय लिया। केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आंकड़े एकत्र किए जाने लगे, जबकि अन्य जातियों के लिए कोई अलग डेटा संग्रह नहीं किया गया। 2011 में, यूपीए सरकार ने सामाजिक- आर्थिक और जातिगत जनगणना आयोजित की, जो 1931 के बाद पहली बार जाति आधारित डेटा संग्रह का प्रयास था। लेकिन इस सर्वेक्षण के आंकड़े पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किए गए और इसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से बिहार में 2023 में आयोजित जाति आधारित सर्वेक्षण ने इस मुद्दे को फिर से राष्ट्रीय चर्चा में ला दिया। बिहार सरकार ने इस सर्वेक्षण को दो चरणों में पूरा किया, जिसमें पहले चरण में घरों की गिनती और दूसरे चरण में जातियों के आंकड़े एकत्र किए गए। केंद्र सरकार ने शुरू में इस सर्वेक्षण का विरोध किया, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया। 2025 में, केंद्र सरकार ने घोषणा की कि अगली राष्ट्रीय जनगणना में जाति आधारित आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे, जिसे कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स ने मंजूरी दे दी है।

## जातिगत गणना के लाभ

जातिगत जनगणना के समर्थक इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का एक महत्वपूर्ण उपकरण मानते हैं। जातिगत जनगणना से विभिन्न जाति समूहों की शिक्षा, रोजगार, आय और संपत्ति के वितरण में असमानताओं का सटीक आकलन किया जा सकता है। यह डेटा



नीति निर्माताओं को उन समुदायों की पहचान करने में मदद करता है जो सामाजिक और आर्थिक रूप से सबसे अधिक हाशिए पर हैं। उदाहरण के लिए, बिहार के 2023 सर्वेक्षण ने दिखाया कि 84% आबादी सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर है, जिसने नीति निर्माण में नए दृष्टिकोण को जन्म दिया। सटीक जाति आधारित डेटा के आधार पर सरकारें विशिष्ट समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बना सकती हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी विशेष जाति समूह में शिक्षा का स्तर बहुत कम है, तो उनके लिए विशेष शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। जातिगत जनगणना से यह स्पष्ट हो सकता है कि किन क्षेत्रों या समुदायों में संसाधनों की अधिक आवश्यकता है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जा सकता है जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। जातिगत जनगणना से नया डेटा मिलेगा, जिसके आधार पर आरक्षण कोटे को समायोजित किया जा सकता है। जातिगत जनगणना शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए एक मूल्यवान डेटाबेस प्रदान कर सकती है, जिससे सामाजिक गतिशीलता, असमानता और विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन संभव हो सकता है। जातिगत जनगणना से वंचित समुदायों को उनकी स्थिति सुधारने का अवसर मिलेगा, जिससे सामाजिक एकता मजबूत होगी और लोकतंत्र में उनकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। जातिगत जनगणना के विरोधी इसे सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से हानिकारक मानते हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि जातिगत जनगणना से समाज में जातिगत तनाव और ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। यह लोगों को उनकी जातिगत पहचान के आधार पर समूहों में बांट सकता है, जिससे राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंच सकता है। जातिगत जनगणना में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जाती है, जिसके दुरुपयोग की आशंका रहती है। यदि यह डेटा गलत हाथों में पड़ता है, तो यह सामाजिक भेदभाव को और बढ़ा सकता है। जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर विभिन्न समुदाय आरक्षण की नई मांगें उठा सकते हैं, जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% आरक्षण की सीमा पहले ही कई राज्यों में चुनौती का विषय है। जातिगत जनगणना जाति व्यवस्था को और मजबूत कर सकती है, क्योंकि यह लोगों को उनकी जातिगत पहचान के प्रति और अधिक जागरूक करेगी। इससे आधुनिक लोकतंत्र के 'सार्वभौमिक नागरिक बोध' को नुकसान पहुंच सकता है। जातिगत जनगणना का डेटा राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक की राजनीति के लिए दुरुपयोग किया जा सकता है। क्षेत्रीय दल विशेष रूप से इसका उपयोग अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए कर सकते हैं।

## वर्तमान स्थिति और विश्लेषण

विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट है कि जातिगत जनगणना एक दोधारी तलवार है। एक ओर, यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। यह उन समुदायों को मुख्यधारा में लाने में मदद कर सकता है जो ऐतिहासिक रूप से वंचित रहे हैं। दूसरी ओर, इसके गलत उपयोग से सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और जातिगत पहचान को और मजबूत करने का खतरा है। इसलिए, जातिगत जनगणना को लागू करने से पहले कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। पहला, डेटा संग्रह की प्रक्रिया को पारदर्शी और गोपनीय बनाया जाना चाहिए ताकि व्यक्तिगत गोपनीयता का उल्लंघन न हो। दूसरा, आंकड़ों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कानूनी ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। तीसरा, जनगणना के परिणामों को केवल सामाजिक कल्याण और नीति निर्माण के लिए उपयोग किया जाना चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए।

## आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा पहुंचे तमिलनाडु

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री मंत्री जेपी नड्डा ने 2026 में तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी की तमिलनाडु इकाई की तैयारियों की समीक्षा की। नड्डा ने राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने और पार्टी के संगठनात्मक कार्य को भी आगे बढ़ाने की सलाह दी।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख और विधायक दल के नेता नैनार नागेंथिरन की अध्यक्षता में बैठक में तमिलनाडु मामलों के राष्ट्रीय सह-प्रभारी पी सुधाकर रेड्डी, राज्य इकाई के सह-संयोजक एच राजा, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष और विधायक वनाथी श्रीनिवासन और पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष पोन राधाकृष्णन और डॉ तमिलिसाई सौंदरराजन सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# संगठनात्मक कार्य में तेजी लाएं और द्रमुक को हटाएं

### द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे: नागेंद्रन

**राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया**

राज्य इकाई के प्रमुख नैनार की अध्यक्षता में की बैठक



पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोज पी सेल्वम ने कहा कि बैठक में हमारे प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2026 के चुनाव में द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करने और राज्य विधानसभा में भाजपा के अधिकतम सदस्यों की संख्या सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया।

**अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया**

### शैव सिद्धांत ने तमिल पहचान को आकार दिया

नड्डा यहां एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में धर्मपुरम अधीनम के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए हैं। नड्डा ने कहा कि तमिल धरती में गहराई से निहित शैव सिद्धांत ने भक्ति, सदाचार और दैवीय कृपा से मुक्ति पर जोर देकर तमिल पहचान को आकार दिया है। शैव सिद्धांत महज एक धार्मिक दर्शन नहीं है बल्कि यह एक सभ्यतागत सिद्धांत है जो आत्मा, परमात्मा और जगत के बीच पवित्र संबंध की शिक्षा देता है। उन्होंने यहां कट्टनकुलथुर में तिरुकायिलया परंपरा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया।

#### संत अप्पार, सुंदरार और तिरुग्नना संबंदर का गुणगान किया

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पवित्र भूमि है और संगम कवियों तथा शैव संतों ने इस दर्शन को पोषित किया। उन्होंने कहा कि थेवरम और थिरुवसगम को प्रतिदिन बहुत जोश के साथ गाया जाता था, जो हमारे पूर्वजों की शाश्वत भक्ति को प्रतिध्वनित करता था। संत अप्पार, सुंदरार और तिरुग्नना संबंदर द्वारा रचित पवित्र थेवरम (तमिल भक्ति भजन) दिव्यता की ओर ले जाता है।

### कुलाधिपति टीआर को सराहा

नड्डा ने शिक्षा और आध्यात्मिकता में योगदान के लिए एसआरएम विश्वविद्यालय के संस्थापक-कुलाधिपति टी आर पारिवेंधर की सराहना की। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन के लिए धर्मपुरम अधीनम को भी धन्यवाद दिया। कुलाधिपति पारीवेंधर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हम सम्मेलन के लिए उनके अनुग्रहपूर्ण संदेश और आशीर्वाद के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति अत्यंत आभारी हैं। उनके शब्द हमें भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं।

## खबर संक्षेप

### जयपुर-जोधपुर इंटरसिटी के इंजन से निकला धुआं




**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर और जोधपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में आज उस समय यात्री सहम गए जब ट्रेन के इंजन से धुंआ निकलता दिखाई दिया। एक्सप्रेस के इंजन से धुआं निकलता देख ट्रेन में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई हालांकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। यह घटना नागौर जिले के गोटन रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को हुई।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु के उन युवाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने निम्नलिखित 6 श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। लोग प्रविष्ठि भेज सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर नक्सली मुठभेड़ में ढेर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ में एक हार्डकोर नक्सली मारा गया। उसके सिर पर 8 लाख रुपए का इनाम था। इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 145 नक्सली मारे जा चुके हैं। गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

### हिंदू एक्टिविस्ट हत्या मामले में 8 गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में 8लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपी 'सफवान' गैंग से जुड़े हैं। मोहम्मद फाजिल की 2022 की बहुचर्चित हत्या के मुख्य आरोपी सुहास की 1 मई की रात को बाजपे के किन्निकंबला में अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने हत्या कर दी थी।

### फंदे से लटके मिले महिला, 3 बेटियों के शव



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शनिवार को 30 वर्षीय एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव उनके घर में फंदे से लटके पाए गए। मृतक महिला का पति रात की डयूटी करके सुबह घर लौटा तो उसने महिला और उसकी तीन बेटियों के शवों को पंखे से बंधे फंदों से लटका देखा।

### पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाया तो भड़की भाजपा

# कांग्रेस पाकिस्तानी सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने का कोई मौका नहीं छोड़ती: पात्रा

## कांग्रेस नेता अपने बयानों से नागरिकों और सशस्त्र बलों का मनोबल गिरा रही: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पहलगाम आतंकी हमले को लेकर अपने नेताओं के बिल्कुल विपरीत बयानों के जरिए नागरिकों और सशस्त्र बलों दोनों का मनोबल गिरा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद डॉ. संबित पात्रा ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में 2019 के पुलवामा घटना के बाद पाकिस्तान पर भारत की सर्जिकल स्ट्राइक की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने के लिए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि बाहर से कांग्रेस कार्यसमिति है लेकिन अंदर पाकिस्तान कार्यसमिति है।

चन्नी ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा था कि 40 भारतीय सैनिक मारे गए और सरकार ने चुनाव आने पर कार्रवाई का दावा किया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था, लेकिन हमने कभी नहीं देखा कि पाकिस्तान में कहां हमले किए गए और कहां लोग मारे गए। अगर कोई हमारे देश में बम फेंके, तो क्या लोगों को पता नहीं चलेगा?

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 'सर्जिकल स्ट्राइक' करने का दावा किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ था। 'सर्जिकल स्ट्राइक' कहीं नहीं देखी गई और किसी को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पात्रा ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित हमले के बाद पूरा देश दुख से जूझ रहा है। कल कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई जिसमें कुछ प्रस्ताव पारित किए गए। हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं। पात्रा ने कहा कि सीडब्ल्यूसी द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने के तुरंत बाद चन्नी ने एक 'समानांतर' संवाददाता सम्मेलन किया जिसमें उन्होंने पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद बालाकोट में किए गए भारत के हवाई हमले की वास्तविकता पर सवाल उठाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी तंज कसा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस पाकिस्तानी सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने तथा उनका मनोबल बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

#### सेना और भारतीयों का मनोबल गिराया

पात्रा ने पूछा कि क्या कांग्रेस नेताओं की इस तरह की विवादास्पद टिप्पणियों से सशस्त्र बलों और आम तौर पर भारतीयों का मनोबल कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार से आतंकवादी हमले के बाद अपनी रणनीति बताने को कहा है।

#### 60 साल में कांग्रेस ने क्यों नहीं कराई जाति गणना?

पात्रा ने जातिगत गणना की सरकार की घोषणा का श्रेय लेने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि सत्ता में अपने 60 साल से अधिक के कार्यकाल में पार्टी ने कभी यह काम नहीं किया लेकिन मोदी सरकार स्वतंत्र भारत की पहली जातिगत गणना करेगी।

#### कांग्रेस पाकिस्तान को संदेश देने का प्रयास करेगी

पात्रा ने कहा कि जैसे ही कांग्रेस नेताओं को सरकार की योजनाओं के बारे में पता चलेगा, वे पाकिस्तान को संदेश देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने गौरव गोगोई पर भी सवाल उठाए।

#### कांग्रेस नेताओं ने अब फिर अनर्गल बयान दिए

पात्रा ने पहलगाम हमले से संबंधित कई कांग्रेस नेताओं की अन्य विवादास्पद टिप्पणियों का हवाला देते हुए पार्टी की आधिकारिक घोषणाओं और उसके सदस्यों की सार्वजनिक टिप्पणियों में अंतर को लेकर पार्टी की आलोचना की। उन्होंने कर्नाटक केसीएम सिद्धारमैया, महाराष्ट्र के विधायक विजय वडेट्टीवार, हिमाचल प्रदेश के मंत्री इंदर सिंह और राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा की टिप्पणियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने अखिलेश पर भी सवाल किए।

#### 'जगन्नाथ धाम' तो पुरी में मौजूद , बंगाल में कैसे होगा?

पश्चिम बंगाल के दीघा में नवनिर्मित मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' नाम दिए जाने संबंधी विवाद के बीच पात्रा ने जोर देकर कहा कि केवल एक ही जगन्नाथ मंदिर हो सकता है जो ओडिशा के पुरी में मौजूद है। पात्रा लोकसभा में पुरी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

#### चन्नी ने 'समानांतर' संवाददाता सम्मेलन में बालाकोट कार्रवाई पर उठाए थे सवाल



सीडब्ल्यूसी ने प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र से आग्रह किया गया कि वह आतंकवाद का लगातार समर्थन करते रहे पाक को दंडित करने के वास्ते दृढ़ता से काम करे। चन्नी ने एक 'समानांतर' संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बालाकोट में किए गए भारत के हवाई हमले की वास्तविकता पर सवाल उठाया। कांग्रेस पाक सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने तथा उनका मनोबल बढ़ाने का मौका नहीं छोड़ती।

#### लोगों को पता नहीं चलेगा बम? फिर मुकरे चन्नी

चन्नी ने कहा था कि 40 सैनिक मारे गए। हमने कभी नहीं देखा कि पाक में कहां हमले किए गए। बम फेंके, तो क्या लोगों को पता नहीं चलेगा? चन्नी ने कहा कि मैं हमेशा से इसकी (सबूत की) मांग करता रहा हूं। भाजपा द्वारा हमला करने के बाद कांग्रेस नेता ने अपने बयान से पलटते हुए कहा कि किसी सबूत की जरूरत नहीं है।

### अदालत ने सुनाया अंतिम फैसला

# अब केवल तीन मंजिल नहीं पूरी संजौली मस्जिद गिरेगी

*नगर निगम आयुक्त भूपिंदर की अदालत का आदेश*



एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में स्थित मस्जिद को लेकर नगर निगम अदालत ने अंतिम फैसला सुना दिया है। पूरी मस्जिद के अवैध घोषित कर उसे पूरी तरह गिराने का आदेश दिया गया है। इससे पहले अदालत ने 5 अक्टूबर 2024 को मस्जिद की ऊपरी 3मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था। शिमला नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री की अदालत ने शनिवार को सुनवाई के बाद पूरे निर्माण को अवैध करार देते हुए संजौली मस्जिद को पूरी तरह से गिराने का आदेश जारी कर दिया। यह फैसला उस समय आया जब वक्फ बोर्ड की ओर से अदालत में मस्जिद की जमीन का मालिकाना हक साबित करने के लिए कोई पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। मस्जिद निर्माण से संबंधित कोई वैध नक्शा या नगर निगम की स्वीकृति भी पेश नहीं की गई। इससे पहले कोर्ट ने ऊपरी तीन मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था, लेकिन मस्जिद कमेटी ने कार्रवाई नहीं की।

#### अवैध निर्माण पर सख्त रुख

नगर निगम अदालत ने मस्जिद के बची हुई दो मंजिलों को भी अवैध माना और उन्हें गिराने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड के वकील ने दलील दी कि मस्जिद का अस्तित्व 1947 से पहले का है और यह पुनर्निर्माण है। इस पर अदालत ने सवाल उठाया कि अगर यह पहले से मौजूद थी तो नए निर्माण के लिए नगर निगम की मंजूरी क्यों नहीं ली गई? नियमों को ताक पर रखकर सारी मस्जिद बनाई गई। 45 मिनट तक चली बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा और दोपहर एक बजे के बाद अत्री ने फैसला सुनाया। इसमें साफ कहा कि पूरी मस्जिद अवैध है, इसे गिराया जाए।

#### मस्जिद कमेटी ने नहीं की थी कार्रवाई

5 अक्टूबर 2024 को नगर निगम अदालत ने मस्जिद की ऊपरी 3 मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था, जिसे दो महीने के भीतर पूरा करना था। लेकिन मस्जिद कमेटी द्वारा समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं किया जा सका। बाद में दो बार और समय मांगा गया, परंतु अब भी एक मंजिल और पिलर का काम अधूरा है।

### कर्नाटक के मंत्री ने कहा

# मोदी और शाह मुझे बम दें, मैं पाकिस्तान पर हमला करूंगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



■ यह नाटकीय बयान वायरल हो रहा

कर्नाटक के आवास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का एक हालिया बयान चर्चा का विषय बन गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव को बीच मंत्री जमीर अहमद खान का कहना है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उन्हें अनुमति दें तो वे पड़ोसी देश से जंग के लिए खुद ही फिदायीन हमलावर बनकर जाने के लिए तैयार हूं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया गया उनका यह नाटकीय बयान तुरंत वायरल हो गया। मैं खुद सीमा पर जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, हम सब भारतीय हैं, हम हिंदुस्तानी हैं। हमारा पाकिस्तान से कोई नाता नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से हमारा दुश्मन मुल्क रहा है। मैं पाकिस्तान जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं।

*किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, क्या किसी की कोई जवाबदेही तय होगी?*

# एक दिन की बारिश से ही हरियाणा की अनाज मंडियों के कुप्रबंध की खुल गई पोल: सैलजा

## कहा, गेहूं की गुणवत्ता खराब होने से हुआ नुकसान किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा की अनाज मंडियों में सरकार की ओर से कैसी व्यवस्था की गई है कि इसकी पोल एक ही दिन की बारिश ने खोलकर रख दी है। समय पर उठान न होने के कारण मंडी में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा। बारिश से गेहूं खराब होने को लेकर किसानों और आढ़तियों में भारी रोष है क्योंकि भीगने से गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को जबकि तुलाई के बाद किसान की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है।

मीडिया को जारी बयान में सैलजा ने कहा है कि अनाज मंडियों में व्यापक प्रबंध न होने पर उनकी ओर से पहले भी कई बार यह मुद्दा उठाया था कि सरकार द्वारा मंडियों की सुध ली जा रही है जिससे पूरा उठान भी नहीं हो पा रहा है। अब जब किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, क्या किसी की कोई जवाबदेही तय होगी?

भाजपा सरकार बिना देरी के इस व्यवस्था को सुधारे ताकि मंडियों में पड़ा अनाज यूं ही खराब न हो। एक दिन की बारिश में ही भाजपा सरकार के तमाम दावों की पोल खुल गई। इसे लेकर किसानों और व्यापारियों में गुस्सा हैं। हर बार बरसात में ऐसा ही होता है, लेकिन प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करता है। अब जब गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को। सरकार की लापरवाही से जो अनाज खराब हुआ है, उसका उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मौसम विभाग समय समय पर मौसम खराब होने को लेकर चेतावनी जारी करता रहता है बावजूद इसके प्रशासन किसी भी तरह के इंतजाम नहीं कर पाता क्या सरकार को मौसम विभाग पर भरोसा नहीं है। मंडी में हजारों बोरियों में गेहूं की तुलाई हो चुकी थी और खुले में ढेर भी बनाए गए थे।

बारिश और जलभराव की वजह से अब इन बोरियों में भरा गेहूं भी नमी खा गया है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। इससे हुए नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा? सरकार को किसी न किसी की जिम्मेदारी तय करनी होगी इसके लिए किसान को किसी भी सूरत में कसूरवार नहीं ठहराया जा सकता है, फसल बेचने के बाद किसान की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है, उसके बाद की जिम्मेदारी खरीद एजेंसी की बनती है।

### जागरुकता बढ़ेगी वेस्टर्न रेलवे ने नई पहल की शुरुआत की

# अब रेल पैसेंजर को सुरक्षा और मैसेज देगा 'छोटा भीम'

### रेलवे स्टेशनों, पोस्टरों, स्कूलों, टीवी और रेडियो पर आएंगे संदेश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब रेलवे सुरक्षा की बात होगी तो छोटा भीम भी साथ होगा। पश्चिम रेलवे ने देश के पॉपुलर कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम के साथ मिलकर एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। इसका मकसद है रेल यात्रियों को मजेदार अंदाज में सुरक्षा को लेकर जागरूक करना। देशभर में बच्चों के चहेते सुपरहीरो छोटा भीम अब रेलवे स्टेशनों, पोस्टरों, स्कूलों, टीवी और रेडियो पर रेलवे सुरक्षा के मैसेज देते नजर आएंगे।




#### सुरक्षित यात्रा, जिम्मेदार यात्री का मिशन शुरू

इस साझेदारी के तहत आने वाले एक साल तक छोटा भीम और उसके दोस्त रेलवे परिसर में सुरक्षा नियमों, प्लेटफॉर्म पर सावधानी, ट्रेनों में सही व्यवहार जैसे संदेशों को मनोरंजक रूप से प्रस्तुत करेंगे। प्रिंट, डिजिटल, टीवी, रेडियो और स्कूल कैंपेन में इन पात्रों का उपयोग किया जाएगा ताकि बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के यात्री तक ये जरूरी मैसेज पहुंच सके.

#### जियो वर्ल्ड सेंटर में लगी मुहर

यह अनोखा सहयोग वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के दौरान मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में तय हुआ। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक और ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्रा. लि. के सीईओ और एमडी राजीव चिलाकलापुडी ने लेटर ऑफ कोलेबरेशन पर हस्ताक्षर किए।

#### यह समाज में पॉजिटिव बदलाव का जरिया भी बनेगा

छोटा भीम न सिर्फ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाता है बल्कि अब वह समाज में पॉजिटिव बदलाव का जरिया भी बनेगा। खास बात ये है कि इस बार छोटा भीम सिर्फ लड्डू नहीं खाएगा बल्कि यात्रियों को सिखाएगा कि सुरक्षित यात्रा कैसे की जाती है। विनीत अभिषेक ने कहा कि हम चाहते हैं कि सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को भी लोग रुचि से समझें। छोटा भीम की पॉपुलैरिटी और बच्चों में उसकी पकड़ इस मैसेज को और प्रभावशाली बनाएगी।

### ओवैसी ने पाक-बांग्लादेश को लताड़ा

# पहले तुम 'घर' में घुस जाते थे अब हम घर में घुसकर मारेंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



■ पीएम मोदी अब ठोस कदम उठाएं

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान और बांग्लादेश को लताड़ लगाई है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह दर्दनाक है। उन्होंने पीएम मोदी से आतंकियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की अपील की है। उन्होंने पाकिस्तान को फेल्ड नेशन बताया।

बांग्लादेश पर उन्होंने कहा कि जो देश तुम्हें मिला है, वह हमारी वजह से मिला है। हम देख रहे हैं कई साल से पाकिस्तान से लोग आकर हमारे यहां लोगों की जान ले लेते हैं। हम मोदी जी से अपील करते हैं वे ठोस कदम उठाएं ताकि पाक दोबारा ऐसा न करे। आखिरकार ओवैसी ने कहा कि पहले आतंकी और पनहगार घर में घुस जाते थे अब हम घर में घुसकर मारेंगे।



**कर की बात**
बिजनेस डेस्क

# अगर ज्यादा कट गया है टैक्स तो घबराएं नहीं, पूरा पैसा होगा वापस

एक्सपर्ट बोले, टीडीएस कटने के बाद भी आसानी से वापस पा सकते पैसे ■ गलत कैलकुलेशन या नियमों की जानकारी न होने से कट जाता है पैसा ■ ज्यादा कटे हुए टैक्स का रिफंड क्लेम कर सकते हैं आप ■ फॉर्म 26एएस की मदद से लगा सकते हैं पता

अगर आप भी आईटीआर जमा करवाते हैं और आपका पैसा ज्यादा कट गया है तो घबराएं नहीं, यह सारा पैसा आपको वापस मिल सकता है। बस आपको थोड़ा संयम के साथ कुछ नियमों का पालन करना होगा। टीडीएस यानी टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स, एक ऐसा टैक्स है जो आपकी कमाई पर स्रोत पर ही काट लिया जाता है। चाहे आपकी सैलरी हो, फिक्स्ड डिपॉजिट का ब्याज हो, किराए की आय हो या प्रोफेशनल फीस, इन सब पर टीडीएस कट सकता है। लेकिन कई बार गलत कैलकुलेशन या नियमों की जानकारी न होने की वजह से जरूरत से ज्यादा टीडीएस कट जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हुआ है, तो घबराने की जरूरत नहीं। आप न सिर्फ ये चेक कर सकते हैं कि कितना टीडीएस कटा, बल्कि ज्यादा कटे हुए टैक्स का रिफंड भी क्लेम कर सकते हैं।

**टीडीएस क्या होता है :** सबसे पहले समझते हैं कि टीडीएस है क्या। मान लीजिए आप किसी कंपनी में काम करते हैं और आपकी सैलरी 50,000 रुपये महीना है। कंपनी आपको पूरी सैलरी देने से पहले उसमें से कुछ टैक्स काट लेती है और उसे सरकार के पास जमा कर देती है। यही टीडीएस है। ये टैक्स आपकी कमाई के हिसाब से और सरकार के टैक्स स्लैब के आधार पर कटता है। सैलरी के अलावा, बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के ब्याज पर, किराए की आय पर, या फ्रीलांस काम की फीस पर भी टीडीएस कट सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि आपकी कुल आय टैक्सेबल लिमिट से कम होती है, फिर भी टीडीएस कट जाता है। या फिर गलत टैक्स स्लैब के हिसाब से ज्यादा टैक्स काट लिया जाता है। ऐसे में आप ज्यादा कटे हुए टैक्स को रिफंड के तौर पर वापस पा सकते हैं। इसके लिए आपको पहले चेक करना होगा कि कितना टीडीएस कटा और क्या वो सही था।




### ज्यादा टीडीएस कटने का पता कैसे लगाएं

टैक्स और इनवेस्टमेंट एक्सपर्ट बताते हैं, अगर आपको लगता है कि आपका टीडीएस जरूरत से ज्यादा कट गया है, तो सबसे पहले आपको अपनी टैक्स डिटेल्स चेक करनी होंगी। इसके लिए फॉर्म 26एएस आपको मदद कर सकता है।"

### कैसे चेक करें

सबसे पहले फॉर्म 26एएस डाउनलोड करें। फॉर्म 26एएस एक तरह का टैक्स स्टेटमेंट है, जिसमें आपके पूरे साल के टीडीएस की पूरी जानकारी होती है। ये इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की वेबसाइट पर मिलता है। इसे चेक करने के लिए इनकम टैक्स की ऑफिशियल वेबसाइट **www.incometax.gov.in** पर जाएं। अगर आपने पहले रजिस्टर नहीं किया है, तो 'रजिस्टर यूअरसेल्फ ' पर क्लिक करके अपना पैन नंबर, नाम, जन्मतिथि और दूसरी डिटेल्स डालकर रजिस्टर करें। रजिस्ट्रेशन के बाद, अपने पैन नंबर (जो यूजर आईडी होता है) और पासवर्ड से लॉगिन करें। लॉगिन करने के बाद 'व्यू टैक्स क्रेडिट स्टेटमेंट (फॉर्म 26एएस)' का ऑप्शन चुनें। आपको एक नई वेबसाइट टीआरएसीईएस पर ले जाया जाएगा। यहां से आप फॉर्म 26एएस डाउनलोड कर सकते हैं। इस फॉर्म में आपको सारी डिटेल्स मिलेंगी, जैसे कितना टीडीएस कटा है, किसने काटा (जैसे आपका एम्प्लॉयर या बैंक), और वो टैक्स सरकार के पास जमा हुआ या नहीं। फॉर्म 16 या टीडीएस सर्टिफिकेट से मिलान करें

### एम्प्लॉयर आपको फॉर्म 16 देता है

अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपका एम्प्लॉयर आपको फॉर्म 16 देता है। ये एक ऐसा डॉक्यूमेंट है, जिसमें आपकी सैलरी और उस पर कटे टीडीएस की पूरी जानकारी होती है। अगर आपने फ्रीलांसिंग की है या किराए की आय है, तो आपको टीडीएस सर्टिफिकेट मिलता है। इन डॉक्यूमेंट्स में दी गई टीडीएस की रकम को फॉर्म 26एएस से मिलाएं। अगर कोई गड़बड़ी दिखे, जैसे फॉर्म 26एएस में ज्यादा टीडीएस दिख रहा हो, तो ये ज्यादा कटने का सबूत है।

### टैक्सेबल इनकम का हिसाब लगाएं

अब आपको अपनी कुल आय और टैक्स स्लैब का हिसाब लगाना होगा। मान लीजिए आपकी सालाना आय 7 लाख रुपये से कम है, तो न्यू टैक्स रिजीम में आपको कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। लेकिन अगर आपका टीडीएस कट गया है, तो वो पूरा रकम रिफंड के लिए क्लेम की जा सकती है। इसके लिए आप अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद ले सकते हैं या ऑनलाइन टैक्स कैलकुलेटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां बताते चलें कि इस साल के बजट में न्यू टैक्स रिजीम में सालाना आय की लिमिट 12 लाख रुपये सालाना कर दी गई है।

### टीडीएस का रिफंड कैसे क्लेम करें?

जैन कहते हैं, "अगर आपको पक्का पता चल गया है कि आपका टीडीएस ज्यादा कट गया है, तो अब बात आती है रिफंड क्लेम करने की। इसके लिए आपको इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करना होगा।" आइए, इसे स्टेप-बाय-स्टेप समझते हैं।

### समय पर आईटीआर फाइल करें

जितनी जल्दी आप आईटीआर फाइल करेंगे, उतनी जल्दी आपका रिफंड प्रोसेस शुरू होगा। आमतौर पर आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई होती है, लेकिन अगर आप ये डेडलाइन मिस कर देते हैं, तो भी आप लेट फीस के साथ रिटर्न फाइल कर सकते हैं। आईटीआर फाइल करते समय सही आईटीआर फॉर्म चुनें। अगर आप सैलरीड हैं, तो आईटीआर-1 या आईटीआर-2 काम करेगा। अगर बिजनेस या प्रोफेशनल इनकम है, तो आईटीआर-3 या आईटीआर-4 चुनें। फॉर्म 26एएस और फॉर्म 16 की डिटेल्स के आधार पर अपनी आय और टीडीएस की जानकारी सही-सही भरें। अगर आपने टैक्स बचाने के लिए कोई इन्वेस्टमेंट किया है (जैसे पीपीएफ, ईएलएसएस, या इंश्योरेंस), तो उसकी डिटेल्स भी डालें।

### रिफंड की डिटेल्स सही भरें

आईटीआर फॉर्म में एक सेक्शन होता है, जहां आपको अपने बैंक अकाउंट की डिटेल्स देनी होती हैं, जैसे अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि आपका रिफंड सीधे आपके बैंक अकाउंट में आएगा। सुनिश्चित करें कि ये डिटेल्स बिल्कुल सही हों, वरना रिफंड में देरी हो सकती है।

### आईटीआर को वेरीफाई करें

आईटीआर फाइल करने के बाद उसे वेरीफाई करना जरूरी है। आप इसे ऑनलाइन आधार ओटीपी के जरिए, डिजिटल सिग्नेचर से, या आईटीआर-V फॉर्म को प्रिंट करके इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भेजकर वेरीफाई कर सकते हैं। वेरिफिकेशन के बिना आपका रिफंड प्रोसेस शुरू नहीं होगा।

### रिफंड का स्टेटस कैसे चेक करें?

आईटीआर फाइल करने के बाद आप अपने रिफंड का स्टेटस चेक कर सकते हैं। इसके लिए इनकम टैक्स की वेबसाइट पर लॉगिन करें। 'व्यू रिटर्न फॉर्म' ऑप्शन पर क्लिक करें। अपने फाइनेंशियल ईयर और आईटीआर फॉर्म का स्टेटस चुनें।

### यह मिलेगी जानकारी

यहां आपको पता चलेगा कि आपका रिफंड प्रोसेस हो रहा है, अप्रूव हो गया है, या किसी वजह से रिजेक्ट हुआ है। अगर रिफंड में देरी हो रही है, तो आप इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं या ऑनलाइन फाइल कर सकते हैं।

### रिफंड में देरी होने पर क्या करें?

कई बार रिफंड प्रोसेस में 6 महीने तक का समय लग सकता है। अगर आपको लगता है कि देरी हो रही है, तो सबसे पहले चेक करें कि आपका आईटीआर सही तरीके से फाइल और वेरीफाई हुआ है या नहीं। अगर कोई गलती हुई है, तो आप रिवाइज्ड आईटीआर फाइल कर सकते हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से संपर्क करें और अपनी पैन डिटेल्स देकर रिफंड स्टेटस के बारे में पूछें। अगर डिपार्टमेंट की तरफ से देरी होती है, तो आपको 6% सालाना की दर से ब्याज भी मिल सकता है।"

### टीडीएस कटने से कैसे बचें?

बलवंत जैन कहते हैं, "अगर आपकी आय टैक्सेबल लिमिट से कम है, तो आप टीडीएस कटने से बच सकते हैं। इसके लिए फॉर्म 15जी (अगर आप 60 साल से कम उम्र के हैं) या फॉर्म 15एच (60 साल से ज्यादा उम्र के लिए) अपने बैंक या एम्प्लॉयर को जमा करें। ये फॉर्म बताते हैं कि आपकी आय टैक्सेबल नहीं है, इसलिए टीडीएस नहीं काटा जाए। अपने एम्प्लॉयर को अपनी इन्वेस्टमेंट डिटेल्स (जैसे पीपीएफ, इंश्योरेंस) समय पर दें, ताकि वो सही टैक्स कैलकुलेट करें। वे आगे कहते हैं, इन स्टेप्स को फॉलो करके आप न सिर्फ ज्यादा टीडीएस कटने की समस्या को पकड़ सकते हैं, बल्कि रिफंड भी आसानी से क्लेम कर सकते हैं। बस जरूरी है कि आप सही जानकारी के साथ समय पर कदम उठाएं।




## टैक्स के लिए कौन सी रिजीम बेहतर

**1. पुरानी टैक्स रिजीम**

पुरानी टैक्स रिजीम में आप विभिन्न कटौतियों और छूटों का लाभ उठा सकते हैं, जैसे कि धारा 80सी के तहत कटौती, धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा कटौती, आदि।

**2. नई टैक्स रिजीम**

नई टैक्स रिजीम में टैक्स दरें कम हैं, लेकिन अधिकांश कटौतियों और छूटों को हटा दिया गया है।

### इन कारकों पर निर्भर

**1. आपकी आय**

यदि आपकी आय अधिक है और आप विभिन्न कटौतियों और छूटों का लाभ उठा सकते हैं, तो पुरानी टैक्स रिजीम आपके लिए बेहतर हो सकती है।

**2. आपके निवेश**

यदि आप विभिन्न निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं जो टैक्स कटौती के लिए योग्य हैं, तो पुरानी टैक्स रिजीम आपके लिए बेहतर हो सकती है।

**3. आपकी आवश्यकताएं**

यदि आप एक सरल और कम टैक्स दर वाली रिजीम चाहते हैं, तो नई टैक्स रिजीम आपके लिए बेहतर हो सकती है।

### विशेषज्ञ से परामर्श लें

यह अनुशंसा की जाती है कि आप अपनी व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति और आवश्यकताओं का मूल्यांकन करें और एक टैक्स विशेषज्ञ से परामर्श लें ताकि आप अपने लिए सबसे अच्छी टैक्स रिजीम का चयन कर सकें।




# इन इक्विटी फंड्स ने एक साल में 29 फीसदी तक रिटर्न दिया

**निवेश मंत्रा** | बिजनेस डेस्क

पिछले एक साल के दौरान शेयर बाजार में काफी उथल-पुथल का माहौल देखने को मिला। इस माहौल की वजह से इक्विटी में पैसे लगाने वाले निवेशकों में काफी बेचैनी भी रही है। फिर चाहे वे इक्विटी में सीधे निवेश करने वाले इनवेस्टर हों या इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाने वाले छोटे निवेशक, लेकिन इस उथल-पुथल के बीच भी इक्विटी म्यूचुअल फंड्स की हर कैटेगरी की कुछ स्कीम्स ने पिछले 1 साल में आकर्षक रिटर्न दिए हैं। इन कैटेगरी टॉपर स्कीम्स के डायरेक्ट प्लान्स का पिछले एक साल का रिटर्न 12% से लेकर 29% तक रहा है। इससे पता चलता है कि इन म्यूचुअल फंड स्कीम्स के मैनेजर्स की निवेश रणनीति बाजार की हलचलों के बीच भी निवेशकों को मुनाफा दिलाने में सफल रही है। निवेशक भी इन फंडों में निवेश कर खुद को खुशनसीब मान रहे हैं। चूंकि जब बाजार में गिरावट का दौर था तब ये फंड अच्छा मुनाफा दे रहे थे।

### ज्यादा मुनाफा देने वाला टॉप इक्विटी फंड/1 साल का रिटर्न

- मोतीलाल ओसवाल लार्ज कैप फंड : 23.59% (रेगुलर), 25.29% (डायरेक्ट)
- इनवेस्को इंडिया लार्ज एंड मिड कैप फंड : 14.79% (रेगुलर), 16.13% (डायरेक्ट)
- एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड : 14.87% (रेगुलर), 15.63% (डायरेक्ट)
- एसबीआई मल्टीकैप फंड : 13.43% (रेगुलर), 14.36 % (डायरेक्ट)
- इनवेस्को इंडिया मिड कैप फंड : 16.43% (रेगुलर), 17.86% (डायरेक्ट)
- बंधन स्मॉल कैप फंड : 12.99% (रेगुलर), 14.52% (डायरेक्ट)
- यूटीआई वैल्यू फंड : 12.78% (रेगुलर), 13.56% (डायरेक्ट)
- व्हाइटओक कैपिटल ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड : 13.13% (रेगुलर), 15 % (डायरेक्ट)
- इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड : 11.86% (रेगुलर), 13.11% (डायरेक्ट)
- यूटीआई डिविडेंड यील्ड फंड : 11.80% (रेगुलर), 12.48% (डायरेक्ट)
- एचडीएफसी फोकस्ड 30 फंड : 15.25% (रेगुलर), 16.52% (डायरेक्ट)
- एचडीएफसीफार्मा एंड हेल्थकेयर फंड (कैटेगरी : थीमैटिक/सेक्टोरल फंड) : 28.13% (रेगुलर), 29.69% (डायरेक्ट)

**एक साल में बेस्ट रिटर्न देने वाले टॉप इक्विटी फंड :** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएफएफआई) के पोर्टल पर तमाम इक्विटी फंड्स को 12 सब कैटेगरी में बांटकर दिखाया गया है। हमने यहां इनमें से हर कैटेगरी में पिछले 1 साल के दौरान सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाली स्कीम के रेगुलर और डायरेक्ट प्लान के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं। इन योजनाओं में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड और इनवेस्को इंडिया से लेकर यूटीआई म्यूचुअल फंड तक कई दिग्गज फंड हाउस की स्कीम शामिल हैं। जिन्होंने निवेशकों को खूब लुभाया और अच्छा रिटर्न देकर मालामाल कर दिया। जिसने भी इन फंडों में निवेश किया, उसने ही अच्छा मुनाफा कमाया और अपनी रकम को कई गुना बढ़ा लिया।

### लार्ज कैप और सेक्टोरल फंड रहे आगे

अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप करने वाले फंड्स के एक साल के रिटर्न को ध्यान से देखने पर पता चलता है कि इस लिस्ट में एचडीएफसी फार्मा एंड हेल्थकेयर फंड के डायरेक्ट प्लान ने सबसे ज्यादा 29.69% रिटर्न दिया है. जबकि 25.29% रिटर्न के साथ मोतीलाल ओसवाल लार्ज कैप फंड का डायरेक्ट प्लान दूसरे नंबर पर है. दिलचस्प बात यह है कि कैटेगरी में टॉप करने वाले इस लार्ज कैप फंड का 1 साल का मुनाफा स्मॉल कैप फंड कैटेगरी की टॉपर स्कीम, बंधन स्मॉल कैप फंड से काफी अधिक है, जिसके डायरेक्ट प्लान का 1 साल का रिटर्न 14.52% है. मिड कैप फंड कैटेगरी की टॉपर स्कीम, इनवेस्को इंडिया मिड कैप फंड के डायरेक्ट प्लान का रिटर्न भी 17.86% ही है. यानी उथल-पुथल भरे बाजार में टॉप लार्ज कैप फंड ने इन दोनों से बेहतर रिटर्न दिया है.

### पिछले रिटर्न के जारी रहने की गारंटी नहीं

हमने एएमएफआई के पोर्टल पर मौजूद रिटर्न के जो आंकड़े लिए हैं, वे 25 अप्रैल 2025 अपडेटेड हैं. इन पर पिछले कुछ दिनों के दौरान शेयर बाजार में हुई रिकवरी का असर भी नजर आ रहा है. आपको बता दें कि पिछले 1 महीने के दौरान निफ्टी 50 (निफ्टी 50) इंडेक्स करीब 5% बढ़ा है, जबकि मौजूदा कैलेंडर इयर (2025) के दौरान अब तक (वाईटीडी) इस इंडेक्स में करीब 2.5% की बढ़त दिखी है. वहीं पिछले 1 साल में यह करीब 7.5% ऊपर आया है. हमने ऊपर जो जानकारी दी है, उनका मकसद सिर्फ कुछ दिलचस्प आंकड़े पेश करना है. यहां यह याद रखना जरूरी है कि इक्विटी म्यूचुअल फंड के पिछले रिटर्न के भविष्य में जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती और उनमें निवेश के साथ मार्केट रिस्क हमेशा जुड़ा रहता है. यही वजह है कि अधिकांश इक्विटी म्यूचुअल फंड्स को रिस्कोमीटर पर बहुत ज्यादा जोखिम वी की रेटिंग दी जाती है।



### क्या है इक्विटी फंड्स

इक्विटी फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो इक्विटी शेयरों में निवेश करता है। इक्विटी फंड्स का उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करना होता है और यह निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है। इसकी विशेषताएं हैं। इक्विटी फंड्स इक्विटी शेयरों में निवेश करते हैं जो विभिन्न कंपनियों के शेयर होते हैं। इक्विटी फंड्स लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए उपयुक्त होते हैं। इक्विटी फंड्स में जोखिम होता है क्योंकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### कुछ मुख्य फायदे

1. **पूंजी वृद्धि:** इक्विटी फंड्स लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करने में मदद कर सकते हैं।
2. **विविधीकरण:** इक्विटी फंड्स विभिन्न शेयरों में निवेश करते हैं जिससे जोखिम कम होता है।
3. **पेशेवर प्रबंधन:** इक्विटी फंड्स का प्रबंधन पेशेवर फंड प्रबंधकों द्वारा किया जाता है।

### इक्विटी फंड्स के प्रकार

1. **लार्ज-कैप फंड्स:** लार्ज-कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।
2. **मिड-कैप फंड्स:** मिड-कैप फंड्स मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।
3. स्मॉल-कैप फंड्स: स्मॉल-कैप फंड्स छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।

*(डिस्क्लेमर इक्विटी फंड्स में निवेश करने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने निवेश लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता को समझें और अपने निवेश विकल्पों का चयन करें।)*

## पीएफ ट्रांसफर और विड्रॉल करना अब बेहद आसान, ईपीएफओ ने कर दिया सिस्टम अपग्रेड

बिजनेस डेस्क

कर्मचारियों के लिए एक बेहद सूकून भरी बात है। दरअसल, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशन निकासी से जुड़ी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कई नए बदलावों की घोषणा की। इन बदलावों का उद्देश्य क्लेम की प्रक्रिया को तेज करना और कागजी काम को कम करना है। कुछ डिजिटल और पेपरलेस उपायों से न केवल समय बचेगा, बल्कि क्लेम रिजेक्शन की संभावना भी बेहद कम होगी। ईपीएफओ सदस्य थोड़ी सावधानी के साथ आसानी से अपने क्लेम को हासिल कर सकेंगे। दावों के निपटानों में भी तेजी आएगी।

### जानिए क्या-क्या बदला गया है

- घर की मरम्मत करवाने के लिए एडवांस : अब कर्मचारी खुद ही डिक्लेरेशन देकर पैराग्राफ 68बी(7) के तहत घर में कुछ काम करवाने के लिए या मरम्मत करने के लिए एडवांस ले सकेंगे।
- बैंक अकाउंट लिंक करना हुआ आसान : अब बैंक खाते को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) से जोड़ने के लिए न तो नियोक्ता की मंजूरी चाहिए और न ही बैंक दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत है।
- चेहरे की पहचान से यूएएन एक्टिवेशन : अब उमंग ऐप के जरिए फेस ऑथेंटिकेशन से भी यूएएन को एक्टिव किया जा सकता है।
- फॉर्म 13 में बदलाव : ईपीएफओ ने ट्रांसफर क्लेम प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए फॉर्म 13 को नया रूप दिया है।
- पेंशनर्स के लिए डिअरनेस रिलीफ में संशोधन: पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत दरों को भी संशोधित किया गया है।
- ईपीएफओ का कहना है कि इन डिजिटल और पेपरलेस उपायों से न केवल समय बचेगा, बल्कि क्लेम रिजेक्शन की संभावना भी कम होगी।
- सेल्फ डिक्लरेशन से घर सुधार के लिए पीएफ निकालना आसान

### अब चेक या पासबुक की कॉपी अपलोड करने की जरूरत नहीं

ईपीएफओ के नए सर्कुलर से पीएफ क्लेम की प्रक्रिया और भी आसान हो गई है। अब खाते से जुड़ी जानकारी के लिए चेक लीफ या पासबुक की फोटो अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा, बैंक अकाउंट लिंक कराने के लिए नियोक्ता (एम्प्लॉयर) की मंजूरी भी जरूरी नहीं रह गई है।

### अब सदस्य बैंक खाता लिंक कर सकेंगे

इस बदलाव से कमजोर क्वालिटी की फोटो या गलत दस्तावेज़ अपलोड होने की वजह से जो क्लेम रिजेक्ट होते थे, उनकी संख्या काफी कम होगी। साथ ही, सदस्यों को ज्यादा तेज़ और सुविधाजनक अनुभव मिलेगा। ईपीएफओ ने अपने सॉफ्टवेयर सिस्टम को अपग्रेड किया है, जिससे अब पीएफ निकालने के दावों की जांच और मंजूरी की प्रक्रिया अपने आप हो जाएगी। पहले जहां दावों को निपटाने में 10 से 15 वर्किंग डेज लगते थे, अब यह समय घटकर एक हफ्ते से भी कम हो सकता है।
"नए सिस्टम में दावों की प्रोसेसिंग काफी तेजी से होगी, जिससे उनका निपटारा भी जल्दी किया जा सकेगा।"

### उमंग ऐप से पीएफ सेवा और भी सुरक्षित

- उमंग ऐप में अब आधार से जुड़ी फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा शुरू कर दी गई है। यह फीचर 8 अप्रैल से लागू हुआ है और इसका मकसद पीएफ से जुड़ी सेवाओं को और सुरक्षित बनाना है।
- शुरुआत में यह सुविधा यूएएन एक्टिवेशन के लिए लाई गई है, लेकिन जल्द ही इसे पीएफ की पूरी निकासी जैसी सेवाओं तक बढ़ाया जाएगा।
- इस तकनीक की मदद से यूजर की जानकारी अपने आप भरी जाती है, जिससे डेटा में गलती की संभावना कम हो जाती है और धोखाधड़ी से बचाव होता है।

2025 में ईपीएफओ से जुड़े कुछ और अहम बदलाव

- फॉर्म 13 में बदलाव : नौकरी बदलने पर पीएफ ट्रांसफर की प्रक्रिया अब ऑनलाइन और आसान हो गई है।

# समय से पहले तोड़ना चाहते हैं एफडी, तो जान लें कैसे बचेंगे जुर्माने से

**अलर्ट** | बिजनेस डेस्क

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) लंबे समय से अपनी स्थिरता और गारंटीड रिटर्न के लिए लोगों की पसंद रहे हैं। लेकिन, जीवन की अनिश्चितताओं के कारण कई बार निवेशकों को अपनी एफडी समय से पहले तोड़नी पड़ती है, जिससे जुर्माना लगता है और रिटर्न कम हो जाता है। निवेशकों को इस नुकसान से बचाने के लिए, जानकारों ने कई सुझाव दिए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे सही रणनीति इस नुकसान को कम कर सकती है और आपके जुर्माने को घटा सकती है। पब्लिक सेक्टर बैंक समय से पहले एफडी तोड़ने पर सबसे कम जुर्माना लगाते हैं। पब्लिक सेक्टर बैंक आमतौर पर प्राइवेट सेक्टर बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोऑपरेटिव बैंक की तुलना में कम जुर्माना लगाते हैं। पब्लिक सेक्टर बैंक सभी वर्गों, खासकर कम आय वाले लोगों की सेवा करने के अपने व्यापक उद्देश्य के कारण अधिक उदार होते हैं। इस वजह से उनका जुर्माना कम होता है। पब्लिक सेक्टर बैंकों में जुर्माना आमतौर पर 0.50% से 1% के बीच होता है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर और स्मॉल फाइनेंस बैंक 1% से 1.50% तक जुर्माना

### ब्याज की जुर्माने में क्या भूमिका

कई निवेशक सोचते हैं कि ब्याज की गणना का समय मासिक, त्रैमासिक, छमाही या सालाना एफडी समय से पहले तोड़ने पर होने वाले नुकसान को प्रभावित करता है। लेकिन शेट्टी ने इस बारे में स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, एफडी में ब्याज की गणना का समय इस बात पर असर डालता है कि जमा अवधि के दौरान ब्याज कैसे बढ़ता है। लेकिन जब एफडी को समय से पहले तोड़ा जाता है, तो जुर्माना उस कम ब्याज दर के आधार पर लगता है, जो एफडी के वास्तविक अवधि के लिए लागू होती है। यह जुर्माने की गणना पर सीधे असर नहीं डालता।" इसलिए, भले ही ब्याज की गणना का समय पूरी अवधि तक एफडी चलने पर कुल रिटर्न को प्रभावित करता हो, लेकिन समय से पहले तोड़ने पर जुर्माने को कम करने में इसकी भूमिका बहुत कम होती है। शेट्टी सलाह देते हैं कि कम जुर्माना वाले बैंक चुनें और अगर समय से पहले तोड़ने की संभावना हो, तो कम अवधि की एफडी चुनें।

### स्मार्ट तरीके से बनाएं अपनी रणनीति एफडी लैडरिंग

कुल निवेश को कई एफडी में बांटकर, अलग-अलग समय पर परिपक्व होने वाली एफडी बनाएँ। इससे निवेशकों को समय-समय पर अपने पैसे तक पहुँच मिलती है। ऐसा करने से निवेशक अपनी पूरी जमा राशि को समय से पहले तोड़े बिना, नियमित अंतराल पर अपने फंड का कुछ हिस्सा निकाल सकते हैं।"

### स्वीप-इन सुविधा

कई बैंक स्वीप-इन खाते की सुविधा देते हैं, जिसमें बचत खाते में अतिरिक्त राशि अपने आप एफडी में चली जाती है। ये जमा राशि बिना किसी जुर्माने के आसानी से निकाली जा सकती है और बचत खाते की सुविधा के साथ-साथ एफडी के अधिक रिटर्न भी देती है।

### एफडी पर लोन

एफडी तोड़ने के बजाय, निवेशक इसपर लोन ले सकते हैं। "बैंक आमतौर पर एफडी की 90% तक की राशि पर लोन देते हैं, जिसका ब्याज एफडी की ब्याज दर से थोड़ा अधिक होता है। यह विकल्प जुर्माने से बचने में मदद करता है और निवेश को भी बनाए रखता है।"

### क्या है एफडी

एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) एक प्रकार का बचत विकल्प है जो बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है। इसमें आप एक निश्चित राशि जमा करते हैं जो एक निश्चित अवधि के लिए जमा रहती है और आपको एक निश्चित ब्याज दर पर ब्याज मिलता है। यह एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है यदि आप सुरक्षित और निश्चित रिटर्न चाहते हैं और आपको अपने पैसे को एक निश्चित अवधि के लिए जमा रखने में कोई समस्या नहीं है।

### एफडी की कुछ विशेषताएं

**निश्चित अवधि:** एफडी की अवधि निश्चित होती है, जो कुछ महीनों से लेकर कई वर्षों तक हो सकती है।

**निश्चित ब्याज दर:** एफडी पर ब्याज दर निश्चित होती है, जो आमतौर पर अवधि और जमा राशि पर निर्भर करती है।

**गारंटीड रिटर्न:** एफडी पर रिटर्न गारंटीड होता है, जिसका अर्थ है कि आपको निश्चित ब्याज दर पर ब्याज मिलेगा।

- अगर आप बीच में एफडी तोड़ते हैं तो सही रणनीति अपनाएं
- नुकसान को कम कर सकेंगे और जुर्माने को भी घटा सकेंगे

### एफडी के कुछ मुख्य फायदे

**सुरक्षित निवेश:** एफडी एक सुरक्षित निवेश विकल्प है, क्योंकि इसमें आपका पैसा बैंक या वित्तीय संस्थान के पास जमा रहता है।
**निश्चित रिटर्न:** एफडी पर रिटर्न निश्चित होता है, जिससे आपको पता होता है कि आपको कितना ब्याज मिलेगा।
**लिक्विडिटी:** एफडी में लिक्विडिटी होती है, क्योंकि आप अपनी जमा राशि को अवधि से पहले भी निकाल सकते हैं, हालांकि इसमें कुछ जुर्माना लग सकता है।

### एफडी के कुछ नुकसान

**कम रिटर्न:** एफडी पर रिटर्न अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में कम हो सकता है।
**जुर्माना:** यदि आप अपनी जमा राशि को अवधि से पहले निकालते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।



## ब्रुइन ने दिलाई मैनचेस्टर सिटी को महत्वपूर्ण जीत



**मैनचेस्टर।** केविन डी ब्रुइन के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार रात को यहां वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स पर 1-0 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। बेल्जियम के रहने वाले डी ब्रुइन इस सत्र के आखिर में मैनचेस्टर सिटी को छोड़ देंगे लेकिन उन्होंने लीग के पिछले छह मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली टीम के खिलाफ 35वें मिनट में गोल करके साबित कर दिया कि वह अब भी टीम के लिए काफी मायने रखते हैं। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 35 मैच में 64 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस तरह से वह चैंपियंस लीग में जगह बनाने का प्रबल दावेदार बन गया है। मैनचेस्टर सिटी अब दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल से तीन अंक पीछे है जिसके 34 मैच में 67 अंक हैं। लिवरपूल पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर चुका है। उसके 34 मैच में 82 अंक हैं।

## रूड और ड्रेपर में होगा खिताबी मुकाबला



**मैड्रिड।** कैस्पर रूड ने दर्द निवारक दवाइयों की मदद से पसली की चोट पर काबू पाकर फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में हराया और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। रूड ने मैच के दौरान तीन बार अपनी पसली का इलाज करवाया और काजा मैगिका सेंटर कोर्ट पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। नॉर्वे के 15वीं रैंकिंग के खिलाड़ी रूड ने अर्जेंटीना के 21वीं रैंकिंग के खिलाड़ी सेरुंडोलो के खिलाफ 18 में से 15 ब्रेक प्वाइंट बचाए। फाइनल में रूड का सामना जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (4) से हराकर साल के तीसरे फाइनल में जगह बनाई।

खास खबर

## किरण को निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण



**नई दिल्ली।** पुरुष राइफल थ्री-पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन किरण अंकुश जाधव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। अगले महीने म्यूनिख में होने वाले विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नौसेना के इस निशानेबाज ने 24 निशानों से 251.5 अंक हासिल कर सेना के विवेक शर्मा को 1.4 अंक से पीछे छोड़ा। सेना के ही विशाल सिंह (230.1) ने कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने पुरुषों के जूनियर वर्ग का खिताब 0.1 अंक के मामूली अंतर से अपने नाम किया।

### भारत के लिए अच्छा कप्तान बनेगा गिल



**मुंबई।** अफगानिस्तान के टी20 कप्तान राशिद खान ने शनिवार को कहा कि शुभमन गिल इंडियन प्रीमियर लीग में सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिये ही नहीं बल्कि भारत के लिये भी बहुत अच्छे कप्तान साबित होंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस की मोर्चे से अगुवाई करते हुए इस सत्र में दस मैचों में अब तक 465 रन बनाये हैं। राशिद ने कहा, 'शुभमन गिल का कप्तानी करते हुए यह दूसरा साल है। वह लगातार बेहतर हो रहा है। भविष्य में वह भारत के बेहतरीन कप्तानों में से होगा। सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिए नहीं बल्कि भारत के लिए भी। उसके पास कौशल और प्रतिभा है।'

### वैभव को अपने तरीके से खेलने की छूट



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे युवा शतकवीर राजस्थान रॉयल्स के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को अपने तरीके से खेलने की 'आजादी' दी गई है। टीम के तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा, 'उसे अपने तरीके से खेलने की थोड़ी बहुत छूट मिली है। उसने अब तक एक 14 वर्षीय खिलाड़ी के तौर पर वाकई कमाल का काम किया है। मुझे लगता है कि कोचिंग स्टाफ ने वैभव के साथ चीजों को बहुत ज्यादा जटिल बनाने की कोशिश नहीं की है। वह पिछले मैच में चूक गया था लेकिन हम इतने कम उम्र के खिलाड़ी को लेकर वास्तव में घबराना नहीं चाहते।'

### मैं डोपिंग के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित हूं



**जोहानिसबर्ग।** दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने शनिवार को चौंकाने वाला खुलासा किया कि 'नशे में मौज-मस्ती' के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित ड्रग के सेवन के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने गुजरात टाइटंस के लिए दो मैच खेलने के बाद निजी कारणों का हवाला देते हुए आईपीएल छोड़ दिया था। रबाडा इस महीने के आखिर में 30 साल के हो जाएंगे। उन्होंने 'दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन' के माध्यम से एक बयान जारी किया। रबाडा ने इस बयान में अपनी गलती के लिए माफी मांगते हुए कहा, 'जैसा की खबरों में बताया गया है कि मैं निजी कारणों से आईपीएल में भाग लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका लौटा हूं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि जांच में ऐसे प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि हुई है जिसका इस्तेमाल नशे में मौज मस्ती के लिए किया जाता है। मैं अस्थाई तौर पर निलंबन झेल रहा हूं और अपने पसंदीदा खेल में वापसी के लिए उत्सुक हूं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



साइ सुदर्शन
504 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप

#### खिलाड़ी अब कैमरे का सामने करने को तैयार

**मुंबई।** भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का कहना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर यह बताने से नहीं हिचकिचाते हैं कि उनके दायरे में क्या हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि एक खिलाड़ी का ब्रांड प्रशासक या प्रसारक जितना शक्तिशाली हो गया है। भारत के पूर्व कप्तान कुंबले भी हेडन की इस बात से सहमत थे कि जो खिलाड़ी पहले अपने ड्रेसिंग रूम में कैमरा रखने के लिए सहमत नहीं होते थे, वे अब माइक पकड़कर टीम की रणनीतियों पर चर्चा करने में खुश होते हैं।

#### अरुणाचल प्रदेश में खेलो इंडिया सुविधा हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में एक बहुउद्देश्यीय हॉल का उद्घाटन करते हुए विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में समावेशी खेल विकास को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आठ करोड़ रुपए की लागत से बना यह हॉल केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह हॉल मुक्केबाजी, बैडमिंटन, जूडो, वुशु, कराटे, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल सहित कई इनडोर खेलों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा।

#### स्थानीय खेलों को मिले वैश्विक पहचान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने स्थानीय खेलों को वैश्विक मान्यता दिये जाने की वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि ओडिशा यह सुनिश्चित करना जारी रखेगा कि स्थानीय खेलों को वैश्विक मंच पर उनका उचित स्थान मिले। मुख्यमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि माझी ने यह मांग मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स (विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन') 2025 में अपने संबोधन के दौरान की।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### रोमारियो ने आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे तेज फिफ्टी बनाई

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर आरसीबी ने सुपर किंग्स को हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू




आयुष म्हात्रे ने 94 रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड के 14 गेंद में अर्धशतक को लगभग बेमानी साबित कर ही दिया था लेकिन यश दयाल ने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को शनिवार को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर चेन्नई सुपर किंग्स पर दो रन से जीत दिलाई। आरसीबी ने विराट कोहली (33 गेंद में 62 रन), जैकब बेथेल (33 गेंद में 55 रन) और शेफर्ड के 14 गेंद में नाबाद 53 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने पांच विकेट पर 213 रन बनाये। इसके बाद 17 वर्ष के म्हात्रे ने 48 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 94 रन बनाकर चेन्नई को जीत के बहुत करीब पहुंचा दिया लेकिन आखिर में टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद आरसीबी 11 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है और उसका प्लेआफ में प्रवेश लगभग तय है जबकि प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी चेन्नई 11 मैचों में चार अंक लेकर आखिरी स्थान पर है। म्हात्रे और रविंद्र जडेजा (45 गेंद में नाबाद 77) ने तीसरे विकेट के लिये 114 रन की साझेदारी की। म्हात्रे ने पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार को एक ओवर में 26 रन निकाले और रनगति धीमी नहीं पड़ने दी। चोटिल जोश हेजलवुड की गैर मौजूदगी आरसीबी को खली और मुंबई के रहने वाले म्हात्रे ने इसका पूरा फायदा उठाया। चोटिल कप्तान रूतुराज गायकवाड़ की जगह जब म्हात्रे को चुना गया था तब कई लोगों ने सवाल उठाये थे जिनका आज इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी जवाब दिया। वैसे चेन्नई को जीत के करीब लाने का श्रेय जडेजा को भी जाता है जिन्हें 57 और 69 के स्कोर पर जीवनदान मिला।

### केकेआर की निगाह जीत पर, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगा रॉयल्स



**कोलकाता।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखना होगा। केकेआर को लीग चरण के अब चार मैच खेलने हैं और प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण सीधा है। चारों मैच जीत कर 17 अंक तक पहुंचना। इससे वह अंतिम चार में पहुंचने के लिए अगर मगर से बच जाएगा। कागजों पर यह आंकड़ा भले ही सीधा नजर आता है लेकिन वास्तविकता में यह काफी मुश्किल है।

### कप्तान पंत फेल, फार्म में श्रेयस अय्यर लखनऊ का पंजाब से मुकाबला आज



**धर्मशाला।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की बल्ले से खराब फॉर्म और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार लय के कारण इन दोनों टीमों के बीच रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच को रोचक बन गया है। पंजाब के कप्तान अय्यर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अभी तक इस प्रतियोगिता में चार अर्धशतक लगा चुके हैं और उनकी टीम 10 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। दूसरी ओर पंत ने बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया है और उन्होंने 10 मैचों में कुल 110 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई 63 रन की पारी भी शामिल है।

डोपिंग

## हेमराज और अंजलि पर चार और छह साल का प्रतिबंध



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लंबी दूरी के धावक हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी पर नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने पिछले साल डोप परीक्षण में विफल होने के बाद क्रमशः चार और छह साल का प्रतिबंध लगाया है। पच्चीस साल के गुर्जर ने 2023 राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर कांस्य के अलावा 2023 और 2024 में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके प्रतिबंध का समय 20 अप्रैल से शुरू हुआ।

गुर्जर ने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले साल उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन पाए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित किया गया था। नाडा की वेबसाइट पर नवीनतम जानकारी के अनुसार अंजलि की छह साल की प्रतिबंध अवधि 31 मार्च से शुरू होती है। इसमें हालांकि अधिक विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

#### अन्य पर चार साल का प्रतिबंध

कबड्डी खिलाड़ी मनीष गुलिया, पहलवान ओमकार शंकर चौगले और दिव्या काकरान, मुक्केबाज थोकचोम यासाना चानू और तैराक विशाल ग्रेवाल को नाडा की एडीडीपी ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। पावरलिफ्टर अमिता देवी कोटवोल और एक नाबालिग ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पर छह साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन मामलों के विवरण हालांकि नहीं दिये गये हैं। मुक्केबाज आयुष राय और 19 वर्षीय मिष्ठी काजला पर दो-दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। एक अन्य नाबालिग मुक्केबाज पर भी चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। काजला ने 2024 फेडरेशन कप अंडर 20 चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### सनराइजर्स के खराब प्रदर्शन का कारण अप्रभावी गेंदबाजी



**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के लिए अप्रभावी गेंदबाजी और पिच की बदलती परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 रन से हार के बाद सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। उनादकट ने कहा, 'आईपीएल में खेलने के अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि किसी टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए उसके गेंदबाजी विभाग में तीन या चार ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो लगातार बेहतर प्रदर्शन करें। इस बार हमारी टीम में इसकी कमी दिखी। हमारे अगर दो गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे तो बाकी तीन उनका सहयोग नहीं कर रहे थे। जैसे हम साझेदारी को बल्लेबाजी के संदर्भ में देखते हैं, मुझे लगता है कि यह गेंदबाजी में भी वैसा ही है। क्योंकि जब आप दोनों छोर से अच्छी गेंदबाजी नहीं करते हैं, तो इससे दूसरे खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनता है। इससे आपकी रणनीति बदल जाती है। इसलिए टूर्नामेंट में हमारे खराब प्रदर्शन के लिए हमारे गेंदबाज विभाग को जिम्मेदारी लेनी होगी।'

## भारतीय महिला हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया में लगातार चौथी हार

एजेंसी ▶▶ पर्थ



भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के लगातार चौथे मैच में उसे 2-3 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के लिए नवनीत कौर (35वां मिनट) और लालरेम्सियामी (59वां) ने गोल दागे जबकि आस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टीवर्ट (दूसरा), जेड स्मिथ (36वां) और ग्रेटा हायेस (42वां) ने गोल किए।

भारत को आस्ट्रेलिया ए ने 5-3 और 3-2 से हराया था। इसके बाद सीनियर आस्ट्रेलियाई टीम ने एक मई को भारतीय टीम को 2-0 से मात दी। आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। पहले क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में गोल करके बढत बना ली। भारत ने बराबरी के गोल का भरसक प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर में भारत ने एक पेनल्टी कॉर्नर बचाया। भारत के लिए बराबरी का गोल 35वें मिनट में नवनीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा लेकिन आस्ट्रेलिया ने अगले ही मिनट जेड के फील्ड गोल पर फिर बढत बना ली। आस्ट्रेलिया को दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले और ग्रेटा ने 42वें मिनट में एक और गोल किया।

### भारत हटा, अब पाकिस्तान नहीं उज्बेकिस्तान मेजबान

**कराची।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने जिस मध्य एशियाई वॉलीबॉल टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था, वह अब इस्लामाबाद की बजाय उज्बेकिस्तान के ताशकंद में खेला जाएगा। यह जानकारी पाकिस्तान महासंघ के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्य एशिया वॉलीबॉल संघ ने इस आयोजन को उज्बेकिस्तान में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इस अधिकारी ने कहा, 'भारत के पीछे हटने के बावजूद यह पाकिस्तान वॉलीबॉल के लिए बहुत बड़ी निराशा है। हम सीएवीए की आम सभा के फैसले को पूरी तरह समझते हैं।' पाकिस्तान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच होने वाले टूर्नामेंट की निर्धारित तारीखों में हालांकि कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### महिला त्रिकोणीय श्रृंखला : लगातार दो जीत के बाद श्रीलंका से मैच आज

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶ कोलंबो



पिछले दो मैच में शानदार जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम रविवार को यहां होने वाले महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। श्रीलंका की टीम खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका दोनों के खिलाफ जीत दर्ज की और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने पिछले सप्ताह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में श्रीलंका को हराया था। श्रीलंका ने हालांकि शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान में नई जान डाल दी है।

#### फार्म में भारतीय टीम

भारत ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके लगातार आठ एकदिवसीय मैच जीते हैं और टीम अपने इस विजय अभियान को नए मुकाम पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में स्पिनर स्नेह राणा और श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करके उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया था। इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने हरलीन देयोल के साथ मिलकर 148 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के शीर्ष क्रम ने एक बार फिर मंच प्रदान किया, जबकि कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में मध्य क्रम ने अंतिम 10 ओवरों में 82 रन जोड़कर टीम को चुनौती पूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

#### कप्तान चमारी कर रही निराश

श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अट्टापट्टू की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे बल्लेबाजी इकाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। 19 वर्षीय विशमी गुणरत्ने को शामिल करने से शीर्ष क्रम को कुछ मजबूती मिली है। भारत इस मैच में अपनी शानदार लय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखेगा, जबकि श्रीलंका एक और दमदार प्रदर्शन करके प्रतियोगिता में बने रहना चाहेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पीएम बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा

### ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव में लेबर पार्टी को मिली जीत

# एंथनी अल्बनीज दूसरी बार बने पीएम पीएम मोदी ने शानदार जीत की दी बधाई

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पीएम बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। विपक्षी नेता पीटर डटन ने शनिवार के चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने इस (चुनाव प्रचार) अभियान के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, यह स्पष्ट हो गया है, और मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं।



### शानदार जनादेश स्थायी विश्वास दर्शाता: पीएम

*पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एंथनी अल्बनीज को उनकी शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एंथनी अल्बनीज को शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई! यह शानदार जनादेश आपके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई लोगों के स्थायी विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं।*

### ऑस्ट्रेलिया में सभी को वोट डालना जरूरी

*ऑस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां पीएम बनने के लिए उम्र तय नहीं है।*

## सिंगापुर में हुए चुनाव, सत्तारूढ़ पीएपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी में कड़ा मुकाबला

### शाम पांच बजे तक 82 प्रतिशत मतदान हुआ

सिंगापुर सिटी। सिंगापुर में शनिवार को संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग हुई। इस चुनाव



में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच है। इन दोनों के अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में हैं। चुनाव का परिणाम 4 मई को आएगा। मतदान के लिए विद्यालयों, सार्वजनिक आवास ब्लॉकों और अन्य क्षेत्रों में 1,200 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए थे और मतदान के लिए 12 घंटे की अवधि तय की गई थी। सिंगापुर में मतदान अनिवार्य है, जहां लगभग 27.6 लाख मतदाता हैं। पीएपी पहले ही 97 संसदीय सीट में से 5 पर निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी है। वर्तमान में पीएपी के लॉरेंस वॉन्ग सिंगापुर के पीएम हैं।

## पाकिस्तान के 'अब्दाली' बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण पर भारत की दो टूक

# तनाव बढ़ाने के लिए लापरवाही के साथ की गई उकसावे वाली कार्रवाई, खतरनाक ढंग से बिगड़ेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की सख्त जवाबी कार्रवाई से घबराया पाकिस्तान जहां दुनियाभर के देशों से मदद से गुहार लगा रहा है। तो दूसरी तरफ वह अपने सैन्य हथियारों के परीक्षण से भारत को गीदड़भभकी देने की कोशिश भी कर रहा है। शनिवार को इसकी मिसाल पेश करते हुए पाकिस्तान ने सोनमियानी रेंज से सतह से सतह पर मार करने वाली 'अब्दाली' बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण का दावा किया है। जिसकी रेंज करीब 450 किलोमीटर है। भारत ने पाक के इस परीक्षण को लेकर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि दोनों देशों के बीच मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच पाकिस्तान का यह सुनियोजित मिसाइल परीक्षण का कदम जानबूझकर आग में घी डालने और लापरवाही के साथ की गई उकसावे वाली कार्रवाई है। जिससे दोनों देशों के बीच हालात खतरनाक ढंग से बिगड़ेंगे। इसे पाक की हताशा में तनाव



बढ़ाने का कुटिल प्रयास माना जाएगा।

### कई दिनों से परीक्षणों का रोना रो रहा था पाक

यहां बता दें कि पाकिस्तान ने पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ही सैन्य हथियारों के परीक्षण का नापाक इरादा जाहिर किया था। लेकिन बीते 2 मई तक ऐसा कुछ नहीं किया। लेकिन अब इस परीक्षण को अंजाम दिया गया है। समूचे घटनाक्रम के बीच अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, यूरोपीय संघ सहित दुनिया के कई देशों ने जम्मू-कश्मीर में हुए हमले की निंदा करते हुए भारत और पाकिस्तान से तनाव को कम करने की अपील की है। उधर, पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में अपने इस मिसाइल परीक्षण को इंडस अभ्यास का हिस्सा बताते हुए दुनिया के सामने अपनी नापाक कार्रवाई पर पर्दा डालने की कोशिश की है।

### भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण अभियान

पाकिस्तान का यह परीक्षण भारत के खिलाफ उसके शत्रुतापूर्ण अभियान का हिस्सा है। लेकिन वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सशस्त्र सेनाओं को आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए खुली रणनीतिक छूट का निर्देश दे दिया है। जिसमें सेनाएं अपने हिसाब से अपनी सैन्य कार्रवाई को लेकर समय, लक्ष्य और उससे जुड़ी प्रक्रिया तय करेंगी। पीएम ने आतंकवाद के खात्मे को भारत का दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प करार दिया है। इसके साथ ही भारत पहलगाम हमले के जवाब में आतंकवाद के सीमा-पार मौजूद संपर्कों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी दृढ़ता के साथ प्रतिबद्ध है।

### एलओसी पर गोलीबारी संग करता परीक्षण

*मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि पाकिस्तान पागलपन के साथ नौसैन्य चेतावनियां जारी कर रहा है। जिससे वह अरब सागर में अपनी नौसैन्य तैयारी को मजबूत बनाए रखना चाहता है। साथ ही जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम उल्लंघन कर भारतीय सेना की चौकियों को निशाना बनाते हुए उन पर गोलीबारी कर रहा है। पिछले 2-3 मई की रात में भी पाक सेना ने एलओसी पर गोलीबारी की है। इन सबके बीच भारत ने भी खुले तौर पर कहा है कि आतंकवादी हमले से जुड़े अपराधियों, योजनाकारों और समर्थकों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए।*

### भारत ने उठाए ये सख्त कदम

*हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें सिंधु जल समझौते को रद्द करने से लेकर एकीकृत अटारी चेकपोस्ट बंद करने, कूटनीतिक संबंधों को ठंडे बस्ते में डालना, एयरस्पेस बंद करने, पाक से निर्यात पर पूर्ण पाबंदी और डाक व पार्सल सेवाओं पर पाबंदी लगाई गई है। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी हवाई सीमा पर भारत के लिए बंद कर दी है। साथ ही सभी तरह का व्यापार और द्विपक्षीय समझौतों को रद्द किया है।*

## भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ एमओयू

# दोनों देशों ने नए सांस्कृतिक समझौते पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की मंत्री लिसा नंदी इस हफ्ते अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत दौरे पर हैं। नई दिल्ली में उन्होंने भारत के संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। दोनों देशों ने एक नए सांस्कृतिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन और भारत कला और रचनात्मक क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करते हैं। यह समझौता हमारे कलाकारों, सांस्कृतिक संस्थानों और रचनात्मक व्यवसायों के लिए सहयोग, नवाचार और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलेगा।

### सांस्कृतिक संपत्ति की मिलकर करेंगे

इस नए समझौते के क्रियान्वयन में भारत में ब्रिटिश काउंसिल और भारतीय संस्कृति मंत्रालय की भागीदारी होगी। साथ ही ब्रिटेन की आर्ट्स काउंसिल इंग्लैंड, ब्रिटिश लाइब्रेरी, ब्रिटिश म्यूजियम, नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, साइंस म्यूजियम ग्रुप और वी एंड ए म्यूजियम जैसी प्रमुख सांस्कृतिक संस्थाएं भी इसमें शामिल होंगी। विभाग ने कहा कि इस पहले ब्रिटिश म्यूजियम को ऐसी नई साझेदारियां शुरू करने का मौका मिलेगा, जिनमें प्रदर्शनियों या जन केंद्रित कार्यक्रमों के जरिए ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय को जोड़ा जा सकेगा।

### आतंकवाद के खिलाफ ब्रिटेन हमेशा भारत के साथ

लिसा नंदी ने पहलगाम हमले को लेकर कहा, हमारे पीएम कीर स्टार्मर ने सीधे पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी संवेदनाएं भेजी हैं और इस खौफनाक हमले में मार गए लोगो के परिवारों के प्रति संवेदन व्यक्त की है। उन्होंने आगे कहा, आतंकवाद के खिलाफ ब्रिटेन हमेशा भारत के साथ खड़ा है, चाहे वह किसी भी रूप में हो। हम जानते हैं कि भारत इस हमले से बहुत आहत है और भारत के साथ हमारा बहुत पुराना और गहरा संबंध है।




Terms and conditions apply. #Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. #The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**